सुप्रभात
रांची, बुधवार
06.12.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net अगहन, कृष्ण पक्ष, नवमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 143



12 फिल्म डंकी का ट्रेलर रिलीज

## न्यूज डायरी

### झाप्रसे के दो अफसरों को निंदन की सजा

रांची। राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारियों को अलग-अलग मामले में निंदन की सजा दी है। लातेहार बरवाडीह के तत्कालीन बीडीओ राकेश सहाय और मधुपुर के तत्कालीन सीओ परमेश्वर कुशवाहा को निंदन की सजा दी गयी है।

### रिम्स से फरार चेन स्नैचर पुंदाग से गिरफ्तार

रांची। रिम्स से फरार चेन स्नैचर शाकिब उर्फ देवा को पुलिस ने दो दिन बाद पुंदाग ओपी इलाके से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसकी पत्नी को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस को चकमा देने के लिए वह वहां अपना नाम बदलकर पत्नी के साथ रहने पहुंचा था। लेकिन गुप्त सूचना पर पुलिस पकड़ ली।

### रेवंत रेड्डी होंगे तेलंगाना के अगले मुख्यमंत्री

तेलंगाना। लगातार कशमकश के बाद तेलंगाना में मुख्यमंत्री पद के लिए नाम का ऐलान हो गया है। सात दिसंबर को रेवंत रेड्डी सीएम पद की शपथ लेंगे। आलाकमान ने तेलंगाना राज्य में कांग्रेस के चीफ और जीत में बड़ा योगदान देने वाले रेवंत रेड्डी के नाम पर मुहर लगा दी है। गुरुवार को सुबह 11 बजे उनका शपथ ग्रहण कार्यक्रम होगा।

### चतरा : भतीजे ने हंसुआ से चाचा का गला काटा

चतरा। सिमरिया थाना क्षेत्र के खपीया में सोमवार की रात घरेलू विवाद में भतीजे ने हंसुआ से चाचा की गर्दन काट कर हत्या कर दी। मृतक भोले शंकर साव खाद-बीज विक्रेता था, जबकि उसका भतीजा प्रमोद फलों की दुकान चलाता है। चाचा-भतीजा में दुकान और भूमि संबंधी विवाद लंबे समय से था।

### खालिस्तानी आतंकी लखबीर सिंह की मौत

नयी दिल्ली। भारत के सर्वाधिक वांछित लोगों में शामिल खालिस्तानी आतंकवादी लखबीर सिंह रोडे (72) की पाकिस्तान में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गयी है। वह जरनैल सिंह भिंडरावाले का भतीजा था। लखबीर खालिस्तानी अलगाववादी आंदोलन का ब्रेन था।

### सीआइडी फेम दिनेश फड़नीस का निधन

मुंबई। जाने माने टीवी एक्टर दिनेश फड़नीस (57) का मंगलवार को निधन हो गया। वे सोनी टीवी के लोकप्रिय क्राइम शो सीआइडी में एक सीआइडी अधिकारी फ्रेडरिक्स का मशहूर किरदार निभा रहे थे। उनका निधन कांदिवली के तुंगा अस्पाल में उन्होंने अंतिम सांस ली।

### देश के आर्थिक विकास को विपक्ष ने नकारा

नयी दिल्ली। भारत के दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ने के आंकड़ों को विपक्ष ने खारिज करते हुए मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि संपदा का निर्माण हो रहा है, लेकिन इसका समान वितरण नहीं हो रहा है। साथ ही महंगाई और बेरोजगारी से लोग बुरी तरह प्रभावित हैं जबकि सत्ता पक्ष ने संपदा के समान वितरण होने का दावा किया।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 59,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 78,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## चक्रवाती तूफान माइचौंग ने दक्षिण के राज्यों में मचायी तबाही, कई मौत, विमान-ट्रेन सेवा बाधित

# झारखंड में भी अलर्ट, सात तक तूफान-बारिश की आशंका

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। चक्रवात तूफान माइचौंग दक्षिण राज्य तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में भीषण कहर ढा रहा है। अबतक 12 से भी अधिक लोगों की मौत की खबर है। भारी बारिश के कारण कई ट्रेनें और फ्लाइट को रद्द कर दिया गया है। सड़कें पानी से भर गयी है।

इस तूफान का असर झारखंड के कुछ हिस्सों में देखा जा रहा है। मंगलवार सुबह दस बजे तक राज्य के दक्षिणी जिलों में बारिश रिकॉर्ड किया गया। तूफान के मद्देनजर राज्य में पांच से सात दिसंबर तक झारखंड के कई इलाकों में बारिश की आशंका को ले कर अलर्ट जारी किया गया है। बिजली विभाग भी अलर्ट मोड पर है। रांची एरिया बोर्ड के जीएम ने बिजली अफसरों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिये हैं।

साथ ही मेंटेनेंस कर्मियों को भी आवश्यक निर्देश दिये गये हैं ताकि बिजली व्यवस्था में परेशानी ना हो। रांची मौसम विज्ञान केंद्र की जानकारी के अनुसार मंगलवार से ही चक्रवाती तूफान का असर देखा जा रहा है। तूफान के मद्देनजर राज्य में सात दिंसबर तक बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है।

**नौ से साफ होगा मौसम :** अभिषेक कुमार ने बताया कि गुरुवार (सात दिसंबर) तक राज्य के दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य इलाके में बारिश होगी। इन हिस्सों में पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, सिमडेगा, रांची, खूंटी, रामगढ़, हजारीबाग जिला शामिल है। इस दौरान राज्य के अन्य हिस्सों में बादल छाये रहेंगे। वहीं, पूर्वी हवाएं चलने से हल्की ठंड और हवा में नमी भी महसूस की जायेगी। विभाग की मानें तो आठ दिसंबर को राज्य में आंशिक बादल छाये रहेंगे। वहीं, नौ दिसंबर से राज्य का मौसम साफ होगा। इसके साथ ही तापमान में तीन डिग्री तक की गिरावट दर्ज की जायेगी। हालांकि इस दौरान सुबह और शाम के वक्त कोहरा और धुंध का असर देखा जायेगा। न्यूनतम 16 डिग्री और अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।



**खूंटी में फसलों को भारी नुकसान**

खूंटी और आसपास के इलाकों में सोमवार की देर रात से हो रही लगातार बारिश से आम जन जीवन बुरी तरह प्रभावित हुई। मंगलवार को भी सुबह से पूरे इलाके में झमाझम बारिश से लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों और रोज कमान-खाने वालों को हो रही है। बरसात से धान और मडुवा की फसल को भारी नुकसान हुआ है। धान और मडुवा की फसल अभी खेत-खलिहान में ही पड़ी हुई है। किसानों ने अपनी फसल को काटकर खलिहान में रख दिया है। बारिश के कारण धान और मडुवा फसल के खराब होने की आशंका किसान जता रहे हैं।

**रूक-रूक कर हो रही बारिश :** राजधानी रांची समेत कई जिलों में मंगलवार सुबह से ही बूंदाबांदी हो रही हैं। रुक-रुक कर बारिश होने से जनजीवन पर भी असर दिख रहा है। खूंटी के तोरपा प्रखंड में सबसे अधिक 9.6 मिमी बारिश रिकॉर्ड किया गया।

(शेष पेज 11 पर)

## धनबाद जेल में मर्डर पर हाइकोर्ट ने आइजी से मांगी जांच रिपोर्ट

# एसआइटी जांच पर सरकार से मांगी राय

- जेल आइजी ने वर्चुअल रूप से दी पूरी जानकारी
- 12 दिसंबर को होगी इस मामले की अगली सुनवाई

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। धनबाद जेल में बंद गैंगस्टर अमन सिंह की हत्या को लेकर झारखंड हाइकोर्ट ने साजिश की आशंका जतायी है। मुख्य न्यायाधीश संजय मिश्रा की अदालत ने मौखिक रूप से महाधिवक्ता से कहा कि इसकी जांच एसआइटी से करायी जानी चाहिए, पर इसपर फैसला राज्य सरकार को लेना है। सरकार अपनी राय दे। इस मामले की अगली सुनवाई 12 दिसंबर को होगी। कोर्ट ने जेल में हत्या मामले पर अबतक की गयी जांच की जेल आइजी से रिपोर्ट भी मांगी है। मंगलवार को सुनवाई के दौरान जेल आइजी उमाशंकर सिंह कोर्ट के समक्ष वर्चुअल रूप से उपस्थित हुए और कोर्ट के सवालों का जवाब दिया।

**हाइकोर्ट को बताया गया :** सुनवाई के दौरान जेल आइजी की ओर से बताया गया की एडीएम लॉ एंड ऑर्डर एवं अपर समाहर्ता एवं सिटी एसपी धनबाद द्वारा जेल में सुरक्षा की चूक की जांच की जा रही है। तीन सदस्यीय कमेटी जांच कर रही है। इसके अलावा सीआइडी आइजी भी जांच पड़ताल कर रहे हैं। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट को जानकारी दी गयी कि अब हुई जांच में जेल से दो पिस्टल, 6 मोबाइल फोन बरामद किया है। गोली चलाने वाले की पहचान कर ली गयी है। मामले में चार प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। मुख्य आरोपी सुंदर महतो को रिमांड पर लिया गया है। घटना को लेकर धनबाद के जेलर समेत 7 कक्षापालों को निलंबित कर दिया गया है। कोर्ट को बताया गया कि 23 कैदियों को राज्य के दूसरे जेल में शिफ्ट किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि रविवार को धनबाद जेल के अंदर अमन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। कोर्ट ने मामले को सोमवार को संज्ञान लेते हुए जेल आइजी को तलब किया था। कुख्यात शूटर अमन सिंह धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर और कांग्रेस नेता नीरज सिंह की हत्या मामले में लंबे समय से जेल में बंद था।




कोर्ट ने महाधिवक्ता राजीव रंजन से जानना चाहा कि क्या इस मामले में वृहत षड्यंत्र और पॉलिटिकल एंगल को देखते हुए राज्य सरकार मुख्यालय स्तर पर एसआइटी बनाने पर विचार कर सकती है या नहीं। अगली सुनवाई में कोर्ट को बतायें। साथ ही कोर्ट ने मामले में तीन सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने को कहा है। मामले की सुनवाई हाइब्रिड मोड में मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन एवं अधिवक्ता पियूष चित्रेश ने सरकार की ओर से पक्ष रखा।

## सीएम की घोषणा : फूलो-झानो योजना में अब महिलाओं को 50,000

# केंद्र की तरह मुर्गीखाना नहीं हम इंसानों वाला आवास देंगे

- बड़ी पार्टीवालों के झांसे में न आयें, सतर्क रहें
- हर व्यक्ति के विकास को लेकर सरकार प्रतिबद्ध
- 2025 तक झारखंड को सशक्त बनाने का लक्ष्य

खबर मन्त्र ब्यूरो

कोडरमा, रांची। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम से आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, महिला, युवा, किसान, मजदूर और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाएं पहुंच रही है। मंगलवार को कोडरमा के बागीटांड़ स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने घोषणा की कि फूलो-झानो आशीर्वाद योजना के तहत महिलाओं को सम्मानजनक आजीविका से जोड़ने के लिए अब 50 हजार रुमिलेंगे। कार्यक्रम में सीएम ने एक ओर झारखंड सरकार की योजनाओं से हो रहे फायदे गिनाये तो दूसरी ओर केंद्र और पूर्व की सरकारों पर जमकर निशाना साधा। कहा कि केंद्र सरकार मुर्गीखाना देती थी और हम इंसानों वाला आवास देंगे। राज्य सरकार अब अपने बलबूते 8 लाख लोगों को तीन कमरों वाला मकान देगी। इसके लिए शुरू की गयी अबुआ आवास योजना के लिए 16 हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है। खुद को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी ने राज्य को पिछड़ा बना दिया। कुछ षड्यंत्रकारी ऐन केन प्रकारेण झूठ-सच बोलकर आपकी आंखों में धूल डालते हैं।

(शेष पेज 11 पर)



**हड़िया-दारू बेचने वालों का सम्मान**

सीएम ने कहा कि फूलो-झानो आशीर्वाद योजना के माध्यम से हड़िया-दारू बेचने वाली महिलाओं को सम्मानजनक आजीविका से जोड़ा जा रहा है। पहले इसके लिए सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक सहायता के रूप में 10 हजार रुपये दिये जाते थे, जिसे अब बढ़ाकर 50 हजार रुपए करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को योजनाओं से जोड़कर भागीदार बनाने को सरकार प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम के तहत लग रहे शिविरों से दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले गरीबों की समस्याओं और उनकी तकलीफों की वास्तविकता सामने आ रही है।

**पिछड़ेपन के टैग को खत्म करेंगे**

मुख्यमंत्री ने कहा- हमारी सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2025 तक झारखंड के साथ लगे पिछड़ेपन के टैग को समाप्त करेंगे और विकास की एक लंबी लकीर खीचेंगे। झारखंड को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमारी सरकार पूरी ताकत के साथ काम कर रही है। पिछले दो दशकों के दौरान तमाम संसाधनों से धनी होने के बाद भी इस राज्य को मजबूत करने के प्रति कोई गंभीरता देखने को नहीं मिली।

# रांची के बर्लिन अस्पताल में इडी की रेड, कागजात जब्त

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राजधानी रांची के बरियातू रोड स्थित बर्लिन अस्पताल में मंगलवार को इडी ने कार्रवाई की गयी। बताया जा रहा है कि इडी ने छापेमारी जमीन घोटाले में की है। बर्लिन अस्पताल राज्य के एक बड़े अधिकारी की पत्नी का है। जमीन के कागजात में गड़बड़ी कर इस अस्पताल का निर्माण करने का मामला उजागर किया गया है। अस्पताल से जब्त कागजात की इडी की टीम जांच कर रही है। अस्पताल के नक्शे की जांच के अतिरिक्त इडी द्वारा पूरे अस्पताल के जमीन की मापी के लिए अपने साथ अमीन भी गये हुए थे। अमीन की निगरानी में जमीन की मापी हुई।




**क्या है पूरा मामला :** ये पूरा मामला रांची बड़गाईं अंचल के खाता संख्या 54, प्लॉट नंबर 2711 की 12 कटटा जमीन से संबंधित है। इस मामले में इडी को यह जानकारी मिली थी कि जमीन गलत तरीके से खरीदी गयी है।

(शेष पेज 11 पर)

## कांग्रेस ऐसी हारी, अब बिछड़ रहे सभी बारी-बारी

# नेताओं के नहीं आने से *इंडिया* की बैठक टली

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस पार्टी को तीन राज्यों में मिली हार के बाद गठबंधन के साथियों ने आंख दिखाना शुरू कर दिया है। बुधवार को इंडिया गठबंधन की होने वाली बैठक कई बड़े नेताओं द्वारा शामिल होने के इनकार करने की वजह से टल गयी। कांग्रेस ने बुधवार को इंडिया गठबंधन की बैठक दिल्ली में बैठक बुलायी थी, पर पांच बड़े नेताओं के शामिल होने से इनकार करने के बाद मीटिंग को टाल दिया गया है। अब यह मीटिंग 18 दिसंबर को होगी।



**अभी तक हुई हैं तीन बैठकें**

अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए का मुकाबला करने के लिए 26 विपक्षी दलों ने इंडिया गठबंधन बनाया है। गठबंधन की अब तक तीन बैठक पटना, बेंगलुरु और मुंबई में हो चुकी हैं। गठबंधन के घटक दलों के नेताओं की पिछले दिनों मुंबई में हुई बैठक में गठबंधन के भविष्य के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के लिए 14 सदस्यीय समन्वय समिति का गठन किया गया था। समन्वय समिति विपक्षी गठबंधन की शीर्ष निर्णय लेने वाली संस्था के रूप में कार्य करेगी।

**हेमंत ने कहा- बिजी हूं, प्रतिनिधि जायेगा**

सीएम हेमंत सोरेन अपने व्यस्त कार्यक्रमों के कारण दिल्ली नहीं जा सकेंगे। गिरिडीह में सीएम ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से उनकी इस बारे में बात हुई है। उन्होंने कहा कि अभी काफी व्यस्तता है, ऐसे में वे तो बैठक में शामिल होने दिल्ली नहीं जा सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वे देखते हैं कि उनकी तरफ से कोई प्रतिनिधि जा सके। उन्होंने कहा कि कोई विवाद नहीं है।

# जयपुर में करणी सेना के अध्यक्ष की दिनदहाड़े हत्या

- गैंगस्टर रोहित गोदारा ने ली जिम्मेदारी, राज्यपाल ने मांगी रिपोर्ट

एजेंसी

जयपुर। श्याम नगर इलाके में श्री राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की बदमाशों ने दिनदहाड़े गोली मार कर हत्या कर दी। गोगामेड़ी को चार गोलियां लगी थी। फायरिंग में गोगामेड़ी के साथ गोली लगने से युवक नवीन शेखावत की भी मौत हो गयी। दिनदहाड़े फायरिंग से शहर में दहशत का माहौल है। गोगामेड़ी की हत्या की जिम्मेदारी रोहित गोदारा ने ली है। राज्यपाल ने हत्याकांड की रिपोर्ट डीजीपी से मांगी है। गोली लगने के बाद सुखदेव सिंह को मानसरोवर स्थित एक प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



# तीन राज्यों में सीएम पद को ले मोदी और नड्डा में मंथन

एजेंसी

नयी दिल्ली। राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा की प्रचंड जीत के बाद मुख्यमंत्री पद को लेकर मंथन जारी है। इस बीच प्रधानमंत्री आवास पर पीएम मोदी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के बीच बड़ी बैठक हुई। बैठक में नये मुख्यमंत्री को लेकर चर्चा की गयी। सूत्रों के अनुसार शिवराज पांचवीं बार सीएम बन सकते हैं। छत्तीसगढ़ में गोमती साय फ्रंट रनर। राजस्थान में चौंकाने वाला नाम भी सामने आ सकता है। तीन राज्यों में चुनाव जीतने के बाद भी पार्टी ने अभी तक किसी राज्य में सीएम के नाम को लेकर किसी तरह का ऐलान नहीं किया है।

**छत्तीसगढ़ में आदिवासी दांव भी संभव :** छत्तीसगढ़ में लगातार 15 साल तक सरकार चलाने के बाद भाजपा को 2018 में हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन इस बार के विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री के करिश्माई छवि के कारण भाजपा ने फिर से सूबे में वापसी की है। पार्टी के इस जीत में आदिवासियों का अहम योगदान बतायाा जा रहा है। ऐसे में पार्टी यहां आदिवासी नेता पर दांव लगाना चाहती है। आदिवासी समाज की रेणुका सिंह कतार में हैं। वह सरगुजा संभाग से ये आती हैं। सरगुजा की सभी 14 सीटें भाजपा ने जीती ली है।

(शेष पेज 11 पर)

**एमपी में शिवराज का राज खत्म करना आसान नहीं**



मध्य प्रदेश में अपने विकास कार्यों के दम पर शिवराज सिंह चौहान पिछले 18 साल से सत्ता सुख भोग रहे हैं। इसके अलावा उनकी साफ सुथरी छवि के साथ ही उनके पिछड़े समाज से आना उनकी मजबूती को दिखाता है। पार्टी भी राज्य में पिछड़े समाज से ही मुख्यमंत्री बनाना चाहती है। इस बीच सूत्रों से जानकारी मिली है कि मध्य प्रदेश में सीएम शिवराज सिंह चौहान को ही राज्य की कमान मिल सकती है। हालांकि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री को लेकर दिल्ली के भाजपा मुख्यालय में बैठक चल रही है। ऐसे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा।

## संसद में बोले शाह- सौगत राय की टिप्पणी आपत्तिजनक

# एक देश में दो प्रधान, दो निशान व दो संविधान नहीं चल सकता

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि देश में 'एक ध्वज, एक प्रधानमंत्री, एक संविधान' की अवधारणा कोई राजनीतिक नारा नहीं है। भाजपा इस सिद्धांत में दृढ़ता से विश्वास करती है तथा उसने जम्मू कश्मीर में आखिरकार यह कर दिखाया है। लोकसभा में तृणमूल कांग्रेस के सदस्य सौगत राय ने कहा कि देश में एक निशान, एक प्रधान, एक संविधान एक राजनीतिक नारा था। इस पर शाह ने आश्चर्य जताया कि एक देश में दो प्रधानमंत्री, दो संविधान और दो ध्वज कैसे हो सकते हैं। उन्होंने सौगत राय की टिप्पणियों को आपत्तिजनक करार दिया।



विपक्षी सदस्यों की एक टिप्पणी का जवाब देते हुए, शाह ने कहा, जिसने भी यह किया था, वह गलत था। पीएम मोदी ने इसे सही किया है। आपकी सहमति या असहमति कोई मायने नहीं रखती, पूरा देश यह चाहता था। शाह की यह टिप्पणी जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने के स्पष्ट संदर्भ में की गयी थी।

(शेष पेज 11 पर)

### महाधिवक्ता ने रखा पक्ष, झारखंड हाईकोर्ट ने की मौखिक टिप्पणी

# साइबर क्राइम मामले में दर्ज हो एफआइआर पीड़ितों की राहत के लिए सरकार बनाये फंड

### सीआइडी के डीजी अनुराग गुप्ता सशरीर कोर्ट में हुए उपस्थित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने साइबर फ्रॉड के शिकार लोगों के पैसे की वापसी मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान पर मंगलवार को सुनवाई की। हाईकोर्ट के जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मौखिक रूप से कहा कि झारखंड में साइबर फ्रॉड के मामले में शिकायत दर्ज होने तुरंत बाद एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए।

वहीं सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने बताया कि साइबर क्राइम के 5000 से ज्यादा छोटे-बड़े मामले आते हैं। ऐसे में एफआईआर दर्ज करना संभव नहीं होगा। इस पर खंडपीठ ने कहा कि साइबर क्राइम के प्रभावितों को उनके पैसे वापस दिलाने के लिए एफआईआर होना जरूरी है। खंडपीठ ने यह भी कहा की ऐसा भी एक प्रावधान होना चाहिए, जिससे पैसा बैंक से क्रेडिट होने के बाद लोगों को मोबाइल पर मैसेज आए कि उनके पैसे किसके खाते में गए हैं। इससे साइबर क्राइम के आरोपियों के अकाउंट को तुरंत सीज करने में सहायता मिलेगी। इससे पहले महाधिवक्ता ने कोर्ट के समक्ष बताया कि साइबर क्राइम रोकने के लिए सरकार द्वारा प्रयास किये जा रहे हैं। उन प्रयासों को चार्ट के माध्यम से प्रस्तुत भी किया।

*खंडपीठ ने मौखिक टिप्पणी में कहा कि गुजरात में साइबर क्राइम के शिकार लोगों के पैसे वापस करने को लेकर एक मॉडल तैयार किया है, उससे बेहतर मॉडल झारखंड में तैयार होना चाहिए।*



कोर्ट ने सरकार को सुझाव दिया कि साइबर ठगी के शिकार लोगों को तात्कालिक राहत के लिए उनके पैसे वापसी के लिए कॉरपस फंड बनाया जाना चाहिए। साइबर फ्रॉड के बाद इस क्राइम को करने वालों के बैंक अकाउंट सीज करने के लिए एक मेकैनिज्म तैयार किया जाना चाहिए। साइबर फ्रॉड करने वालों के बैंक अकाउंट सीज करने के लिए मैन्युअल व्यवस्था के तहत बैंकों में कुछ कर्मचारियों को लगाया जाना चाहिए।

#### अगली सुनवाई 18 को

कोर्ट में मामले की अगली सुनवाई 18 दिसंबर निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता सशरीर कोर्ट में उपस्थित थे। वहीं मामले में इंडियन साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर के वरीय अधिकारी ने देश में साइबर क्राइम की रोकथाम को लेकर सरकार द्वारा किए गए किए मेकैनिज्म की जानकारी दी। दरअसल, सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने साइबर क्राइम फ्रॉड रोकथाम एवं इसके शिकार लोगों की पैसा वापसी को लेकर एक पत्र हाई कोर्ट को लिखा था, जिस पर कोर्ट ने स्वत संज्ञान लिया है।

### झारखंड हाइकोर्ट ने जारी दिया आदेश

## पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को दस्तावेज के साथ 12 दिसंबर को सशरीर उपस्थित होने का आदेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जमशेदपुर में वर्ष 2007-8 में देसी शराब की मैन्युफैक्चरिंग को लेकर दिये गये लाइसेंस की फीस की वापसी से संबंधित मामले में राज्य सरकार की अपील की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में मंगलवार को हुई। मामले में कोर्ट ने 12 दिसंबर को पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री एवं मामले से जुड़े संबंधित व्यक्ति को कोर्ट में दस्तावेज के साथ सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 2007-8 में रामजी प्रसाद को देसी शराब की मैन्युफैक्चरिंग के लिए लाइसेंस दिया गया था, जिसके लिए उन्होंने लाइसेंस फीस जमा किया था। देसी शराब की मैन्युफैक्चरिंग के बाद सरकार उन्हें रिटेल शॉप देती जिसमें उनके द्वारा शराब बेची जानी थी। सरकार का कहना था कि लाइसेंस के उक्त 1 साल में रामजी प्रसाद ने शराब की मैन्युफैक्चरिंग नहीं की, जिस वजह से उन्हें दुकान अलॉट नहीं किया गया था। कोर्ट को सरकार द्वारा यह भी बताया गया था कि लाइसेंस फीस वापसी का कोई प्रावधान नहीं है।

दरअसल, रामजी प्रसाद का कहना है कि उन्होंने वर्ष 2007-8 में शराब का लाइसेंस मिलने के बाद इसका मैन्युफैक्चर किया, लेकिन सरकार ने रिटेल शॉप अलॉट नहीं किया, जिससे उनकी शराब नहीं बिक सकी। इसलिए उनका वर्ष 2007-08 की शराब मैन्युफैक्चरिंग की लाइसेंस फीस लौटायी जाये। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सरकार का पक्ष देखते हुए अगली सुनवाई 12 दिसंबर को पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को कोर्ट में सशरीर उपस्थित होने को कहा है।

## पीएलएफआई के जेठा कच्छप को नहीं मिली जमानत

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने पीएलएफआई के जोनल कमांडर जेठा कच्छप को जमानत देने से इनकार कर दिया है। जेठा कच्छप ने जमानत के लिए हाईकोर्ट में गुहार लगाई थी। उसकी याचिका पर चीफ जस्टिस की बेंच में सुनवाई हुई। बचाव पक्ष और सरकार का पक्ष सुनने के बाद अदालत ने उसे जमानत देने से इनकार कर उसकी याचिका खारिज कर दी। राज्य सरकार की ओर से पक्ष रखते हुए अधिवक्ता भोला नाथ ओझा ने दलील दी कि जेठा कच्छप के खिलाफ कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं और यह प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई का प्रमुख सदस्य है। इसलिए इसे जमानत नहीं दी जानी चाहिए। उनकी दलील सुनने के बाद अदालत ने जेठा कच्छप की याचिका खारिज कर दी। जेठा ने जिस मामले में जमानत याचिका दाखिल की थी वह खूंटी के कर्रा थाना से जुड़ा हुआ है।

# झामुमो की सरकार में आदिवासी सबसे ज्यादा मुसीबत झेल रहा : अरुण उरांव

### मुख्यमंत्री के बयान पर दी प्रतिक्रिया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा वरिष्ठ नेता एवं पूर्व आईपीएस अधिकारी डॉ अरुण उरांव ने मंगलवार को मुख्यमंत्री के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रोज जनता को दिग्भ्रमित कर रहे हैं। आदिवासी समाज को अपने लोक लुभावन बयानों से बरगलाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जब बाड़ ही खेती को खाने लग जाये तो फिर कौन बचायेगा। उन्होंने कहा कि आज आदिवासी समाज अपनी स्मिता, पहचान, जल, जंगल, जमीन की सुरक्षा को लेकर चिंतित है। आदिवासी जमीन की लूट हो रही है। इसमें मुख्यमंत्री और उनके परिवार के लोग ही शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि सरकारी स्तर पर जनजाति युवाओं के लिए आरक्षित आद्यौगिक भूमि को मुख्यमंत्री ने अपनी कलम से परिजन के नाम आवंटित कर दिया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार की शुरूआत ही आदिवासियों की निर्मम हत्या से हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य के होनहार आदिवासी युवाओं, महिलाओं की हत्या हेमंत सरकार की उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को बताना चाहिये कि होनहार दरोगा रूपा तिर्की की संदेहास्पद मौत कैसे हुई। दरोगा संध्या टोपनो की हत्या करने वाले गो तस्करों का मनोबल किसने बढ़ाया है। हाल ही में संजय पाहन की हत्या हुई। उन्होंने कहा कि दरअसल हेमंत सोरेन अपनी नाकामी और विफलताओं से घिर चुके हैं। इसलिए नये-नये भावनात्मक बयानों से आदिवासी समाज को खुश करने की कोशिश करते हैं।

### डीपीआर निर्माण के लिए कंसल्टेंसी चयन की प्रक्रिया शुरू

# गिरिडीह रेलवे स्टेशन के समीप झरिया गड़ी में बनेगा आरओबी

### विभाग ने निर्माण कार्य के लिए तीन माह में डीपीआर तैयार करने को कहा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** गिरिडीह रेलवे स्टेशन के समीप रेल ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जायेगा। पथ निर्माण विभाग में इसके निर्माण का निर्णय लिया है। इसका डीपीआर तैयार करने के लिए इंजीनियरों को निर्देश दिया गया है। विभाग ने डीपीआर निर्माण के लिए कंसल्टेंसी के चयन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। यह आरओबी गिरिडीह रेलवे स्टेशन के पास झरिया गड़ी में बनाया जायेगा। पथ निर्माण विभाग ने 3 माह में इसके निर्माण के लिए डीपीआर तैयार कर मांगा है। डीपीआर तैयार होने के बाद अभियंता प्रमुख के स्तर पर इसकी समीक्षा की जायेगी। इसके बाद सरकार से मंजूरी ली जायेगी। काफी व्यस्त इलाका होने की वजह से यह आरओबी काफी महत्वपूर्ण होगा। पथ निर्माण विभाग ने इसके अलावा गिरिडीह बाइपास में टुंडी की ओर जाने वाली सड़क को भी बनाने का फैसला लिया है। दो नयी सड़कें भी बनाई जायेगी। इसके निर्माण के लिए डीपीआर तैयार करने का निर्देश इंजीनियरों को दिया गया है।

# भाजपा संथाल परगना की सभी तीन लोस सीटों पर जीत दर्ज करेगी : बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा संथाल परगना की सभी तीनों लोकसभा सीट पर जीत दर्ज करेगी। श्री मरांडी मंगलवार को दुमका से लिट्टीपाड़ा तक मोटर साईकिल आदिवासी अधिकार रैली में भाग लिया। अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा करके श्री मरांडी का स्वागत किया। रैली को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड की विधि व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री रहते राज्य में कोई भी सुरक्षित नहीं है। राज्य में जल, जंगल, जमीन की लूट मची है। राज्य में आकंठ भ्रष्टाचार है। पुलिस वसूली में लगी है। दलाल, बिचौलिए और अपराधी बेखौफ हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में अलग राज्य दिया। राज्य का विकास भी भाजपा ने किया और आगे भी करेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आदिवासी समाज को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा सरकार ने अलग आदिवासी मंत्रालय बनाए। आज मोदी मंत्रीमंडल 8 केंद्रीय मंत्री जनजाति समाज से हैं। उन्होंने कहा कि आज देश के संवैधानिक प्रमुख राष्ट्रपति के पद पर आदिवासी समाज की बेटी द्रौपदी मुर्मू हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा संथाल परगना की सभी लोकसभा और विधानसभा सीट को जीतेगी। भाजपा का संथाल की जनता में मजबूत जनाधार है। आज भी तीन में से दो लोकसभा सीट भाजपा के पास है जबकि एक राजमहल सीट पर भाजपा ने कई बार जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा कि रैली में आदिवासी समाज का उत्साह यह साबित करता है कि जनता हेमंत सरकार से ऊब चुकी है।

# जेल में बंद कैदी भी अब नहीं रहे सुरक्षित : प्रदीप सिन्हा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने राज्य की जेलों में कुव्यवस्था के लिए झामुमो की अगुवाई वाली गठबंधन सरकार पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में असुरक्षा का माहौल है। सरकार का ढीला रवैया अपराधियों पर लगाम लगाने में असफल रहा है। उन्होंने कहा कि रांची और धनबाद जेल की घटना यह बताने के लिए काफी है। उन्होंने कहा कि जेल के अधिकारियों की मिली भगत से रसूखदार बंदियों को गैरवाजिब सुविधा भी मुहैया कराई जाती है। हैरत वाली बात है कि घातक हथियार भी जेल परिसर के भीतर पहुंच जाता है। उन्होंने कहा कि जेल के भीतर बंद अपराधी बेखौफ होकर मोबाइल फोन का उपयोग कर व्यापारियों एवं आम जनों को धमका कर पैसे वसूलते हैं। इस बात की पुख्ता जानकारी होने के बाद भी राज्य के जिलों में जैमर लगाने में सरकार की उदासीनता का खामियाजा आम जनों एवं व्यापारियों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पूरा राज्य अपराध पर अंकुश लगाने में सरकार की नाकामी का भुक्तभोगी है। उग्रवादी आये दिन ठेकेदारों को लेवी देने के लिए मजबूर कर रहे हैं। जान-माल की हानि पहुंचाकर भय का माहौल बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि देवघर, जामताड़ा, दुमका, रांची एवं अन्य जिले साइबर अपराधियों के लिए पनागाह साबित हो रहे हैं। सरकार उनके नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए संपत्ति जबती एवं कठोर कारावास का प्रावधान कर आम जनों की कमाई को लूटने से बचाये।

# दिव्यांग मतदाताओं के लिए भौतिक सुगमता के साथ डिजिटल सुविधा देने का किया जा रहा प्रयासः सीइओ

### निर्वाचन से जुड़ी वेबसाइट, एप तथा सोशल मीडिया की पहुंच दृष्टिबाधित मतदाताओं तक पहुंचाने को दी गयी ट्रेनिंग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन कार्यालय की ओर से मंगलवार को तकनीकी सुगमता को लेकर एक-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें सभी जिलों के जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी तथा जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित मुख्यालय के तकनीकी पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान उन्हें बताया गया कि वे निर्वाचन से जुड़े वेबसाइट, वेब पेज तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को कैसे रूपांतरित करें, ताकि दृष्टिबाधित सहित हर प्रकार की विकलांगताओं के मतदाता की निर्वाचन आयोग तक डिजिटल पहुंच हो। कार्यशाला में मुंबई एक्सआरसीवीसी तथा दिल्ली के एक्सेसिबिलिटी एक्सपर्ट्स ने अलग-अलग दो सत्रों में सभी जिलों से आए अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया।




मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार झारखंड में भी सभी मतदाताओं की भौतिक सुगमता जैसे रैंप, व्हीलचेयर, होम वोटिंग आदि के अलावा उनकी डिजिटल सुगमता जैसे सभी प्रकार के दिव्यांग मतदाताओं का आयोग की वेबसाइट, आयोग के मोबाइल एप तथा सोशल मीडिया हैंडल्स तक आसान पहुंच हो, इसके लिए प्रयास किया जा रहे हैं। यह कार्यशाला उन्हीं प्रयासों का एक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि राज्य मुख्यालय के साथ-साथ सभी जिलों की वेबसाइट को दिव्यांगों के अनुकूल बनाने के लिए सभी अधिकारी ईमानदार प्रयास करें। कार्यक्रम का संचालन उप निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन ओएसडी गीता चौबे ने किया। आमंत्रित विशेषज्ञों में मुंबई से जेवियर रिसोर्स सेंटर फॉर विजुअली चैलेंज्ड के वरिष्ठ विशेषज्ञ केतन कोठारी, सुशील पंडित तथा दिल्ली के कॉरपोरेट वकील तथा विषय विशेषज्ञ श्री अमर जैन शामिल हैं। इस दौरान जिलों के डीआईओ, डीपीआरओ तथा मुख्यालय के तकनीकी कर्मचारी मौजूद थे।

## 27 को होगी शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर गठित राज्य स्तरीय स्थापना समिति की बैठक

### यह जानकारी प्राथमिक शिक्षा निदेशक ने मंगलवार को सभी जिला शिक्षा अधीक्षकों को दी

### समिति की अनुशंसा के बाद अंतिम निर्णय राज्य स्तरीय स्थापना समिति द्वारा लिया जायेगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सालों से स्थानांतरण की राह देख रहे राज्य के सरकारी स्कूल के शिक्षकों के लिए अच्छी खबर है। प्रारंमिक विद्यालय के शिक्षकों के अंतर जिला स्थानांतरण के लिए 27 दिसंबर को राज्य स्तरीय स्थापना समिति की बैठक होगी। यह जानकारी प्राथमिक शिक्षा निदेशक ने मंगलवार को सभी जिला शिक्षा अधीक्षकों को दी है। निदेशक ने पत्र में लिखा है कि शिक्षकों के स्थानांतरण की अनुशंसा के लिए जिला स्तरीय स्थापना समिति की बैठक आहूत करने की अंतिम तिथि 20 दिसंबर, 2023 तक विस्तारित की गई है। प्रारंभिक विद्यालय के शिक्षकों के अंतर जिला स्थानांतरण के मामले में जिला स्तरीय स्थापना समिति की अनुशंसा के उपरांत अंतिम निर्णय राज्य स्तरीय स्थापना समिति द्वारा लिया जाना है।

निदेशक ने लिखा है कि इसके आलोक में 27 दिसंबर को राज्य स्तरीय स्थापना समिति की बैठक होगी। जिला स्थापना समिति की बैठक के लिए विस्तारित तिथि 20 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से जिला स्थापना समिति की अनुशंसा की ऑनलाईन प्रविष्टि पोर्टल में करना सुनिश्ति किया जाये। विभाग द्वारा अंतर जिला स्थानांतरण के लिए निर्धारित मानक में जिलों द्वारा ऑनलाईन अनुशंसा की प्रविष्टि क्रम भी संबंधित जिला में शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए प्राथमिकता का आधार होगा।

## नवंबर में कैप्टिव और वाणिज्यिक कोयला ब्लॉक्स से सर्वाधिक कोयला डिस्पैच हुआ

### उत्पादन और डिस्पैच में क्रमशः 37 प्रतिशत और 55 प्रतिशत की वृद्धि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** नवंबर 2023 के दौरान कैप्टिव/वाणिज्यिक कोयला खदानों से कोयला उत्पादन नवंबर 2022 के 8.74 मीट्रिक टन की तुलना में 37 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 11.94 मिलियन टन पहुंच गया। वहीं, नवंबर 2023 के दौरान कैप्टिव, वाणिज्यिक कोयला खदानों से कोयला डिस्पैच पिछले वर्ष के 8.36 मीट्रिक टन की तुलना में 55 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 12.92 मीट्रिक टन हुआ। नवंबर 2023 में ऐसी खदानों से औसत दैनिक कोयला डिस्पैच प्रति दिन 4.3 लाख टन के साथ अब तक का सर्वाधिक है।

मालूम हो कि अप्रैल से नवंबर 2023 की अवधि के दौरान कैप्टिव और वाणिज्यिक कोयला ब्लॉकों से कोयला उत्पादन और डिस्पैच में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। 1 अप्रैल, 2023 से 30 नवंबर, 2023 की अवधि के दौरान कैप्टिव और वाणिज्यिक कोयला खदानों से कुल कोयला उत्पादन लगभग 83.90 मीट्रिक टन था, जबकि कुल कोयला डिस्पैच 89.67 मीट्रिक टन था, जो वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि की तुलना में क्रमशः 24 प्रतिशत और 31 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है।

कोयला उत्पादन में सबसे अधिक वृद्धि गैर-विनियमित सेक्टर और वाणिज्यिक कोयला खदानों से हुई, जिसमें क्रमशः 101 प्रतिशत और 98 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। लक्षित कोयला उत्पादन और डिस्पैच अर्जित करने के लिए मंत्रालय प्रतिबद्ध है, जो भारत की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने और आर्थिक विकास को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## गोगामेडी की हत्या स्तब्ध करने वाली घटना : प्रतुल शाहदेव



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके श्री राजपूत करणी सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या को स्तब्ध कर देने वाली दुखद घटना बताया है। उन्होंने कहा कि जाते-जाते गहलोत सरकार के कार्यकाल ने एक वीर क्षत्रिय योद्धा की बलि ले ली। उन्होंने राजस्थान सरकार से आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ़्तारी की मांग की है। उन्होंने कहा कि पूरा क्षत्रिय समाज के साथ देश इस जघन्य हत्या से व्यथित हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक जनों को शांति और धैर्य रखना होगा। भाजपा सरकार के शपथ लेते ही राज्य को अपराधमुक्त करना हमारी अग्रणी प्राथमिकताओं में है। उन्होंने अपने पोस्ट में गोगामेड़ी की आत्मा को प्रभु शांति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### तीन राज्यों के चुनाव परिणाम आने के बाद प्रदेश कांग्रेस पार्टी से निलंबित नेताओं ने कहा

# झारखंड में कांग्रेस पार्टी को बचाने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमिटी का पुनर्गठन जरूरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद आंतरिक विवादों से जूझ रही झारखंड कांग्रेस में एक बार फिर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को हटाने की मांग तेज हो गई है। हालांकि यह मांग वैसे लोग कर रहे हैं जो अनुशासनहीनता के कारण पार्टी द्वारा निलंबित हैं। दरअसल यह मांग तब उठने लगी है जब राजस्थान, छत्तीसगढ़ जैसे राज्य कांग्रेस के हाथ से निकल जाने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने पार्टी के अंदर कार्यकर्ताओं को सम्मान देने संबंधी बयान दिया था। इसके अलावा मंत्रियों की व्यवहार कुशलता पर भी लगातार उठ रहे सवाल पर उन्होंने नाराजगी जताई थी।



प्रदेश अध्यक्ष के बयान पर प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू एवं फिरोज रिजवी मुन्ना ने कहा है कि पिछले कई वर्षों से संगठन की कमान राजेश ठाकुर के हाथों में है। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष हैं, सरकार में भी 17 विधायकों के साथ पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं, को-ऑर्डिनेशन कमिटी के सम्मानित सदस्य हैं, मंत्री का दर्जा भी प्राप्त है और मंत्री की सारी सुविधाएं मिल रही हैं। फिर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सम्मान देने से राजेश ठाकुर को कौन रोक रहा है। साथ ही कार्यकर्ताओं को सम्मान देने की जिम्मेदारी किसकी है।

आलोक दूबे ने कहा कि अगर मंत्री काम नहीं कर रहे हैं तो उनसे काम लेने की जिम्मेदारी किनकी है। अगर मंत्री प्रभावशाली नहीं हैं तो समीक्षा होनी चाहिए, कार्रवाई होनी चाहिए, ना कि अपमानित किया जाना चाहिए। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में संगठन कहीं भी दिखाई नहीं दे रहा है, जबकि आरजेडी जिसका संगठन पूरे राज्य में बहुत सक्रिय नहीं है फिर भी हर जगह मौजूद है।

#### कांग्रेस में ओबीसी समाज को नहीं मिल रहा सम्मान

डॉ राजेश गुप्ता ने कहा कि संगठन में या फिर बोर्ड निगम में ओबीसी समाज की अनदेखी को राज्य की जनता देख रही है। राहुल गांधी ने कहा है जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी होनी चाहिए।

#### झारखंड में खंड-खंड विभक्त है कांग्रेस संगठन

कांग्रेस नेता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा संगठन खंड-खंड में विभक्त हो चुका है। प्रभारी अविनाश पांडे की वजह से लोग कार्यक्रम में शामिल तो हो जाते हैं लेकिन संगठन की जो गरिमा है वह पूरी तरह से खत्म हो गयी है। जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण रामगढ़ उपचुनाव के नतीजे हैं। झारखण्ड में संगठन का अगर यही हाल रहा तो राजस्थान और छत्तीसगढ़ की तरह झारखंड के मंत्रियों को भी विधानसभा चुनाव में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। झारखण्ड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं विधायक गण दिल्ली कूच करेंगे और पार्टी नेतृत्व से संगठन में नये अध्यक्ष की मांग करेंगे।

## ग्रामीण बैंक का उद्देश्य सूक्ष्म व लघु उद्योगों और ग्रामीणों को सस्ता लोन देना : मदन मोहर बरियार

### चेयरमैन ने की कोल्हान के सभी 81 शाखाओं के कारोबार की समीक्षा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



पीएवाई योजना की एक लाभुक को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देते चेयरमैन एमएम बरियार और रिजनल मैनेजर श्रीकांत कटारे।

**जमशेदपुर।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक (जेआरजी बैंक) के अध्यक्ष, श्री मदन मोहन बरियार ने सिंहभूम क्षेत्र का सफल दौरा किया। इस अवसर पर जमशेदपुर में सिंहभूम क्षेत्र के सभी 81 शाखाओं के शाखा प्रबंधकों एवं कर्मचारिओं के साथ समीक्षा बैठक की गई, जिसमे झारखंड के विकास में बैंक की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य स्थानीय शाखा प्रबंधकों और कर्मचारियों से मिलकर स्थानीय जनता की आवश्यकताओं को समझना और उनकी समस्याओं का समाधान करना था। उन्होंने बैंक की विभिन्न शाखाओं के प्रमुखों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण बैंक का लक्ष्य सूक्ष्म और लघु उद्योगों को सस्ता और त्वरित ऋण उपलब्ध कराना है। बैंक का उद्येश्य ग्रामीण जनता को सूदखोरों से बचाना भी है। हमें उत्प्रेरक तत्व के रूप में कार्य करना है और ग्रामीण क्षेत्र में आर्थिक विकास को गति प्रदान करना है। हमें ग्रामीण क्षेत्र के आर्थिक विकास के लिए ग्रामीण लोगों में बैंकिंग की आदतें विकसित करनी है। लोगों कि वित्तीय आवश्यकताओं की पहचान कर कृषि एवं गैर-कृषि क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि हम एक सेवा प्रदाता हैं और जेआरजी बैंक वित्तीय समाधानों का सुपर स्टोर है। झारखण्ड के समस्त जिलों में स्थित 446 शाखाओ के नेटवर्क के द्वारा ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सभी तरह के प्रोडक्ट्स हमारे बैंक के द्वारा ग्राहकों को मुहैय्या कराये जा रहे है। ग्राहकों की जरूरत को समझकर और उसकी वित्तीय क्षमता का आकलन करने के बाद हमें उन्हें इन्सुरेंस के उत्पाद के प्रति भी शिक्षित कर सकते हैं। एपीवाई में हमारा बैंक समस्त देश में अव्वल है। इस मौके पर पीएमएसबीवाई योजना के लाभान्वित ग्राहक जिनकी मृत्यु हो चुकी है, उनके परिवार को 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अध्यक्ष महोदय के द्वारा प्रदान की गयी। उसी प्रकार पीएवाई योजना के 2 लाभान्वित ग्राहक जिनकी मृत्यु हो चुकी है, उनके प्रति परिवार को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अध्यक्ष के द्वारा प्रदान की गयी। उन्होंने विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्यों की पहचान करते हुए शाखा के विजेताओं को पुरस्कृत किया। शाखाओं के कुछ उत्कृष्ट ग्राहकों को भी अध्यक्ष महोदय ने सम्मानित किया। इस मौके पर 5 करोड़ का पीएमईजीपी ऋण एवं 2 करोड़ का ऋण स्टैंड अप इंडिया के तहत लाभुकों के बीच वितरित किया। अपने भ्रमण के दौरान अध्यक्ष मदन मोहन बरियार ने सरजामदा, करंडीह और पारडीह शाखाओं का उद्घाटन किया। मौके पर ग्रामीणों द्वारा अध्यक्ष को वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि जेआरजी बैंक झारखण्ड प्रदेश का एकमात्र ग्रामीण बैंक है और इसकी 446 शाखाएं हैं। निजी बैंकों के विपरीत हमारे बैंक का उद्येश्य गरीबी उन्मूलन, ग्रामीण क्षेत्र का विकास करना, ग्रामीणों के लिए रोजगार सृजन कराना और अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को स्वावलंबी बनाना और राज्य के सम्पूर्ण विकास में भागीदार बनकर गांवों का विकास करना है। बैंक द्वारा डिजिटल माध्यम से सभी सुविधाएं भी उपलब्ध करायी जा रही हैं। बैंक के अध्यक्ष ने उत्तरी सरजामदा गांव में ग्राम स्तरीय कार्यक्रम किया। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष के द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का महत्व बताया गया। साथ ही बैंक द्वारा चलायी जा रही विभिन्न लाभप्रद योजनायें जैसे कि पीएमईजीपी घर-घर केसीसी, एनआरएलएम, उद्यमी दीदी का जिक्र किया गया। उन्होंने यह भी बताया की बैंक के द्वारा एनआरएलएम के अंतर्गत लाभान्वित दीदियों को उद्यम करने हेतु अधिकतम 5 लाख का ऋण उद्यमी दीदी योजना के तहत देने का ओरव्धन है। हम हर एनआरएलएम ग्रुप के दीदियों को इस तरह प्रशिक्षित कर रहे हैं कि एक ग्रुप की सभी दीदियां 50 लाख तक के ऋण लेने हेतु सक्षम बन सकें। इस अवसर पर बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक श्रीकांत कटारे के अतिरिक्त जिला परिषद् सदस्य, सरजामदा पंचायत के दोनों मुखिया भी उपस्थित थे। अंत में उन्होंने सबों को जीआरजी बैंक सकारात्मक संकल्प दिलाया गया।

## स्पीड न्यूज

### सिटी एसपी लुणावत ने अपराधियों पर निगरानी रखने का दिया निर्देश



**जमशेदपुर।** पुलिस अधीक्षक, नगर के द्वारा सहायक पुलिस अधीक्षक, विधि-व्यवस्था की उपस्थिति में एक नई पहल करते हुए शहरी क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों के साथ कार्यालय सभागार में बैठक की गई तथा आर्म्स एक्ट/ एनडीपीएस एक्ट/ हत्या/ रंगदारी / फिरौती/डकैती/लूट/संधमारी / छिनतई/ वाहन चोरी एवं विविध चोरी के अपराध शीर्ष में कुल 2739 आरोप पत्रित अपराधियों की सूची तैयार करते हुए उक्त अपराधकर्मियों का आपराधिक भौतिक सत्यापन करने तथा नियमानुकूल निगरानी के अधीन रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

### मानव संसाधन विभाग नयी दिल्ली से कोल्हान विवि की शिकायत

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर कॉ-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज के सत्र 19-22 के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को मार्कशीट पिछले एक महीने से नहीं भेजा जा रहा है जिसके चलते विद्यार्थी बार काउंसिल आफ इंडिया के परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित हो गए, झारखंड बार कॉउन्सिल में निबंधन नही करा पा रहे, रोज परीक्षा नियंत्रक को फोन किया जा रहा है परंतु उनके द्वारा इस पर पहल नहीं की जा रही है, विद्यार्थी कॉलेज पर रोजाना जा रहे हैं ताकि उनका मार्कशीट मिले परंतु पता चल रहा है की मार्कशीट तैयार ही नहीं है 1 नवंबर 2023 को परीक्षा परिणाम प्रकाशित किया गया। नियमतः 10 दिनों में मार्कशीट आ जाना चाहिए था, परंतु एक महीने भी बित जाने के बाद भी मार्कशीट का कुछ अता पता नहीं है, जिसको लेकर कॉलेज के छात्र अमर तिवारी ने भारत सरकार के उच्च शिक्षा विभाग से कोल्हान विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग की शिकायत की है, उनकी मांग है कि जल्द से जल्द मार्कशीट विद्यार्थियों को उपलब्ध कराया जाए।

### अब्दुल बारी लाइब्रेरी में 128 यूनिट रक्तदान



**जमशेदपुर।** आजाद रिपोर्टर और जूनियर मोहम्मडन सोशल क्लब के अथक प्रयास से जमशेदपुर ब्लड बैंक सेंटर की मदद से आजाद नगर मदीना मस्जिद के पास अब्दुल बारी लाइब्रेरी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 128 लोगों ने रक्तदान किया है जो काफी सराहनीय है। इस शिविर के अयोजनकर्ता आजाद रिपोर्टर के डायरेक्टर अंसार हुसैन और जूनियर मोहम्मडन सोशल क्लब के अध्यक्ष इरफान आलम ने बताया कि प्रत्येक साल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है ताकि आसपास के लोगों को ब्लड की जरूरत पड़ने पर उन्हें सही समय पर ब्लड उपलब्ध कराया जाएं। कैंप को कामयाब बनाने में इरफान आलम, अंसार हुसैन साजिद अख्तर, काशिफ, तारिक, अरशद, अहमद, खालिद, कासिम छोटू, इमरान, तौसीफ, सरफराज, सोनू, अहमद का एहम योगदान रहा।

### करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष की हत्या पर राजपूत समाज में आक्रोश

**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या की घटना के बाद पूरे राजपूत समाज में आक्रोश है। करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बिनय सिंह ने गहरा शोक व्यक्त जताते हुए कहा कि यह संपूर्ण क्षत्रिय समाज की अपूरणीय क्षति है जिसकी भरपाई कभी नही की जा सकती है। क्षत्रियों की हमेशा आवाज उठाने वाले सुखदेव सिंह की हत्या सोची समझी राजनीती का हिस्सा है। 1 साल से कई बार उन्हें जान से मारने की धमकी मिल रही थी जिसकी लिखित सूचना गोगामेड़ी जी ने स्वयं दी थी, मगर पूर्व की राजस्थान सरकार ने इसपर कोई भी संज्ञान नहीं लिया ना ही सुरक्षा मुहैया करवाया जिसका नतीजा उनकी हत्या के रूप में मिली। पुलिस दोषियों को गिरफ्तार नही करेगी तो करणी सेना देश में आंदोलन करेगी।

# भाजपा नेता के तेल कटिंग और स्क्रैप के अवैध धंधा पर चोट करना चाहते हैं सरयू राय

- सिदधू-कान्हू बस्ती का भूत बंगला बना तेल कटिंग केंद्र
- डीबीसी स्टेशन और सुनसुनिया गेट के पास चल रहा स्क्रैप कटिंग

**विधायक का प्रशासन और पुलिस को 24 घंटे का अल्टीमेटम**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के विधायक और पर्यावरणविद् सरयू राय ने प्रशासन और पुलिस अधिकारियों से मांग की है कि जमशेदपुर के कतिपय थाना क्षेत्रों में चल रहे अवैध स्क्रैप टॉल एवं अवैध तेल कटिंग को बंद कराएं तथा सड़क किनारे अपनी रोजी-रोटी चला रहे छोटे-मोटे ठेला एवं खेमचावालों को तंग नहीं करना सुनिश्चित कराये। विधायक सरयू राय ने मंगलवार को बमामाईन्स के थाना प्रभारी के पास यह शिकायत रखा कि उनके थाना क्षेत्र में स्क्रैप टॉल और तेल कटिंग का अवैध धंधा व्यवस्थित रूप से चल रहा है। उन्होंने कहा कि यह अवैध धंधा वे 24 घंटा के भीतर बंद कराएं तथा इसमें लगे आपराधिक मनोवृत्ति के शोहदों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करें। बमार्माइन्स थाना क्षेत्र में विगत 25 वर्षों से दबंगई दिखाने वाले चेहरे गत तीन वर्ष तक बिल में घुसे हुए थे परन्तु अब वे बिल से बाहर आकर धमाचैकड़ी करने लगे हैं तथा स्क्रैप टॉल और तेल कटिंग के अवैध धंधा को संरक्षण एवं प्रोत्साहन देने लगे हैं। वहां के निवासियों में इससे काफी दहशत और आक्रोश व्याप्त है। विडम्बना है कि ये अवैध धंधे खुलेआम चल रहे हैं, पर इसकी भनक स्थानीय पुलिस को नहीं है? इससे पुलिस की क्षमता पर सवाल खड़ा होता है। पुलिस अधिकारियों को विधायक ने चेतावनी दी कि यह अवैध धंधा 24 घंटे के भीतर बंद नहीं हुआ तो 6 दिसंबर को यह मसला किसी न किसी रूप में जमशेदपुर आ रहे मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया जायेगा। पेट्रोल और डीजल कटिंग का अवैध धंधा सिद्धु-कान्हु बस्ती स्थित भूत बंगला के अंदर व्यवस्थित तरीके से चल रहा है। इसमें कतिपय राजनीतिक दल से जुड़े चर्चित चेहरे लगे हुए हैं और इनका संरक्षण प्रभावशाली राजनीतिक दल के कतिपय स्थानीय दबंग नेता दे रहे है। इसी तरह डीयू कंपनी गोलचक्कर के बगल में, टयूब कंपनी हरिजन बस्ती के आगे, डीवीसी सब स्टेशन के सामने तथा सुनसुनिया गेट के पास खुलेआम स्क्रैप टाल का अवैध धंधा चल रहा है। इसके साथ ही सुनसुनिया गेट पार्किंग क्षेत्र में एक गुमटी लगाकर गांजा और ब्राउन शुगर की अवैध बिक्री होने की सूचना है। इस पर शीघ्र अंकुश लगाने की कार्रवाई पुलिस प्रशासन करे। इस संदर्भ में सिदगोड़ा थाना क्षेत्र में सड़क किनारे एक छोटा टेबुल रखकर टॉफी-चॉकलेट बेचनेवाले एक फेरीवाले को पुलिस द्वारा परेशान करने की सूचना मिली है। साकची थाना क्षेत्र में काफी दिनों से व्यवस्थित तरीका से ठेला लगाकर रोजी-रोटी कमाने वाले वेंडरों को भी पुलिस की नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है। यदि कोई गाड़ी इनके ठेला के सामने खड़ी हो जा रही है तो गाड़ी वालों पर कार्रवाई करने की जगह ठेलावालों पर कानूनी कार्रवाई की धमकी पुलिस द्वारा दी जा रही है। उपर्युक्त तीनों थाना क्षेत्रों के पीड़ित व्यक्ति आज मेरे बारीडीह स्थित विधानसभा कार्यालय आये। उन्होंने अपनी आपबीती मुझे सुनाया। इसीलिए मैं यह विषय सार्वजनिक रूप से प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों के समक्ष रख रहा हूँ ताकि यदि अन्य थाना क्षेत्रों में भी ऐसी घटनायें हो रही हैं तो पुलिस, प्रशासन और जेएनएसी इस समस्या का शीघ्र समाधान करे और जो अधिकृत वेंडर हैं उन्हें परेशान न करे। उम्मीद है कि पुलिस-प्रशासन के अधिकारी इसे सुनिश्चित करना चाहेंगे।

## खरसावां में सीएम आज बांटेंगे परिसंपत्तियां

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



कार्यक्रम स्थल का मुआयना करने के बाद निर्देश देते डीसी रविशंकर शुक्ला। साथ में एसपी डॉ विमल कुमार व अन्य।

**सरायकेला/जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आज खरसावां फुटबॉल मैदान में प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारी का जायजा उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मियों को सौपी गई जिम्मेदारियां का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त ने सभी विभागीय पदाधिकारी को अपने अपने-अपने पंडालो में कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा सभी प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी एवं पुलिस बल को अपने-अपने कार्य स्थल पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए उपस्थित पदाधिकारी को निर्देश दिया कि कार्यक्रम स्थल की तैयारी में किसी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए इस पर खास ध्यान रखा जाए। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा योजना से संबंधित लगने वाले स्टॉल को ससमय लगवाने का भी निर्देश दिया।

## सवनाडीह में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को यादगार बनाने में जुटा झामुमो

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**



कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे विधायक संजीव सरदार।

**पोटका।** हेमंत सोरेन के सरकार के चार वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शुरू की गई आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सात दिसंबर गुरुवार को पोटका प्रखंड के मानपुर पंचायत अंतर्गत सावनाडीह फुटबॉल मैदान जिला स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेने आ रहे है। कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देने हेतु झामुमो और जिला प्रशासन तेजी से जुट गई है। पोटका के विधायक संजीव सरदार ने मंगलवार को सावनाडीह पहुंच कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया एवं झामुमो पोटका, डुमरिया एवं जमशेदपुर प्रखंड के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौके पर विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद माननीय का पहली बार पोटका में आगमन हो रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के स्वागत हेतु झामुमो कार्यकताओं एवं ग्रामीणों में काफी उत्साह है, उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के संबोधन को सुनने पोटका, डुमरिया एवं जमशेदपुर प्रखंड से 20 हजार से अधिक लोग पहुंचेंगे।

## जुगसलाई : मंगसीर नवमी महोत्सव में कलश शोभा यात्रा में शामिल हुए भक्त





**जमशेदपुर।** श्री राणी सती सत्संग समिति जुगसलाई द्वारा आयोजित दो दिवसीय मंगसीर नवमी महोत्सव के प्रथम दिन मंगलवार को जुगसलाई में कलश शोभा यात्रा निकाली गई। सुबह 7 बजे से गणेश और कलश पूजन किया गया। पंडित बजरंग शर्मा ने पूजा करायी। पूजन के बाद कलश शोभा यात्रा निकाली गई। सबसे आगे बैंड बाजा, उसके बाद समिति के सदस्य दादी मां का निशान लेकर सामूहिक रूप से चल रहे थे। रथ में झूंझनू वाली दादी मां की झांकी सजाई गई थी। शोभा यात्रा के दौरान समिति के कलाकार कमल अग्रवाल, जगदीश प्रसाद शर्मा, सुधीर शर्मा, बैजनाथ शर्मा, गोविंद भारद्वाज, महिला कलाकार सुनीता और अदिति भारद्वाज द्वारा दी गयी भजनों की प्रस्तुति में श्रद्धालु झूमते रहे। कलाकारों ने सर्व प्रथम गणेश वन्दना म्हारा प्यारा रे गजानन आईजो..., आई मंगसीर नवमी देखो आईं मंगसीर नवमी महोत्सव..., दादी दादी बोल दादी सुन ले सी... आदि भजनों पर श्रद्धालु झूमे। कलश शोभा यात्रा राणी सती दादी मंदिर से निकल कर स्टेशन रोड, गौशाला रोड, मारवाड़ी पाड़ा रोड़, चौक बाजार से वापस मंदिर आईं।

## एक सप्ताह के अंदर लैंप्स से खरीदे गये धान का होगा भुगतान फसल बीमा योजना का पैसा भी होगा जारी : सुखदेव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** बहरागोड़ा के पूर्व विधायक सह भाजपा के झारखंड प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने पुर्वी सिंहभूम जिले के कई ज्वलंत व लंबित समस्याओं को लेकर राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से मुलाकात की। मंगलवार को रांची में हुए मुलाकात में कुणाल षाड़ंगी ने पुर्वी सिंहभूम जिले के किसानों के मुद्दे, डुमरिया में उत्तराखंड के उत्तरकाशी टनल से वापस आये छह श्रमिकों और बहरागोड़ा क्षेत्र की समस्याओं की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया। कुणाल षाड़ंगी ने बताया कि पुर्वी सिंहभूम जिले में फसल बीमा योजना के तहत राज्य सरकार की ओर से अब तक किसानों को बीमा का पैसा भुगतान नही किया गया है। कुणाल षाड़ंगी ने पुर्वी सिंहभूम जिले के किसानों को लैंप्स में बेचे गए धान के भुगतान नहीं मिलने और उत्तराखंड के उत्तरकाशी सिलक्यारा टनल में 17 दिनों तक फंसे रहने के बाद डुमरिया अपने घर आये छह श्रमिकों के साथ राज्य के सभी 15 श्रमिकों के लिए राज्य सरकार के स्तर से अन्य पड़ोसी राज्यों की तर्ज पर आर्थिक पैकेज देकर स्वावलंबी बनाकर स्वरोजगार से जोड़ने और स्थानीय स्तर पर रोजगार मुहैया कराने की मांग की। पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने बहरागोड़ा क्षेत्र की कई ज्वलंत समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए बहरागोड़ा के केवला से कैमी तक की जर्जर सडक को दुरूस्त करने एवं पथ निर्माण विभाग के माध्यम से मोटेल चौक से पाथरा तक की सड़क की मरम्मतीकरण के टेंडर प्रक्रिया जल्द शुरू करने के साथ बहरागोड़ा में एनएच 6 के किनारे अवस्थित कृषि विभाग की 25 एकड जमीन पर कृषि अनुसंधान केंद्र की स्थापना करने की मांग की।

## खबर एक नजर में

### मानगो और साकची में एसएसपी के नेतृत्व में पुलिस ने किया पैदल गश्त



पैदल गश्ती करते एसएसपी किशोर कौशल। साथ में मुकेश लुणावत।

जमशेदपुर। वरीय पुलिस अधीक्षक, पूर्वी सिंहभूम के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक, नगर एवं सहायक पुलिस अधीक्षक, नगर के साथ नशाखोरी, अड्डाबाजी, छेड़खानी, सड़क पर अवैध पार्किंग तथा अन्य अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं पुलिस तथा आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से आज मानगो, ओलीडीह, अजादनगर, एमजीएम, साकची तथा शहर के विभिन्न थाना क्षेत्र अन्तर्गत चिन्हित किये गये संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्ती किया।

### बिष्टुपुर फिल्टर हाउस में 75 एचपी का नया मोटर, पंप सेट लगाने का काम शुरु



जमशेदपुर। पोटका विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव सरदार के पहल से बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी जलापूर्ति योजना के अंतर्गत बिष्टुपुर स्थित फिल्टर पंप हाउस में 75 एचपी का नया मोटर,75 एचपी का पंपसेट एवं 75 एचपी का नया स्टार्टर मंगलबार को संवेदक बलका कॉरपोरेशन एजेंसी के द्वारा लाया गया है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के एसडीओ जितेंद्र कुमार, जेई किशन कुमार किस्कू वहीं दूसरी तरह पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, उप मुखिया संतोष ठाकुर, झामुमो बागबेड़ा इकाई अध्यक्ष अजीत सिंहा,बन्ना गुप्ता फैंस क्लब के अध्यक्ष अनिल सिंह के संयुक्त उपस्थिति में निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ। इस दौरान एजेंसी के मजदूरों ने पुराने मोटर और फाउंडेशन, बेसमेंट को हटा कर नया मोटर के अनुसार उसकी नापी कर फाउंडेशन, बेसमेंट तैयार कर नया मोटर सेटअप लगाने का कार्य कर रहे हैं। इस तरह जिला योजना अनाबद्ध मद से 12,60,370 रुपए की लागत राशि से लगभग 10 दिनों के अंदर नया मोटर सेटअप लगा दिया जाएगा। जो की एजेंसी 1 साल तक इसका पुरी तरीके से मेंटेनेंस करेगी।

### झारखंड बंगभाषी समिति का एजीएम 19 को

**जमशेदपुर।** गत 24 नवंबर 2023 दिन शुक्रवार को एसोसिएशन की बैठक के निर्णय के अनुसार झारखण्ड बंगभाषी समन्वय समिति की वार्षिक आम सभा (एजीएम) अगले मंगलवार 19 दिसंबर को शाम 5:00 बजे से साकची आमबागान स्थित समिति के कार्यालय में आयोजित की जाएगी। चुनाव अधिकारी के रूप में सौम्य सेन और इंद्रनील घोषाल के नाम प्रस्तावित हैं। संदीप सिन्हा चौधरी ने सूचित किया है कि समिति के संविधान की प्रति मात्र 100 रुपए में प्राप्त की जा सकती है। चुनाव में भाग लेने के लिए नामांकन फॉर्म केवल 200 रुपये में समिति के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 12 दिसंबर है। नामांकन फॉर्म की जांच के बाद उम्मीदवारों की अंतिम सूची 15 दिसंबर शुक्रवार को प्रकाशित की जाएगी। मंगलवार, 19 दिसंबर 2023 को शाम 5:00 बजे समिति की वार्षिक आम सभा, उसके बाद अगली प्रभावी समिति के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू की जाएगी। अंत में रात 8:30 बजे चुनाव अधिकारी द्वारा विजयी उम्मीदवारों के नाम और नई कार्यकारिणी समिति की घोषणा की जाएगी।

### जेंडर समानता, हिंसा और चोट के खिलाफ जगरूकता अभियंन शुरू



जमशेदपुर। झारखंड के विभिन्न जिलों में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ भेद भाव और हिंसा में तेजी से बढ़ते हुए मामलों की रिपोर्टें ने घरेलू हिंसा, यौन हिंसा, और बच्चों के शोषण के मामले हाल ही में तेजी से बढ़ रहे हैं, जो इस राज्य को प्रभावित कर रहे हैं जिससे इस क्षेत्र की सबसे कमजोर जनसंख्या के खिलाफ हिंसा में वृद्धि हुई है। गरीबी, शिक्षा की कमी, और सामाजिक असमानताओं जैसे कारकों ने क्षेत्र में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षितता को प्रभावित किया है। साथ ही, स्कूली बच्चो के साथ भेद भाव, जिससे सावधानी की आवश्यकता सामने आ रही है। इसी को देखते हुवे पूरे साराईकेला और प्रवि सिंगभूम के सभी स्कूलों मे जहां कक्षा 6 से 12 तक चलता है वाह जेंडर समानता और चोट के खिलाफ जागरूपता अभियं चलाया जा रहा है।

### टाटा मोटर्स ने की प्राइमा वीएक्स टिपर ट्रक की डिलीवरी शुरू



जमशेदपुर। भारत में व्यावसायिक वाहनों के सबसे बड़े निमार्ता टाटा मोटर्स ने अपने अत्याधुनिक टाटा प्राइमा वीएक्स टिपर ट्रक की डिलीवरी शुरू कर दी है। इस ट्रक में सबसे बेहतरीन सुरक्षा खूबियां दी गई हैं। येटिपर ट्रक उच्च उत्पादकता के लिहाज से डिजाइन किए गए हैं। डाइवर और वाहन की सुरक्षा के लिए यह बेहतरीन सुविधाओं और फीचर्स के साथ मिलते हैं। अब प्राइमा रेंज की गाड़ियां ग्राहकों की अलग-अलग जरूरतों को पूरा करने के लिए एलएक्स और वीएक्स ट्रिम्स में उपलब्ध हैं। टाटा मोटर्स ने अपने पहले टाटा प्राइमा 2830. टीकेवीएक्स की चाबियां अरायाही इंफ्रा के नितिन चक्रवर्ती सज्जा को सौंपी। इस संबंध में टाटा मोटर्स के वाइस प्रेसिडेंट और बिजनेस हेड ट्रक्स राजेश कौल ने इस घोषणा पर टिप्पणी करते हुए कहा कि हम प्राइमा वीएक्स वैरिएंट को लॉन्च करके काफी उत्साहित हैं, जिसने सुरक्षा, उत्पादकता और ड्राइवरों की सुरक्षा के लिहाज से इंडस्ट्री में नए मानक स्थापित किये हैं। अपने उपभोक्ताओं की जरूरतों को समझते हुए, प्राइमा वीएक्स उद्योग में पहली बार ऐसी खूबियों की पेशकश कर रहे हैं जो कि ग्राहकों को पूरा मानसिक सुकून देती हैं। अपने लगातार प्रयासों से हमने ट्रक ड्राइवरों की अलग-अलग जरूरतों को ध्यान में रखकर बेहद उन्नपत ट्रक बनाए हैं। हमें पक्का भरोसा है कि हमारे उपभोक्ताओं को इन ट्रकों के संचालन में सुरक्षा, उत्पादकता में बढ़ोतरी और शानदार परफॉर्मेंस का अनुभव होगा।

### मानगो में 100 असहाय लोगों के बीच किया गया कंबल वितरण





जमशेदपुर। सामाजिक संस्था सेन्ट्रल रीलिफ एंड वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान मे आजादनगर स्थित संस्था के कार्यालय मे आज 100 असहाय व जरूरतमन्द लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर समाजिक कार्यकर्ता इलियास खान मुख्यअतिथि के रूप मे उपस्थित थे जबकि शफी अहमद व शिबली फातमी विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित थे। अपने वक्तव्य मे इलियास खान ने कहा कि संस्था सामाजिक क्षेत्र मे बड़ी सकारात्मक भूमिका निभा रही है। समाज और समाज के असहाय लोगों को ही संस्था की जरूरत है जो उनकी जरूरतों को पूरी करे। इस अवसर पर संस्था के प्रो लइकुर रहमान चौधरी, हाजी सैयद हफीजुद्दीन, हाजी मो यूसुफ, मंसूर महमूद, मो समीउल्लाह मिफताही, मो नासिर, हाजी जियाउल मोबीन अंसारी, समी अहमद खान, मखदूम आलम, राशिद खान, मो सुल्तान, हाजी रजी नौशाद आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## टाटा स्टील को इंडियन वैल्यू इंजीनियरिंग सोसाइटी से तीन प्रतिष्ठित पुरस्कार मिले

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



कलिंगानगर, मेरामंडली और जमशेदपुर वर्क्स को मिला पुरस्कार

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील को इंडियन वैल्यू इंजीनियरिंग सोसाइटी (इन्वेस्ट) से तीन प्रतिष्ठित वैल्यू इंजीनियरिंग पुरस्कार प्राप्त हुए, जो निर्माण परियोजनाओं में इसके निरंतर प्रयास की मान्यता है।

टाटा स्टील के इंजीनियरिंग एवं प्रोजेक्ट विभाग को ये पुरस्कार 1-2 दिसंबर को बेंगलुरु में आयोजित 39वें वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय वैल्यू इंजीनियरिंग सम्मेलन के दौरान प्राप्त हुए। इसके साथ ही इंजीनियरिंग एवं प्रोजेक्ट विभाग को लगातार तीन वर्षों तक तकनीकी श्रेणी में पुरस्कार जीतने का गौरव प्राप्त हुआ है।

**पुरस्कारों का विवरण इस प्रकार है**

1. मुथैया कासी पुरस्कार टाटा स्टील कलिंगानगर (टीएसके) में कोल्ड रोल्ड (सीआर) डाउनस्ट्रीम प्रोसेसिंग फैसिलिटी की लॉजिस्टिक प्रणाली में सुधार पर वैल्यू स्टडी के लिए यह पुरस्कार कस्टमर ओरिएंटेड फंक्शन एनालिसिस सिस्टम टेक्निक (फास्ट) आरेख के अनुकरणीय अनुप्रयोग के लिए दिया जाता है।

टीम के सदस्यों में सूर्य प्रकाश प्रभाकर (फैसिलिटेटर), विकाश कुमार (टीम लीडर और लेखक), रोहित आर कनौजिया (सदस्य और सह-लेखक), आशीष शर्मा (सदस्य), मृत्युंजय ओझा (सदस्य), डी वी एस रामकृष्ण (सदस्य), बाबू मंजूनाथ मोगर (सदस्य) शामिल थे।

2. टाटा स्टील मेरामंडली (टीएसएम) में जीरो एफ्लुएंट डिस्चार्ज (जेडईडी) प्लांट के पाइपलाइन पैकेज में कैपेक्स कटौती के लिए वीई अध्ययन₹ के लिए केएसआरएम शास्त्री पुरस्कारः यह पुरस्कार सर्वोत्तम संभव समाधान प्राप्त करने के लिए 'फंक्शन और क्रिएटिविटी' के प्रभावी उपयोग के लिए दिया जाता है। टीम के सदस्यों में सूर्य प्रकाश प्रभाकर (फैसिलिटेटर), सुब्रत घोष (टीम लीडर), अंकुर समाधिया (लेखक), कौशिक मुखोपाध्याय (सदस्य), सुनील सिंघल (सदस्य), आशीष कुमार दास (सदस्य), प्रभात शॉ (सदस्य), सौम्यजीत प्रधान, बिजय कुमार सदांगी (सदस्य), देबदत्त गुप्ता (सदस्य) शामिल थे।

3. टाटा स्टील लिमिटेड, जमशेदपुर के लिए एक्सट्रूडेड ब्रिकेट प्लांट के मूल्य अध्ययन के लिए सर्वश्रेष्ठ तकनीकी पेपर पुरस्कार (तीसरा पुरस्कार) यह पुरस्कार प्रदर्शन में सुधार के लिए वैल्यू इंजीनियरिंग तकनीक के अनुप्रयोग में उत्कृष्टता प्रदर्शित करने के लिए शोध पत्रों को दिया जाता है। टीम के सदस्यों में इशरत मिर्जा (टीम लीडर और लेखक), धर्मेंद्र कुमार (सदस्य), वाई राजशेखर (सदस्य), कौशिक मुखोपाध्याय (सदस्य), अंकुर समाधिया (सह-लेखक), देवव्रत (सदस्य), संदीप कुमार पाटिल (सदस्य), संदीप चक्रवर्ती (सदस्य), प्रताप सिन्हा (सदस्य), श्याम मनोहर पांडे (सदस्य), देबासिस चक्रवर्ती (सदस्य), पुष्पेंदु मोइत्रा (सदस्य) शामिल थे। उपरोक्त परियोजनाओं का मार्गदर्शन और नेतृत्व मनीष कुमार सिंह, जीएम डिजाइन और इंजीनियरिंग, के शंकर मरार, चीफ प्लानिंग एंड बजटिंग, चंद्र मोहन वर्मा, रवि प्रकाश चीफ, पी एंड सी धर्मेंद्र कुमार चीफ इंजीनियरिंग कोक एनवायरनमेंट और एनर्जी, टी साजी मैथ्यू, अनिल कुमार सिंह, चीफ प्रोजेक्ट एंड कंस्ट्रक्शन टीएसएम और चीफ कंस्ट्रक्शन, धर्मेंद्र प्रसाद, चीफ प्रोजेक्ट एंड कंस्ट्रक्शन टीएसजे, किशोर तार चीफ प्रोजेक्ट एंड कंस्ट्रक्शन,विभाष पटनायक, चीफ प्रोजेक्ट एंड कंस्ट्रक्शन, टीएसएम और आशीष कुमार दास, चीफ इम्प्रूवमेंट द्वारा किया गया है।

सम्मेलन के उद्घाटन सत्र के दौरान चंद्र मोहन वर्मा, चीफ प्रोसेस इम्प्रूवमेंट एंड मटेरियल मैनेजमेंट को वैल्यू इंजीनियरिंग पर एक विशेषज्ञ वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था। सत्र के दौरान देशभर के उद्योग जगत के दिग्गजों ने भाग लिया।

## स्पीड न्यूज

### बांसडीह में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के बांसडीह पंचायत में मंगलवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ डीडीसी रवि आनंद, बीडीओ नितेश भास्कर, उप प्रमुख सुनील सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान मौके पर डीडीसी रवि आनंद ने कहा कि सरकार ग्रामीण जनता के लिए कटिबंध है ग्रामीण जनता को प्रखंड व जिला में दौड़ लगाने की जरूरत नहीं है। सरकार कई प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है जो सीधा ग्रामीण जनता तक पहुंचाने के लिए सरकार सभी पंचायत मे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चला रही है। ग्रामीण जनता आगे आकर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले। उन्होंने कार्यक्रम में मजदूर ग्रामीणों को जॉब कार्ड दिया और गरीब व वृद्ध ग्रामीणों जनता के बीच 150 कंबल का वितरण किया। 10 छात्र को साईकिल लेने के लिए 4500 का डेमो चेक दिया। बीडीओ नितेश भास्कर ने कहा कि सरकार हर संभव से ग्रामीण जनता को मदद पहुंचे व सभी जन कल्याणकारी योजना का लाभ ले सके इसके लिए हरेक पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन करा रही है, ताकि एक भी ग्रामीण लाभ से वंचित न रह जाए। मौके पर उप प्रमुख सुनील सिंह ने कहा कि सरकार जनता की हक में काम कर रही है, सरकार अपना दायित्व ग्रामीणों के लिए निभा रही है। ग्रामीणों को आगे बढकर इसका लाभ लेने की जरूरत है। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड जीपीएस राधेश्याम राम ने किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य रामलव चौरसिया, मुखिया लाल बहादुर भुईयां, पंचायत समिति सदस्य नरेश राम वह प्रखंड व अंचल कर्मी और ग्रामीण मौजूद थे।

### विद्यालय के छत पर लगा हुआ 3 सोलर प्लेट की हुई चोरी

**चैनपुर पलामू।** थाना क्षेत्र के बुढीवीर पंचायत के चोटहासा राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में लगे तीन सोलर प्लेट को अज्ञात चोरों के द्वारा सोमवार की रात्रि में चोरी कर लिया गया है एवं विद्यालय के खिड़की एवं दरवाजा को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। मामले में चोटहासा राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक बृज किशोर सिंह ने चैनपुर थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई करने की प्राथमिक की दर्ज कराया है। चैनपुर पुलिस मामले को दर्ज कर छानबीन में जुट गई है। प्रधानाध्यापक ब्रिज किशोर सिंह ने बताया कि जब यह मंगलवार को स्कूल खोलने गए तो देखा कि विद्यालय के खिड़की दरवाजा क्षतिग्रस्त है एवं छत पर लगे सोलर प्लेट गायब है इन्होंने मुखिया को जानकारी देते हुए चैनपुर थाना मे मामला दर्ज कराया है।

### शाहपुर-बुढ़ीबीर मुख्य पथ पर लुटेरों ने राहगीर का लूटा बाइक

**चैनपुर पलामु।** प्रखण्ड क्षेत्र के खोहरी गांव में सरकारी स्कूल के समीप शाहपुर बुढीवीर मुख्य सड़क पर तीन हथियार बंद नकाबपोश लुटेरों ने रविवार की रात लगभग 8:00 बजे बुढीवीर गांव निवासी रविंद्र मिस्त्री को पिस्तौल सटाकर उसके अपाचे मोटरसाइकिल नंबर जेएच 03 एजे 0175 को लूट लिया है । रविंद्र मिस्त्री ने सोमवार को चैनपुर थाना में अज्ञात हथियारबंद लुटेरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। दर्ज मामले में कहा है कि वह शाहपुर स्थित अपने गैरेज से लगभग 7:40 में अपने घर बुढीवीर के लिए निकले तभी खोहरी गांव के पहले से ही एक उजला रंग का अपाचे जो बिना नंबर का था वह पीछा करके बगल में गाड़ी सटाकर पिस्टल सटा दिया था। आनन फानन गाड़ी को पटकते हुए छोड़कर वहां से भाग गए। सभी मोफलर द्वारा मुंह को बांधे हुए थे। दौड़ा कर और पैसा भी लूटने का कोशिश लुटेरों के द्वारा किया गया था लेकिन जान बचा कर किसी तरह वहां से भागे थे। चैनपुर पुलिस मामले को दर्ज कर छानबीन कर रही है।

### चैतन्य इंडिया फाइनेंस कंपनी ने स्कूल में दिया प्यूरीफायर



**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** प्रखंड मुख्यालय में स्थित मध्य विद्यालय लेस्लीगंज में चैतन्य इंडिया फिन क्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा प्यूरीफायर दिया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए चेंबर अध्यक्ष सह मुखिया पति छोटेलाल प्रसाद सोनी ने कहा कि विद्यालय में कंपनी द्वारा जो प्यूरीफायर लगाया गया है इससे शिक्षक एवं छात्रों को शुद्ध जल मिलेगा। आरओ प्यूरीफायर और वोल्टास जल शीतल फ्रिज निशुल्क देने के लिए कम्पनी को बधाई दी। कम्पनी के रीजनल मैनेजर सुनील कुमार ने बताया कि अगर यह प्यूरीफायर मशीन खराब हो जाता है तो उसे हमारे कंपनी द्वारा बनाया जाएगा। विद्यालय के प्रधानाध्यापिका प्रियदर्शनी ने बताया कि विद्यालय में उपलब्ध जल का टीडीएस बहुत अधिक है जिससे छात्र छात्रों को पानी पीने में बहुत कठिनाई होती थी अब विद्यार्थियों को शुद्ध पेयजल मिलेगा। इस मौके पर पंचायत के उपमुखिया हेमू खान, चैतन्य इंडिया फिन क्रेडिट के यूनिट मैनेजर रंजीत कुमार, ब्रांच मैनेजर शंकर कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जफर खान, अध्यापक संत कुमार तिवारी, अरविंद कुमार आदि शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### छत्तीसगढ़ के नारायणपुर विस की जीत में प्रभारी अलखनाथ की भूमिका अहम



**विश्रामपुर (पलामू)।** छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग अंतर्गत नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र में जीत के बाद से भाजपा के प्रादेशिक नेता सह पूर्व विस प्रत्यासी अलखनाथ पांडेय का कद पार्टी में बढ़ा है। यहां बताते चलें कि भाजपा ने अलखनाथ पांडेय को चुनाव के दौरान नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त कर पार्टी प्रत्यासी को जिताने का जिम्मा सौंपा था। जिसके बाद श्री पांडेय ने वहां के गांवों में डोर टू डोर कैम्पन चलाया। खासकर आदिवासी बाहुल्य गांवों में तो उन्होंने कई छोटी छोटी सभा कर लोगों को पार्टी के नीति सिद्धांतों से अवगत कराया। प्रधानमंत्री मोदी के संदेशों को बताया। पार्टी के संकल्प पत्र को विस क्षेत्र के जन-जन तक पहुंचाया। जिसके बाद पार्टी प्रत्यासी की जीत तय हुई। वहां भाजपा के केदार कश्यप ने कांग्रेस प्रत्यासी दिनेश कश्यप को 18,990 मतों से पराजित किया। नवनिर्वाचित विधायक केदार कश्यप ने अलखनाथ पांडेय के प्रति आभार ब्यक्त किया और नागरिक अभिनंदन हेतु उन्हे नारायणपुर आने का निमंत्रण भी दिया है। अलखनाथ पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर लोगों ने विश्वास जताया है। इधर झारखंड संगठन में पांडेय का कद भी बढ़ा है।

### जीसीपीए कॉलेज में मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित



**छतरपुर पलामू।** गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल इंटर व डिग्री कॉलेज, सड़मा, छतरपुर में मतदाता सूची में नाम जोड़ने और विलोपित करने संबंधित जानकारी देन को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर छतरपुर अंचल अधिकारी नित्यानंद प्रसाद कॉलेज परिसर में उपस्थित हुए। कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य स्वस्ति कुमारी ने अंचाधिकारी को सर्वप्रथम मतदाता सूची के चल रहे कार्य से संबंधित स्थिति से अवगत कराया। सभी बच्चों को एकत्रित कर उन्हें नाम जोड़वाने के लिए प्रेरित किया। वहीं प्रभारी प्राचार्य जितेन्द्र कुमार ने अंचल अधिकारी एवं कर्मचारी अक्षत केसरी को कॉलेज फाइल एवं कलम देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का विषय परिवेश सह स्वागत भाषण करते हुए प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र कुमार ने कहा कि महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक बनें, मतदान आपका अधिकार है। खुद जागरूक बने एवं दूसरों को भी जागरूक बनाएं। सहायक प्रो अखिलेश कुमार सिंह ने छात्र छात्राओं से कहा की देश का भविष्य युवा हैं, और युवा अपना भविष्य वोट देकर तय करते हैं। व्यस्क होते ही सबसे पहले युवाओं को अपना मतदाता पहचान पत्र बनवाना चाहिए।

## मंत्री जी शहरी जलापूर्ति योजना कब तक : अरुणा शंकर

**प्रथम महापौर ने शहर की मूलभूत समस्या शहरी जलापूर्ति योजना पर सवाल किया**



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रमंडल के इकलौते मंत्री मिथिलेश ठाकुर से प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने शहर की मूलभूत समस्या शहरी जलापूर्ति योजना पर सवाल किया है। उन्होंने कहा कि प्रमंडल मुख्यालय में मुख्यमंत्री के साथ कई मंत्री महीने में दो-दो बार आकर शहर एवं गांव के विकास के लिए कैंप लगा रहे हैं लेकिन मुझे आश्चर्य हो रहा कि जो सरकार प्रमंडलीय मुख्यालय में मूलभूत समस्या नहीं दे पा रही वह भी तब जब पेयजल मंत्री पलामू प्रमंडल से हैं वैसे लोग विकास की बात कैसे करते हैं। प्रथम महापौर ने कहा कि मैंने अपने निगम कार्यकाल में शहरी जलापूर्ति योजना तैयार कराई, रघुवर सरकार से अनुमोदन कराया और सांसद बी डी राम जी के सहयोग से एशियन डेवलपमेंट बैंक से योजना का 80 % फंड झारखंड सरकार को दिलवाया लेकिन मंत्री के गठबंधन सरकार को 4 साल बीतने को है टेंडर पर टेंडर, टेंडर पर टेंडर हो रहा लेकिन नल से जल नहीं आ रहा। माननीय मंत्री जी पलामू प्रमंडल में प्रतिदिन पानी का लेयर नीचे जा रहा है किसान पुनः खेती छोड़ दूसरे राज्य को पलायन कर रहे हैं। अपनी जमीन होते निकटवर्ती राज्यों में अधबटया में जमीन लेकर कार्य करने को मजबूर है। इसका एकमात्र कारण प्रमंडल में एक भी बृहद जलापूर्ति योजना का अब तक पूरे प्रमंडल में ना होना है। हम सबों ने कई बार मेदिनीनगर शहर के गिरते वाटर लेवल को बनाए रखने के लिए शहर के बाहर कोयल नदी को बांधने का भी प्रस्ताव निगम से पारित कर दिया जिससे हर घर में पानी का लेयर आ सके पर वह भी अनसुनी कर दी गई। मैं मंत्री महोदय से पुनः अनुरोध करूंगी कि मेदिनीनगर शहर के लिए नल से जल अति आवश्यक है और यह योजना केंद्र एवं राज्य की प्राथमिकता में भी है। प्रथम महापौर ने कहा कि मेदिनीनगर शहरी जलापूर्ति योजना जो सरकार में लंबित है उसे यथाशीघ्र कार्यान्वन कराई जाए।

## सांसद बीडी राम ने पलामू में खाद कारखाना स्थापित करने का मामला लोकसभा में उठाया

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने शून्य काल के दौरान पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत खाद का कारखाना स्थापित करने संबंधी अति महत्वपूर्ण मामले को लोकसभा में उठाया। राम ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दो जिले आते हैं क्रमशः पलामू एवं गढ़वा। उक्त दोनों जिले आकांक्षी जिलों की सूची में आते हैं। यहां की 80 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है। किसी भी कल कारखाना को स्थापित करने के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध है। यथाः-जमीन, श्रम, बिजली, पानी एवं खनिज पदार्थ। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की यह इच्छा है कि देश के अंतर्गत जो भी आकांक्षी जिले हैं उनको उन्नत जिलों की श्रेणी में लाकर खड़ा किया जाय। उपरोक्त उद्देश्यों की प्रतिपूर्ति हेतु यह आवश्यक है कि वहां के निवासियों को रोजगार उपलब्ध कराया जाय, क्योंकि कृषि पर संपूर्ण रूप से निर्भरता के फलस्वरूप अतिवृष्टि/अनावृष्टि की स्थिति में लोग पलायन को मजबूर हो जाते हैं और उनके समक्ष बेरोजगारी एवं भूखमरी की समस्या उत्पन्न हो जाती है। दुर्भाग्यवश संसदीय क्षेत्र पलामू के अंतर्गत मात्र एक छोटी सी कॉस्टिक सोडा की फैक्ट्री है, जिसका उत्पादन बहुत कम है और रोजगार देने की क्षमता भी बहुत सीमित है। सांसद ने कहा कि आपके माध्यम से रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के मंत्री से आग्रह किया कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत खाद का कारखाना स्थापित कराया जाय, ताकि यहां के बेरोजगारों को भी रोजगार मिल सके। इसकी जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दूबे ने दी।

**डीडीसी रवि आनंद ने डायन प्रथा उन्मूलन हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना किया प्रचार रथ**

## लोगों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जा रहा जागरूक : नीता चौहान

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** डायन कुप्रथा उन्मूलन के लिए मंगलवार को समाहरणालय परिसर से उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे। इस प्रचार रथ के माध्यम से डायन कुप्रथा उन्मूलन के लिए लोगों को जागरूक किया जायेगा। यह प्रचार रथ पलामू जिला के सभी प्रखंडों, प्रमुख चौक-चौराहों एवं हाट-बाजारों में ऑडियो के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का काम करेगी। मौके पर डीडीसी रवि आनंद ने कहा कि जिले में डायन अधिनियम 2001 के तहत डायन कुप्रथा को जड़ से समाप्त करने के उद्देश्य से जागरुकता रथ को रवाना किया गया है। सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रथ के माध्यम से लोगों को डायन अधिनियम 2001 की जानकारी देकर डायन कुप्रथा के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने कुप्रथा को समाप्त करने में जिला प्रशासन का साथ देने की अपील की। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने बताया कि डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम के तहत साल 2023 में अभी तक पूरे जिले में कुल 47 मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि इस कुप्रथा के विरुद्ध लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक के माध्यम से तांत्रिक के झाड़ फूंक एवं अंधविश्वास को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। इस निमित्त समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रचार रथ रवाना किया गया। रथ के माध्यम से लोगों को अंध विश्वास के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है। डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम, 2001 के तहत किसी महिला को डायन के रूप में पहचान करने वाले तथा उस पहचान के प्रति अपने किसी भी कार्य, शब्द या रीति से कार्रवाई करने वाले को अधिकतम तीन महीने तक कारावास या एक हजार रुपये जुमार्ना अथवा दोनों सजा का प्रावधान है। किसी महिला को डायन के रूप में पहचान कर उसे जानबूझकर शारीरिक या मानसिक यातना या अन्यथा प्रताड़ित करने पर छह माह की सजा या दो हजार रुपये जुमार्ना अथवा दोनों सजा का प्रावधान है। महिला को डायन बताकर प्रताड़ना के लिए समाज को उकसाने पर भी सजा निर्धारित है।

**पांकी के सुदूरवर्ती गांव महुगाई पहुंचे विधायक, ग्रामीणों की सुनी समस्या**

## विद्युत आपूर्ति किये बिना ग्रामीणों को बिल भेजना गलत : डॉ शशिभूषण मेहता

खबर मन्त्र संवाददाता

**बिजली विभाग की लापरवाही नहीं की जायेगी बर्दाश्त**



**पांकी पलामू।** पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता मंगलवार को बिधानसभा क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत केरकी के महुगाई गांव पहुंचे। भ्रमण के दौरान बिधायक डॉ मेहता ने ग्रामीणों की सनास्या को सुना और शीघ्र निदान का आश्वासन दिया। विधायक से स्थानीय ग्रामीणों ने बिजली विभागकी घोर लापरवाही और मनमानी की शिकायत की। ग्रामीणों ने बताया कि गांव मे बिजली बिभाग द्वारा ट्रांसफार्मर और पोल लगा दिया गया है लेकिन बगैर विद्युत आपूर्ति के ही बिल आना शुरू हो गया है। बिजली नहीं है फिर भी बिल चालू है इसकी शिकायत मिलते ही विधायक आक्रोशित हो गए। उन्होंने कहा की बिजली आपूर्ति किये बिना ग्रामीणों को बिजली बिल भेजना गलत है। बिजली बिभाग की लापरवाही और मनमानी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इसके विरुद्ध करवाई जरूरी है। जरूरत पड़ा तो जोरदार आंदोलन किया जायेगा। विधायक ने कहा कि यह अकेले महुगाई का मामला नहीं है। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा में अनेकों गांव की यह समस्या है जिस गांव में बिजली नहीं है फिर भी बिल चालू है यह बिजली विभाग का लापरवाही है। उन्होंने बताया कि कई गांव में इस पोल पर तार भी नहीं है फिर भी बिल चालू है जो समझ से परे है।

## जलापूर्ति योजना पर मंत्री जी का विशेष फोकस है : अभिषेक कुमार सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झामुमो के युवा नेता सह व्यवसायी अभिषेक कुमार सिंह ने कहा कि मेदिनीनगर नगर निगम के प्रत्येक परिवार को नल के माध्यम से मानक मात्रा में जल सुलभ कराने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर प्रयासरत हैं। पूर्ववर्ती सरकार में मेदिनीनगर शहरी जलापूर्ति योजना फेज-2 को इतना पेचिदा बना दिया गया था, कि योजना को पटरी पर लाने में वर्तमान सरकार को बड़ी मशक्कत करनी पड़ी। मेदिनीनगर जलापूर्ति योजना, पर मंत्री का विशेष फोकस है। फिलवक्त मामला जुडको के पास है और निष्पादन की प्रक्रिया चल रही है। पूर्व मेयर, अपने कार्यकाल की असफलता को छिपाने के लिए लगातार दूसरे पर दोषारोपण कर रही हैं। पूरे कार्यकाल में जनहित का उन्होंने कोई ख्याल नहीं रखा, अब समर्थन हासिल करने के लिए जनता की समस्या दूर नहीं कर पाने के लिए दोषारोपण करने में जुटी है। जनहित के विषयों पर काम अगर सरकार रोक रही थी, तब उन्हें अपने कार्यकाल में आंदोलन करना चाहिए था। जनता को भ्रम में डालने से कोई फायदा मिलने वाला नहीं है। मेयर के पास बड़ी शक्ति होती है, जनता के कार्यो को उन्हे समय पर पूरा करना चाहिए था। इसमें वह असफल रही हैं, इसे ईमानदारी से स्वीकार करना चाहिए।

## रेहला थाना के तोलरा गांव में एक ही दिन दो लोगों की मौत से मातम

>> मृतकों में एक सेवानिवृत सुबेदार मेजर और एक झारखंड पुलिस मे एसआई थे




खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला थाना क्षेत्र के तोलरा गांव में एक ही दिन दो लोगों के मौत से मातम का माहौल है.आर्मी के सेवानिवृत सुबेदार मेजर वीरेंद्र तिवारी (65) और झारखंड पुलिस के एसआई नवल किशोर तिवारी (55) का निधन हो गया। दोनो का कोयल नदी तट पर मंगलवार को एक साथ दाह संस्कार किया गया। विरेन्द्र तिवारी अपने पीछे दो पुत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। जबकि नवल किशोर तिवारी तीन पुत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। अंतिम यात्रा में कई लोग शामिल हुए जिसमे भाजपा नेता डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, रासबिहारी तिवारी, सच्चिदानंद तिवारी, मुरारी तिवारी,जनेश्वर तिवारी, अशोक तिवारी, बाले तिवारी, उपेन्द्र तिवारी, धीरन तिवारी, बालमुंकुंद तिवारी, दिपु तिवारी, रामनिवास तिवारी, रोहित तिवारी सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

### विकास का पैमाना है बेहतर पथ : जिप सदस्य रीता



पाटन पलामू। पाटन प्रखंड के पंचायत लोईंगा अंतर्गत लोईंगा ग्राम में पीसीसी पथ का शिलान्यास जिला परिषद सदस्य रीता देवी ने किया। मौके पर जिला परिषद पति नंद कुमार यादव, विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, अशोक तिवारी, किसुनपुर ओपीप्रभारी नीरज सिंह, मुखिया गुड्डु यादव, नारद यादव समेत कई लोग शामिल थे। रीता देवी ने कहा कि ग्रामीणों का पथ निर्माण काफी पुरानी मांग थी जिसे आज शिलान्यास कर पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बेहतर पथ किसी भी क्षेत्र के विकास का पैमाना होता है। पथ बन जाने से लोगों का आवागमन सुलभ होगा। वहीं क्षेत्र के व्यवसाय भी आगे बढ़ेगा। लोगों को लोईंगा से प्रखंड मुख्यालय आने से सहुलियत होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना मेरी प्राथमिकता है।

### ट्रक और पिकअप वैन की टक्कर में दो लोग घायल



**हरिहरगंज पलामू।** पिपरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत विजय तारा पेट्रोल पंप से आगे एनएच 98 पर सोमवार को ट्रक और पिकअप के आमने-सामने हुई टक्कर में पिकअप चालक सहित दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में बिहार के फेसर स्टेशन पोखराहा गांव निवासी छेदी साव के 45 वर्षीय पुत्र चालक अजय साव तथा बारूण थाना क्षेत्र के कजवा कुड़वां निवासी कामता सिंह के 25 वर्षीय पुत्र दिनू कुमार का नाम शामिल है। इस संबंध में पिपरा थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि पिकअप बीआर 11 एस 3015 छतरपुर के तेतरियाडीह धान काटने के लिए मजदूर के लिए आ रहा था। इस दौरान छतरपुर की ओर से आ रहे एक ट्रक से पिकअप की जोरदार टक्कर हो गई। खलासी दीनू गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों का गंभीर हालत देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदनीनगर रेफर कर दिया गया।

### बडीहा के मृत दंपत्ति का किया गया अंतिम संस्कार



**पाटन पलामू।** मृत दम्पति बडीहा निवासी नवल किशोर दुबे का मंगलवार को अंतिम अन्त्येष्टि कर दिया गया। बड़े पुत्र मुकुल दुबे ने पिता को मुखाग्नि दी। मालूम हो कि सोमवार को बरडीहा निवासी नवल किशोर दुबे तथा उनकी पत्नी चम्पा देवी ने एक साथ कीटनाशक दवा खाकर आत्म हत्या कर लिया था। मृत दम्पति के रिश्तेदार तथा भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने मृतक के घर पहुंच कर ढांढस बंधाया तथा अंत्येष्टि में भाग लिया। बडीहा ग्राम में एक साथ दो अर्थी उठने पर पुरा गांव तथा आसपास के सभी लोग मायूस थे। मृतक नवल किशोर तिवारी तीन पुत्र समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक मामले निस्तारण का लक्ष्य : पीडीजे

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर में 9 दिसंबर को 10:30 बजे से किया जाएगा। जिसका उदघाटन लाभुक के द्वारा किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी पलामू के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मामले निस्तारण के लिए 13 पीठो का गठन किया गया है इसमें सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक मामले निस्तारण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि पिछली बार की तुलना में इस बार डिस्पोजल का दर ज्यादा होगा। उन्होंने बताया कि पिछले राष्ट्रीय लोक अदालत में 14 हजार 231 मामले का निस्तारण किया गया था। यह आंकड़ा इस बार 15 हजार के पार होगा। उन्होंने बताया कि राषटीय लोक अदालत में चेक बाउंस से सम्बंधित बाद,सुल्हनीय परवरीति के फौजदारी मामले, सभी प्रकार के दीवानी मामले, बिधुत अधिनियम के बाद, विवाहोत्तर प्रताड़ना के बाद,राजस्व न्यायालय में लंबित मामले, अंतिम प्रपत्र से सम्बंधित बाद, श्रम बाद, रेलवे न्यायालय में लंबित मामले,छोटे आपराधिक बाद, बैंक ऋण के मामले,बी एस एन एल, बिजली से सम्बंधित ,भूमि अधिग्रहण के मामले, एम ए सी टी, पारिवारिक विवाद, सर्विस से सम्बंधित आदि मामले निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पक्षकारों को मामले निस्तारण के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में मामले निस्तारण से श्रम, शक्ति व पैसे की बचत होती है। साथ ही लोगों में वैमानता सदा सर्वदा के लिए समाप्त हो जाता है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत सुलभ न्याय पाने का सबसे बेहतर मंच है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत प्रथम पीठ में कुटुंब न्यायालय से संबंधित मामले का निस्तारण किया जाएगा। इसमें मामले का निस्तारण कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तंड प्रताप मिश्र व अधिवक्ता छाया सिंह करेंगे।

### कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी का गढ़वा में सामूहिक विवाह समारोह आज : हसीबुल्लाह



मेदिनीनगर। कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी ने 6 दिसंबर को गढ़वा में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया है। मंगलवार को स्थानीय कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में सोसायटी के सहायक सचिव हसीबुल्लाह अंसारी एवं कोषाध्यक्ष उषा कुमारी ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गढ़वा दानरो नदी छठ घाट के पास समारोह का आयोजन हुआ है। इसमें पलामू प्रमंडल के 101 गरीब,असहाय कन्याओं का विवाह सामूहिक रूप से कराया जायेगा। इसमें पलामू जिले से 33 कन्याएं भी शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि के मंत्री मिथिलेश ठाकुर होंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में गढ़वा के उपायुक्त एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा पूर्व मेयर अरुणा शंकर, पूर्व डिप्टी मेयर राकेश सिंह उर्फ मंगल सिंह सहित कई राजनीतिक एवं सामाजिक लोग भाग लेंगे। विवाहित जोड़े को संस्था के द्वारा वस्त्र एवं उपहार सामग्री दिया जायेगा। पिछले वर्ष मेदिनीनगर के शिवाजी मैदान में 51 गरीब असहाय कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया गया था। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा जिसमें सुर संग्राम के कलाकार अर्चना गोस्वामी, कुमकुम बिहारी, चंदन मिश्रा, एकता मालन भाग लेंगे।

## पाल्हे में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**अबुआ आवास के लिए ग्रामीणों ने जमा किये आवेदन**



खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू।** प्रखंड के पाल्हे पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन पाटन प्रमुख शोभा देवी, पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह, पाटन सीओ दीपक कुमार मिश्रा, पाल्हे पंचायत मुखिया लीलावती देवी, पाटन बीससुत्री अध्यक्ष रामानंद पाण्डेय, बीससुत्री सदस्य कमेश पाण्डेय, बीससुत्री सदस्य इस्तेखार अंसारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में मनरेगा विभाग, जाति, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, अबुआ आवास योजना रजिस्ट्रेशन केन्द्र, कृषि, पशुपालन विभाग, सहकारिता, मुख्य मंत्री पशुधन योजना, बालविकास योजना के तहत सावित्री बाई फुले योजना, कल्याण विभाग, आपूर्ति विभाग, राजस्व विभाग सहित कई विभाग के स्टॉल लगाकर आवेदन प्राप्त किया गया। शिविर में बीपीआरओ कामेश्वर मेहता, आवास कोडिनेटर शीवम कुमार, पन्द्रहवीं वीत कोडिनेटर चितरांगद कुमार, मनरेगा बीपीओ निर्मल कांत ठाकुर, मवेशी डॉ मनीषा कुमारी, पाटन डीलर संघ के अध्यक्ष शेषनाथ सिंह, बाल विकास परियोजना सुपरवाइजर शांति कमलेश, पंचायत सचिव मिथलेश सिंह, सीआई बालमोहन सिंह, विष्णु कुमार, रवीन्द्र कुमार, दीपक तिवारी, राजेन्द्र कुमार, आर्पुति पदाधिकारी सखी चन्द दास, तकनीकी सहायत कुंदन चौबे, दीवाकांत कुमार, प्रितम तिवारी सहित सभी विभागों के पदाधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। शिविर में उपस्थित पदाधिकारियों के द्वारा शिविर में आये ग्रामीणों के समस्या संबंधित आवेदन लिये गये। शिविर में बड़े पैमाने पर लोगों ने अबुआ आवास योजना के तहत आवेदन जमा किया। साथ ही लोगों को प्राप्ति रशीद दी गई। पाटन सीओ ने सभी लोगों से स्टॉल में जाकर योजना का लाभ लेने को कहा। शिविर में बीससुत्री के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा जनता को लाभ कारी योजनाओं की जानकारी दी। शिविर का संचालन मनरेगा सहायक धीरज कुमार सिंह ने किया।

## आशी केयर अस्पताल में डॉ रवीश ने किया जटिल ऑपरेशन





खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डॉ रवीश ने मंगलवार को आशी केयर अस्पताल में बताया कि पलामू में पहली बार बहुत ही जटिल सर्जरी का मामला उनके सामने आया। ऑपरेशन लगातार 4 घंटे तक चला। यह गर्दन पर किसी तेज धार वाले चाकू से हमले का मामला था। तुरंत एनेस्थेटिक डॉक्टर मनीषा के अलावा डॉ चर्चिल, डॉ रजत, डॉ राहुल और असिस्टेंट सहित अन्य के साथ मिलकर सफल ऑपरेशन किया। अगर मरीज को इलाज के लिए रांची ले जाया जाता तो शायद रास्ते में उसकी मौत हो जाती। डॉक्टर रविश ने बताया कि गर्तन रेते जाने के कारण श्वासनली दो टुकड़ों में बंटी हुई थी, इसके चलते मरीज को पहले मुंह के रास्ते से एक नली डाली गई और आपातकालीन ट्रेकियोस्टोमी की गई। उसके बाद तेजी से हो रहे रक्त स्त्राव को रोका गया और फिर अंत में श्वासनली की मरम्मत पूरी की गई। मरीज को अब आईसीयू में स्थानांतरित कर दिया गया है और उसका इलाज चल रहा है। अब वह पूरी तरह से खतरे से बाहर है। अस्पताल के प्रबंधक अमितेष पांडेय एवं मनीष तिवारी ने बताया कि आशी केयर अस्पताल रेफर मरीज का बेहतर इलाज करने के लिए तैयार है। भरोसा करके लोग यहां इलाज कराएं। डॉ रवीश की यह जीवन रक्षक प्रक्रिया पलामू और खासकर उनके हॉस्पिटल के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। प्रेस वार्ता में आशी लाइफ केयर हॉस्पिटल के डायरेक्टर मनीष तिवारी, उप निदेशक अमितेश पाण्डेय, डॉ रविश कुमार मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## धनबाद में अतिक्रमण हटाओ अभियान चला



**धनबाद।** उप राष्ट्रपति 10 दिसंबर को धनबाद आगमान को लेकर सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने के उद्देश से निगम रोजाना अतिक्रमण अभियान चला रहा है। सड़कों से फुटपाथ दुकानदारों को हटाया जा रहा है। हीरापुर से आईएसएम गेट तक नगर निगम अपनी पूरी टीम के साथ सहायक नगर आयुक्त संतोषी मुर्मू, फूड सेफ्टी इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने कोर्ट मोड़ से आईएसएम चौक तक सड़कों से फुटपाथ दुकानदारों को हटाना शुरू किया। इसके बाद देखते ही देखते दुकानो के आगे से सेड को तोड़ा गया दुकानदारों ने विरोध भी किया इस दौरान दुकानों के आगे गंदगी देख सहायक आयुक्त ने दुकानदारों से फाइन भी वसूला गया है।

## साइकिल के लिए मिला 4500 हजार का चेक

**धनबाद।** राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में 24 नवंबर से शुरू हुए आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान आज बाघमारा प्रखंड के बौआकला दक्षिण पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में काजल कुमारी, कविता कुमारी, पायल कुमारी राय, सलमा खातून एवं सबाना प्रवीण को साइकिल खरीदने के लिए डीआरडीए डायरेक्टर मुमताज अली अहमद एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ सुषमा आनंद के द्वारा चेक प्रदान किया गया। चेक मिलने के बाद उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि अब उन्हें अपने घर से स्कूल जाने में आसानी होगी और पढ़ाई में अधिक समय दे सकेंगे।

## ऑन द स्पॉट मिला जन्म प्रमाण पत्र

**धनबाद।** राज्य सरकार के 4 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में 24 नवंबर से शुरू हुए आपकी योजना – आपकी सरकार – आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान एग्यारकुण्ड प्रखंड के एग्यारकुण्ड उत्तर में शिविर के दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभ हेतु सैकड़ो लोगों ने आवेदन दिए। शिविर में आए एग्यारकुण्ड उत्तर पंचायत के वसीम खान ने अपने बेटे के जन्म प्रमाण पत्र हेतु लगे स्टॉल में आवेदन दिया। आवेदन होने के 1 घण्टे के अंदर ही ऑन द स्पॉट उनके बेटे का जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। अपने बेटे का ऑन द स्पॉट जन्म प्रमाण पत्र मिल जाने से सलीम खान ने माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि इस प्रमाण पत्र से उनके कई आवश्यक काम अब आसानी से पूरे हो सकेंगे।

## हर्ल हेल्थ सेंटर में 108 लोगों की हुई नेत्र जांच

**सिंदरी।** हिन्दुस्तान उर्वरक रसायन लिमिटेड सिंदरी कारखाना के द्वारा रोहड़ाबाँध स्थित हर्ल हेल्थ सेंटर में नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन मंगलवार को किया गया। इसमें सिंदरी व इसके आसपास रह रहे 108 लोगों का नेत्र जाँच किया गया। हर्ल हेड वाइस प्रेसिडेंट सुरेश प्रमाणिक ने दीप प्रज्वलित कर नेत्र जाँच शिविर का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के अन्य कार्यक्रम सिंदरी व इसके आसपास रह रहे निवासियों की सुविधा के लिए आगामी किए जाएँगे। नेत्र जाँच शिविर में हर्ल सिंदरी यूनिट हेड सुरेश प्रमाणिक सहित 43 लोगों ने जाँच कराया। वहीं कारखाने के आसपास के 65 लोगों ने भी नेत्र जाँच कराया। शिविर में लगभग 25 मोतियाबिंद के मरीजों को अन्यत्र जाँच और ऑपरेशन की सलाह दी गई। शिविर में हर्ल सिंदरी के चिकित्सक डॉ ए एन सिंह सहित मेडिकल टीम ने ए एस जी आइ अस्पताल धनबाद की मेडिकल टीम को सहयोग किया। शिविर में मुख्य रूप से हर्ल सिंदरी हेड सुरेश प्रमाणिक, हर्ल सिंदरी एच आर प्रबंधक संत सिंह, हर्ल सिंदरी के चिकित्सक डॉ ए एन सिंह, पतंजलि योगपीठ के उमाशंकर सिंह, आर सी प्रसाद मौजूद थे।

### शैक्षणिक सलाहकार ई बाला गुरुस्वामी और ओएसडी संजीव राय ने कहा

# छह मूल मंत्रों से छात्रों को मिलेगा सक्सेस

### बीआईटी सिंदरी में सेमिनार आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** झारखंड के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन के शैक्षणिक सलाहकार प्रो (डॉ) ई बाला गुरुस्वामी, यूनिवर्सिटी इंस्पेक्टर सह ओएसडी डॉ संजीव राय और जेयूटी कुलपति डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह मंगलवार को बीआईटी सिंदरी पहुँचे। उन्होंने संस्थान के असैनिक अभियंत्रण शाखा के सी 51 सभागार में संस्थान के छात्र छात्राओं को की टू सक्सेस सेमिनार में औद्योगिक शिक्षा प्राप्त कर अपनी अलग जगह स्थापित करने और देश की उन्नति में अपनी अहम भूमिका के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर संस्थान निदेशक डॉ पंकज राय ने तीनों अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर और झारखंड के पुरोधा बिरसा मुंडा की मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इसके पूर्व सोमवार को शैक्षणिक सलाहकार और ओएसडी ने आईआईटी धनबाद का भी दौरा किया और जानकारी ली। झारखंड सरकार के शैक्षणिक सलाहकार प्रो (डॉ) ई बाला गुरुस्वामी ने छात्र - छात्राओं को सफलता के 6 मुख्य सूत्र बताए। इनमें उद्देश्य, सकारात्मकता, दृढ़ता, प्रदर्शन, निपुणता के साथ पूर्णता और समय की पाबंदी को मुख्यतया अपने जीवन में उतारने की सलाह दी। अपने सफलता का अनुभव भी सभी के साथ साझा किया।

### हमें सामाजिक पूंजी पर निवेश करना चाहिए

झारखंड सरकार के ओएसडी डॉ संजीव राय ने कहा कि हमें सामाजिक पूंजी पर निवेश करना चाहिए। आकस्मिक रवैया हताहतों की ओर ले जाता है। संस्थान के पूर्व निदेशक सह जेयूटी कुलपति डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह ने सभी को सफलता की नई परिभाषाओं से परिचित कराया। 'सक्सेस' को किसी मापदंड से तोलने के बजाय किसी व्यक्ति के विपरीत परिस्तिथियों में उभरकर नये रूप में सामने आने से जोड़कर चित्रित किया। संस्थान निदेशक डॉ. पंकज राय ने सेमिनार का उद्घाटन किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन सीडीसी अध्यक्ष डॉ घनश्याम ने संस्थान में तत्कालीन परिस्तिथियों और विभिन्न कंपनियों के आगमन को भी प्रकाशित किया। सेमिनार के प्रवक्ता अंतिम सत्र के अनिकेत तिवारी एवं रस्मिता सोरेन रहे।

## सड़क दुर्घटना में दो छात्रों की मौत

**बलियपुर।** जिले के बलियापुर थाना क्षेत्र के पांडेडीह के समीप मंगलवार को एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को चकमा दे दिया । जिसके बाद बाइक सवार दो युवक पेड़ से टकरा गया और गिर पड़े । इसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस पहुंचकर दोनों घायल युवकों को धनबाद शहीद निर्मल महतो चिकित्सा अस्पताल ले गए। जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया। मृतकों में एक युवक का नाम सूरज कुमार है जिसकी उम्र लगभग 17 वर्ष थी।



**बोकारो। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन अपनी यात्रा के क्रम में गिरीडीह से रांची लौट रहे थे। इस दौरान उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार आदि ने महामहिम को पेटरवार स्थित जिला बार्डर पर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।**

## मिथिला एकेडमी में पांच दिवसीय सांस्कृतिक सप्ताह का समापन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** स्थानीय मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल में पांच दिवसीय सांस्कृतिक सप्ताह दर्पण के समापन समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष प्रभात कुमार झा कुमारी अर्चना भरतनाट्यम फैकल्टी सुचित्रा मिश्रा स्कूल के प्राचार्य अशोक कुमार पाठक ने किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के चारों सदन के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रथम दिन समूह गान में मंच का संचालन कविता कुमारी ने किया। द्वितीय दिन नाटक का आयोजन किया गया जिसमें करप्शन वूमेन एंपावरमेंट ऑल आर इक्वल और नामकरण को दशार्या गया। नुक्कड़ नाटक का मंच संचालन अर्चना दुबे के द्वारा किया गया। तृतीय दिन मूक अभिनय का आयोजन किया गया। मंच संचालन रचना शर्मा ने किया। चौथे दिन कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। पांचवें दिन समूह नृत्य कर बच्चों ने पूरे वातावरण को सम्मोहित कर दिया। मंच का संचालन ज्योति सिंह द्वारा किया गया।

## सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनाधिशासी कर्मियों ने ली सुरक्षा की शपथ

### 45 अनाधिशासी ने लिया प्रशिक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** एचआरडी के मिनी ऑडिटोरियम में संयंत्र के विभिन्न गैर संकार्य विभागों के 45 अनाधिशासीयों के लिए एक दिवसीय सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके अधिकारियों ने फैकल्टी के रूप में प्रशिक्षण देने का कार्य किया। उदघाटन सत्र मे सीजीएम सुरक्षा व अग्निशमन सेवा बीके सरतापे तथा जीएम देवाश्री रानी टोप्पो उपस्थित थे। सर्वप्रथम वरीय प्रबन्धक जीके सिंह ने सभी प्रतिभागियों तथा अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। तत्पश्चात बीके सरतापे ने सभी प्रतिभगियो को सुरक्षा शपथ दिलाई। उन्होंने प्लांट के लिये सेफ्टी की उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा सभी प्रतिभगियो से इस कार्यक्रम से अधिकतम ज्ञान हासिल करने की अपील की। जीएम देवाश्री रानी टोप्पो ने सभी प्रतिभागियों से इस कार्यक्रम को अन्तः क्रियात्मक बनाकर अधिकतम ज्ञान अर्जित करने तथा अपने अर्जित ज्ञान को विभाग के लोगों के साथ साझा करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम के आयोजन मे वरीय आपरेटिव राकेश कुमार कौशलेन्द्र प्रताप सिंह तथा इंस्ट्रक्टर अर्जुन प्रसाद बाउरी का सराहनीय योगदान रहा।

## ऑन द स्पॉट मिला सर्वजन पेंशन का लाभ

### आपकी सरकार आपके द्वार

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** बाघमारा प्रखंड के बौआकला दक्षिण पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर के दौरान सरमीला देवी को आवेदन करने के जांचोंप्रांत शिविर स्थल पर सर्वजन पेंशन का लाभ प्रदान किया गया। सर्वजन पेंशन की स्वीकृति मिलने के बाद उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया। शिविर में मौजूद डीआरडीए डायरेक्टर मुमताज अली अहमद एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सुषमा आनंद द्वारा उन्हें स्वीकृति पत्र सौंपा गया। लाभुक ने बताया कि सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के प्रचार रथ के माध्यम से आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम की जानकारी मिली। इसके बाद उन्होंने अपने पंचायत में लगे शिविर में पहुंचकर पेंशन हेतु आवेदन दिया। आवेदन देने के कुछ क्षण बाद ही उन्हें पेंशन की स्वीकृति प्रदान की गई। सर्वजन पेंशन की स्वीकृति मिलने के बाद उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने बताया कि इस पेंशन की राशि से जीवनयापन में काफी सहायता मिलेगी।

## शालीमार स्वीट्स से दो बाल श्रमिक मुक्त

**कतरास।** उपायुक्त धनबाद के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के दिशा निर्देश में देश भर में चलाए जा रहे बाल श्रमिक विमुक्त अभियान के तहत आज जिला धावा दल द्वारा शालीमार स्वीट्स पचगड़ी, कतरास में दो बाल श्रमिक को विमुक्त किया गया। जिला धावा दल का नेतृत्व श्रम निरीक्षक धनबाद बसन्त महतो के नेतृत्व में किया गया। धावा दल में बाल संरक्षण इकाई धनबाद के एल पी ओ विश्वंभर पोद्दार, झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के नईमुद्दीन अंसारी एवं कतरास थाना के पेट्रोलिंग पार्टी सामिल थी। झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थाक शंकर रवानी ने कहा कि बाल श्रम कराना कानूनन अपराध है।

## साइकिल खरीदने के लिए स्कूली बच्चों को मिला चेक

### सरकार आपके द्वार

खबर मन्त्र संवाददाता

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 7 स्थित शाही मोहल्ला के आंगनबाड़ी केन्द्र में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शिविर लगाया गया जिसमें 688 लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जमा किए। शिविर में दो स्कूली बच्चों को साइकिल खरीदारी के लिए चेक दिया गया। वहीं जन वितरण से जुड़े हुए राशन कार्ड में संशोधन को लेकर 40 लाभुकों ने आवेदन जमा किए व 5 लाभुकों का आधार में संशोधन किया गया वहीं धोती,साड़ी व लूंगी के लिए 200 लाभुकों को इस योजना का लाभ मिला।अंचल कार्यालय द्वारा 100 लाभुकों के बीच कंबल का वितरण किया गया वहीं जाति के 75,आय के 74,जन्म के 20,मृत्यु के 2,दिव्यांगता प्रमाण पत्र के 2,आयुष्मान कार्ड 61,सर्वजन पेंशन 15,सावित्री बाई फूले बालिका समृद्धि योजना 32,आधार कार्ड नया 8, गुरूजी क्रेडिट कार्ड 21,बिजली बिल से संबंधित शिकायत के लिए 4 आवेदन लाभुकों ने जमा किए।मौके पर सीओ कृष्ण कुमार मरांडी,चिरकुंडा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संदीप कुमार पासवान, सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन,मिशन मैनेजर अरुण बडाईक, कनिय अभियंता उत्तम कुमार के अलावे चिनमय बनर्जी, अमर दास,अनिल साव, ओंकारनाथ श्रीवास्तव, बैजू साव,रवि प्रजापति, अनूप कुमार आदि थे।



## श्रमिकों का बायोमैट्रिक सत्यापन जरूरी



**बोकारो।** झारखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड एवं झारखण्ड असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा योजना के सभी श्रमिकों का बायोमैट्रिक सत्यापन कराना जरुरी है। बायोमैट्रिक सत्यापन के बाद ही श्रमिकगण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। सहायक श्रमायुक्त प्रवीण कुमार ने अपील किया कि जिले के सभी श्रमिकजन शीघ्र अपना बायोमैट्रिक सत्यापन करवाएं ताकि बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं से उन्हें अच्छादित किया जा सके। उल्लेखनीय हो कि भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार के निबंधित श्रमिकों को श्रमिक औजार सहयता योजना पारिवारिक पेंशन साइकिल सहायता योजना नि:शक्तता पेंशन चिकित्सा प्रतिपूर्ति योजना अनाथ पेंशन, सेफ्टी कीट मातृत्व प्रसुविधा योजना मेधावी पुत्र-पुत्री छात्रवृत्ति का लाभ मिलता है।

### नोटिस

मैं पतरातू प्रखंड निवासी मनोज कुमार पाठक सर्व साधारण को सूचित करता हूं की मौजा घुटुवा, तौजी नंबर 28, प्लॉट नंबर 670, रकबा 9 डिसमिल भूखंड व्यवहार न्यायालय रामगढ़ हकियत वाद संख्या 13/2022 मनोज कुमार पाठक बनाम अंशु पाठक के बीच चल रहा है। इसका मामला सिविल जज, जूनियर डिविजन मुंसिफ के न्यायालय में लंबित है। अतः इसकी खरीद -बिक्री में कोई शामिल न हों।

Jharkhand Industrial Infrastructure Development Corporation (JIIDCO)
(A Govt. of Jharkhand Undertaking)
5th Floor, DIC Campus, Udyog Bhawan, Ratu Road,Ranchi-834001, (Jharkhand) Email: jiidcoltd@gmail.com

CIN U45208JH2004GOI011078

**Request for Proposal**

**Notice Inviting no. JIIDCO/12/Internal Auditor/2023-24** **Dated:05-12-2023**

**Subject:- Request for Proposal (RFP) for hiring firm for "Internal Auditor" of Jharkhand Industrial Infrastructure Development Corporation (JIIDCO) & Jharkhand Plastic Park Limited (JPPL).**

RFP is being floated for inviting rate quotation from CAG empanelled Chartered Accountant Firm or Cost Accountant (ICWA) firm for "Internal Auditor" as per following:

| | |
|---|---|
| Last date of submission of RFP | 04.01.2024 at or before 5.00 PM |
| Date of pre bid Meeting | 12.12.2023 at 11.30 AM in JIIDCO |
| Date of opening Technical and financial Bids | 05.01.2024 at 1.00 PM in JIIDCO |
| Office address | Jharkhand Industrial Infrastructure Development Corporation (JIIDCO) & Jharkhand Plastic Park Limited (JPPL) (Subsidiray Company of JIIDCO) Address: 5th Floor, DIC Campus, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi-834001, (Jharkhand) |
| RFP details available at website | www.jiidco.co.in |

Jharkhand Industrial Infrastructure Development Corporation (JIIDCO) reserves the right to accept/reject any RFP or cancel entire process at any point of time without assigning any reason whatsoever.

Sd/-
General Manager (Administration)
JIIDCO, Ranchi

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची

ई० प्रोक्योरमेन्ट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय कॉल)
प्रथम कॉल PR No. 310912
T. Reference No. :- DWSD/Ranchi -21(DT)/2023-24,
Date 04.12.2023

| S.No | Name of work:- Construction of 125/115 mm dia with 70M/90M/120M Ntrs deep drilled tube well with installation of India Mark-II (IS 15500 Part-2/2004) Hand Pump with 32 mm dia GI Medium class riser pipe by Truck Mounted DTH RIG machine with 125 mm dia blue casing UPVS pipe with drain, Platform on Turn key Basisi under D.W.& S. Division, Ranchi East, Ranchi for the Year 2023-24. | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| A.) | Group No. | No. of Tube well | Estimated cost (In Lakh) | Earnest Money (In Lakh) | Cost of BOQ (In Rs.) | Time of Completion |
| 11 | RE /DTW/90MTR/11 | 90 Nos. | 92.42100 | 1.85 | 10000.00 | 165 Days |
| 14 | RE /EDTW/120MTR/14 | 58 Nos. | 76.49040 | 1.53 | 10000.00 | 110 Days |
| B.) | Date of Tender uploading on website | | | 08.12.2023 at 05.00 PM | | |
| C.) | Last Date/Time of Online Biding | | | 16.12.2023 at 05.00 PM | | |
| D.) | Last Date/Time of Online Payment for Cost of BOQ & Earnest Money (As Per direction of Secretary, IT & e Governance, Jharkhand Government vide Memo No.- 120, Dt.- 03.10.2023) | | | 16.12.2023 at 05.00 PM | | |
| E.) | Date/Time of Opening of Tender | | | 18.12.2023 at 05:00 PM | | |
| F.) | Name & address of Opening Officer | | | Executive Engineer, Drinking Water and Sanitation Division, Ranchi East, Ranchi. | | |
| G.) | Name & address of office inviting Tender | | | Executive Engineer, Drinking Water and Sanitation Division, Ranchi East, Ranchi. | | |
| H.) | Contact No. of office inviting Tender | | | 0651-3560890 | | |
| I.) | Contact No. of Procurement Office | | | 0651-2480345 | | |

केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए देखें www.jharkhandtender.gov.in

Executive Engineer
D.W.& S. Division, Ranchi East, Ranchi

PR312780 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D

कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग।

पुनः अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 36/2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक 13.12.23 एवं 14.12.23 को 10:00 पूर्वाह्न से 2:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 16.12.23 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 16.12.23 को 4:00 बजे अपराह्न से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग एवं जिला परिषद, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम :– जिला योजना अनाबद्ध निधि

| क्र० सं० | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | टाटीझरिया | ग्राम बड़मक्का में मनोज कुमार के घर से लोकी महतो के घर तक | 1225800.00 | 2500.00 | 24600.00 | तीन माह |
| 2 | कटकमदाग | ग्राम पकरार में गोपाल सिंह के घर शिव मंदिर तक पी०सी०सी० पथ | 1199900.00 | 2500.00 | 24000.00 | तीन माह |
| 3 | सदर | ग्राम मेरावल में कालीकरण पथ से द्वारिका प्रसाद के घर होते हुए सहदेव प्र0 मेहता के घर तक पी०सी०सी० पथ | 1199500.00 | 2500.00 | 24000.00 | तीन माह |
| 4 | दारू | ग्राम जिनगा में विवाह भवन का | 1198000.00 | 2500.00 | 24000.00 | चार माह |
| 5 | सदर | ग्राम सखिया में सुभाष यादव के घर के सामने सामुदायिक भवन का | 529700.00 | 1250.00 | 10600.00 | दो माह |
| 6 | बड़कागाँव | ग्राम जरजरा में गणेश मुर्मू के घर से लेदो मांझी के घर तक पी०सी०सी० | 1198000.00 | 2500.00 | 24000.00 | तीन माह |
| 7 | बड़कागाँव | ग्राम चन्दौल में संजय प्रजापति के घर से मणिकान्त भुईयाँ के घर तक | 1192200.00 | 2500.00 | 23900.00 | तीन माह |
| 8 | चुरचू | ग्राम काठाडाडी में राजकीय प्राथमिक विद्यालय का चाहरदिवारी एवं गेट का | 1985700.00 | 5000.00 | 39800.00 | तीन माह |
| 9 | चौपारण | शहीद भगत सिंह उच्च विद्यालय, झापा बिसनपुर में भवन का निर्माण। | 1496200.00 | 2500.00 | 30000.00 | तीन माह |
| 10 | विष्णुगढ़ | पंचायत सिरय के खैदाडीह में जनाजा शेड एवं चबुतरा का निर्माण। | 499900.00 | 750.00 | 10000.00 | दो माह |
| 11 | बरही | ग्राम पुरहरा में प्रसादी साव के घर से जितन पंडित के घर होते हुए मुख्य | 1242000.00 | 2500.00 | 24900.00 | तीन माह |
| 12 | दारू | ग्राम शिलाडीह में पिपरा डैम के समीप श्मशान शेड चबुतरा एवं सीढ़ी का | 2183600.00 | 5000.00 | 43700.00 | तीन माह |
| 13 | सदर | हजारीबाग नगर के वार्ड संख्या–34 जयप्रभा नगर में अखिलेश साहू के घर के सामने नाला पर गार्डवाल एवं | 2497400.00 | 5000.00 | 50000.00 | तीन माह |
| 14 | सदर | सदर प्रखण्ड के ग्राम चानो में आई०टी०आई० भारती से लेकर संजय कुमार के घर तक पी०सी०सी० पथ का | 2496700.00 | 5000.00 | 50000.00 | तीन माह |

नोट :–1. अद्यतन UCAN प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित करना अनिवार्य है अन्यथा कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR 312764 (District) 23-24 (D)

# पर्यावरण की चिंता

एक वैश्विक तापमान में वृद्धि 2 डिग्री और 1.5 डिग्री से कम रखने के लक्ष्य तक कम से कम खर्च में पहुंचने के लिए वैश्विक स्तर पर जीएचजी के उत्सर्जन में क्रमशः 28 प्रतिशत और 42 प्रतिशत की कमी आवश्यक है। पेरिस समझौते में यह सहमति बनी थी कि दुनिया का प्रत्येक देश- राष्ट्र निर्धारित योगदान (एनडीसी) को उत्सर्जन में कमी के वैश्विक प्रयासों के अनुरूप आगे बढ़ाएगा। परंतु, इन बातों का निर्णय देशों पर छोड़ दिया गया है और इस दृष्टिकोण से पेरिस समझौता मात्र एक समझौता ही है, न कि संधि। अधिकांश मामलों में एनडीसी इस बात को उचित महत्त्व नहीं दे पाता है कि कौन से लक्ष्य हासिल हो सकते हैं और कौन आवश्यक हैं। यह मालूम होने के बाद कि उत्सर्जन कम करने में दुनिया के देशों ने कितनी प्रगति की है और कौन से उपाय और किए जाने की आवश्यकता है, आशा की जा रही है कि और अधिक महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य तय किए जाएंगे। हालांकि, उत्सर्जन अंतर रिपोर्ट हालात की समीक्षा की तुलना में आंखें खोलने वाली हो सकती है। रिपोर्ट में स्पष्ट कर दिया गया है कि एनडीसी को अगर अद्यतन नहीं किया गया तो यह सर्वाधिक संभावित परिस्थितियों में 2035 तक वास्तविक एवं इच्छित उत्सर्जन में अंतर बढ़ा देगा। इस अंतर को पाटना गणितीय रूप में मुश्किल होगा। इस तरह, वर्तमान और 2030 के बीच की अवधि अति महत्त्वपूर्ण है। अगर वर्तमान एनडीसी में सुधार होते हैं तभी दुनिया के देश उन स्तरों तक तापमान में वृद्धि नियंत्रित कर पाएंगे जिनके ऊपर विनाश की शुरूआत हो जाएगी। दुनिया के देशों को निकट अवधि में अधिक महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य तय करने के महत्त्व को समझना होगा। यह कार्यक्रम आंशिक सफलता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दे रहा है।

# एक आवश्यक सुधार

यह बेहद जरूरी है कि सभी लोकतांत्रिक देश इस पर काम करें। साथ ही, सुनिश्चित करें कि यह गलत हाथों में न पड़े, क्योंकि इससे युवाओं पर गलत असर पड़ेगा। दुनियाभर में क्रिप्टोकरेंसी को लेकर कई प्रकार की धारणाएं हैं। सितंबर में चीन ने क्रिप्टो-लेनदेन पर पूरी तरह रोक लगा दी थी, जबकि जापान और यूके जैसे देशों ने उनके संचालन के रास्ते छोड़े हैं। बुनियादी सवाल यह है कि क्रिप्टोकरेंसी को हम किस रूप में देखते हैं। यह करेंसी है, सम्पदा है या जिंस? इसके साथ ही यह चिंता भी जुड़ी है कि इसके मार्फत मनी लॉनड्रिंग तो संभव नहीं है? आतंकवादियों के वित्तपोषण का माध्यम तो यह व्यवस्था नहीं बन जाएगी वगैरह। इसे देखने की जिम्मेदारी देशों के केंद्रीय-बैंकों व अंतरराष्ट्रीय वित्त-संस्थाओं की है। अर्थव्यवस्था से जुड़ी चिंता भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास क्रिप्टोकरेंसी के विरुद्ध कई बार अपने विचार व्यक्त कर चुके हैं। इसका मैक्रो-इकोनॉमी और वित्तीय-स्थिरता पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। भारत सरकार ने निजी क्रिप्टोकरेंसी पर प्रतिबंध लगाकर उसके नियमन की तैयारी कर ली है। इस सिलसिले में सरकार ने पिछले मंगलवार को क्रिप्टोकरेंसी बिल लाने की घोषणा की, जिसके बाद क्रिप्टो मार्केट धराशायी हो गया। इस उद्योग से जुड़े लोगों का कहना है कि देश के क्रिप्टो-बाजार में दहशत का माहौल है। बहरहाल धीरे-धीरे विश्वास की बहाली हो रही है, क्योंकि सरकार की ओर से कहा जा रहा है कि इस पर पूरी तरह से पाबंदी लगाने के बजाय इसका नियमन किया जाएगा। कानून बनेगा इससे देश की आर्थिक गतिविधियों में एक बड़ा सुधार आएगा। निश्चित तौर पर देश में सरकारकिसी भी आर्थिक नियमों को लागू करती है तो उसमें पूरी सजगता जरूरी है।

# रेल यात्रियों की सुगम यात्रा के बहाने कुछ बातें



हममें से जो लोग शानदार वंदे भारत ट्रेनों या दो शहरों के बीच अबाध और आरामदेह यात्रा मुहैया कराने वाली शताब्दी के वीडियो से खुशफहमी के शिकार हो गए थे, उन्हें पिछले एक पखवाड़े में सामने आए उन वीडियो ने स्तब्ध कर दिया जिनमें लोग त्योहारी मौसम में घरों को जाने के लिए ट्रेनों में संघर्ष करते नजर आए।

जाहिर है यह सामान्य समय नहीं था। यह दीवाली का मौका था और अगले सप्ताह छठ पूजा थी जब बड़ी तादाद में बिहार के लोग अपने गांवों को जाते हैं। रेल विभाग खुद चकित नजर आ रहा था: उसने जोर देकर कहा कि उसने दीवाली के सप्ताहांत पर 24 लाख अतिरिक्त यात्रियों के लिए व्यवस्था की थी और 1,700 अतिरिक्त विशेष ट्रेन संचालित की थीं।

अगर रेलवे की बात मान भी ली जाए कि अतिरिक्त प्रावधान किए गए थे तो साफ है कि वे अपर्याप्त और गलत जगह केंद्रित थे। उदाहरण के लिए संभव है कि जो अतिरिक्त ट्रेनें चलाई गईं उनमें से कई उन जगहों पर नहीं गई हों जहां उन्हें जाना चाहिए था। शायद उन स्टेशनों से भी ट्रेन नहीं चलीं जहां मांग थी।

रेल अधिकारियों की ओर से उल्लिखित आंकड़ा स्वयं इतना बड़ा है कि वह समस्या की भयावहता की ओर संकेत करता है। भारत की रेल व्यवस्था एक चमत्कार जैसी है जिसे हम हल्के में लेते हैं। यह लंबी दूरी का नेटवर्क सामान्य दिनों के हिसाब से दूर-दूर तक फैला है लेकिन जब मांग असाधारण रूप से अधिक होती है तो अतिरिक्त क्षमता जुटा पाना लगभग असंभव होता है।

रेलवे में निवेश के महत्त्व को पहचानने की बात करें तो मौजूदा सरकार को दोष नहीं दिया जा सकता है। इस वर्ष के आरंभ में प्रस्तुत किए गए केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार तीसरी बार पूंजीगत व्यय के लिए सार्वजनिक फंड में लगातार तीसरी बार इजाफा किया।

बजट भाषण के अनुसार पूंजीगत व्यय के लिए 10 लाख करोड़ रुपये की राशि अलग की गई थी। इसमें से आधी राशि परिवहन क्षेत्र के लिए थी। इसकी आधी से अधिक यानी करीब 2.6 लाख करोड़ रुपये की राशि भारतीय रेल के लिए थी। यह कोई कम राशि नहीं है। यह बजट का बहुत बड़ा हिस्सा है। इस राशि का बड़ा हिस्सा ऐसे कामों में जा रहा है जो सामने से नजर नहीं आते।



**- मीहिर एस शर्मा**

> भारत में इसके समकक्ष प्रक्रिया का समर्थन किया जाना चाहिए। इसका एक हिस्सा यह भी है कि लोग जब अपने घर जाना चाहें उन्हें ट्रेन और सीट मिलनी चाहिए। भारत की विकास गाथा के साथ भारतीय रेल को यह भूमिका भी निभानी चाहिए। इस बात को तवज्जो दी जानी चाहिए।प्रवासियों के अनुभवों के अन्य पहलुओं पर ध्यान देने की आवश्यकता है। मसलन आवास का प्रश्न।

उदाहरण के लिए 30,000 करोड़ रुपये पटरियों के दोहरीकरण में। इससे रेलवे के एकबारगी प्रदर्शन में काफी सुधार होगा। इतनी ही राशि नई पटरियों के लिए अलग की जाएगी और करीब 40,000 करोड़ रुपये की राशि रोलिंग स्टॉक के लिए। ऐसे में सरकार की निवेश प्रतिबद्धता पर प्रश्नचिह्न नहीं लगाया जा सकता है। समस्या कहीं और है। या तो यह धनराशि सही जगह खर्च नहीं हो रही है या फिर इसका आवंटन तो हो रहा है लेकिन इसे ढंग से प्रयोग में नहीं लाया जा रहा है।अगर इस धनराशि के लिए रेलवे की जवाबदेही तय करनी है तो कुछ सवालों के उत्तर देने होंगे। परंतु वह जवाबदेही तभी आएगी जब गहरे प्रश्न किए जाएंगे। ऐसा ही एक प्रश्न यह है कि सरकार की नजर में रेलवे का काम क्या है।

एक ओर यात्री किराये को जानबूझकर कम रखा जाता है ताकि इसकी राजनीतिक कीमत न चुकानी पड़े। वहीं माल ढुलाई जो औद्योगिक नेटवर्क के लिए आवश्यक है और कार्बन का इस्तेमाल करने वाले ट्रकों से बचाव के लिए भी जरूरी है उसका इस्तेमाल यात्री सेवाओं की क्रॉस सब्सिडी के रूप में किया जाता है।

यात्री किराये को जहां कम रखने की आवश्यकता है वहीं यात्रियों के आराम को उतनी प्राथमिकता नहीं दी जा रही है। कई सुधार किए गए हैं उदाहरण के लिए खानपान की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। परंतु मोटे तौर पर यात्रियों का अनुभव, खासकर अनारक्षित सामान्य श्रेणी के यात्रियों का अनुभव काफी हद तक दशकों पहले जैसा बना हुआ है। इकलौता सुधार ऐसा है जिसका श्रेय भी रेलवे नहीं ले सकता। अब पहले जैसी शांत यात्राओं के बजाय लगातार यात्रियों के मोबाइल फोन पर चल रहे वीडियो के शोर से दो-चार होना पड़ता है। भारत लंबी दूरी की यात्रा करने वाले गरीबों को आरामदेह और आकर्षक यात्रा मुहैया करा पाने में नाकाम रहा है और यह बात हमारी विकास गाथा की बुनियादी कमी को दर्शाती है।

तथ्य यह है कि दुनिया की किसी भी अन्य जगह की तरह भारत की आर्थिक वृद्धि को भी व्यापक आंतरिक प्रवासन की आवश्यकता होगी। लोग उन जगहों से चले जाएंगे जहां निवेश कम है। वे वहां जाएंगे जहां आपूर्ति श्रृंखला को लेकर बेहतर संपर्क हो तथा परिणामस्वरूप श्रम उत्पादकता तथा वेतन भत्ते अधिक हों। पहले औद्योगिक मुल्क ग्रेट ब्रिटेन की मिलें पश्चिमोत्तर और पूर्वोत्तर इंगलैंड के औद्योगिक इलाकों के कृषि श्रमिकों की मदद से संचालित होती थीं। आधुनिक युग के प्रमुख औद्योगिक देश चीन के प्रभुत्व में भी इसके भीतरी हिस्से से तटवर्ती इलाकों की ओर प्रवासन की अहम भूमिका है।

भारत में इसके समकक्ष प्रक्रिया का समर्थन किया जाना चाहिए। इसका एक हिस्सा यह भी है कि लोग जब अपने घर जाना चाहें उन्हें ट्रेन और सीट मिलनी चाहिए। भारत की विकास गाथा के साथ भारतीय रेल को यह भूमिका भी निभानी चाहिए। इस बात को तवज्जो दी जानी चाहिए।प्रवासियों के अनुभवों के अन्य पहलुओं पर ध्यान देने की आवश्यकता है। मसलन आवास का प्रश्न। हम एकल परिवारों के घर बनाने पर केंद्रित हैं और वह भी उन इलाकों में जहां लोगों के परिवार पंजीकृत हैं। क्या हमें एकल श्रमिकों की जरूरतों पर भी विचार नहीं करना चाहिए जो अस्थायी रूप से अपने परिवारों से दूर रहते हैं? या फिर हमें यही उम्मीद करनी चाहिए कि वे एक कमरे में छह से आठ की संख्या में रहें। या फिर यह कि उनके लिए घर का बंदोबस्त करना नियोक्ता की जिम्मेदारी है।

क्या हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि लोगों को मिलने वाले लाभ, सरकारी पात्रता तथा मताधिकार आदि आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित हो सकें ताकि वे एक बार अपना गृह राज्य या जिला छोड़ने के पश्चात अपनी पहचान से कटा हुआ न महसूस करें?

## खास बात

# वक्त का हिसाब

**अरुणेंद्र नाथ वर्मा**

**अपने** समय की लोकप्रिय फिल्म वक्त के एक विख्यात गीत में साहिर लुधियानवी ने भी बड़ी गंभीरता से समझाया था- आदमी को चाहिए वक्त से डर कर रहे, कौन जाने किस घड़ी वक्त का बदले मिजाज। ऐसी सीखें हम भारतीयों के मन में इस रूप में घर कर गईं कि होनी होकर रहेगी।

पिछले दिनों देश के विभिन्न भागों में रेल के चक्के चार घंटों तक जाम कर दिए, लेकिन तमाम क्षेत्रीय रेल सेवाओं ने आधिकारिक रूप से घोषणा की कि इस अभियान से रेल सेवाओं पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पडा। पड़ता भी कैसे, रेलगाड़ियां चार क्या चौदह घंटे की देरी से भी चलें, रेल प्रशासन और यात्रियों का ध्यान केवल कुछ ह्यउच्च श्रेणी की राजधानी, शताब्दी या वंदे भारत जैसी गाड़ियों के समय से चलने पर केंद्रित रहता है। मुझे याद है वह दिन, जब पटना से कानपुर आने वाली महानंदा एक्सप्रेस के छह घंटे देर से आने की सूचना फोन पर मिल गई थी, लेकिन स्टेशन पहुंचने के बाद घोषणाएं होती रहीं और देरी छह से आठ, आठ से दस और दस से बारह घंटों में बदलती रही। मैंने जब भुनभुना कर अपनी भड़ास निकाली तो स्थानीय लोगों ने शांत स्वर में इसे मेरी मूर्खता घोषित कर दिया और कहा कि ह्यसब जानते हैं यह ट्रेन महागंदा एक्सप्रेस के नाम से कुख्यात है। इसे आपने चुना ही क्यों! हमारी सड़कों पर किसी न किसी कानून से क्षुब्ध लोग आए दिन प्रदर्शन और जुलूस के नाम पर चक्का जाम कर देते हैं।

उसके बिना भी बंगलुरु, दिल्ली आदि महानगरों में सड़कों पर कब कितना जाम लग जाएगा, कोई नहीं जानता। रेलवे स्टेशन, एअरपोर्ट आदि जाने के लिए लोग घंटों पहले घर से निकलते हैं और फिर भी आश्वस्त नहीं हो पाते कि समय से पहुंच पाएंगे।

इसी स्थिति का फायदा उठा कर दफ्तरों में देर से आने वाले कर्मचारी सारा इल्जाम यातायात की कठिनाइयों पर थोप पाते हैं। सरकारी दफ्तरों में और निजी संस्थाओं के दफ्तरों में इन बहानों का अलग-अलग तरीके से इलाज किया जाता है। खासतौर पर यह वहां आसानी से संभव हो पाता है, जहां उच्च अधिकारी खुद समय की पाबंदी में विश्वास रखते हों और सही मिसाल सामने रखते हों।

# पुत्र बने भगवान

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**सीता** हरण के बाद राम ने रास्ते में रक्त देखकर कहा लक्ष्मण लगता है कि लड़ाई भी हुई है क्योंकि खून नजर आ रहा है। आगे बढ़ने पर मांस के टुकड़ें भी नजर आ रहें हैं। फिर आगे जाने पर गिद्धराज जटायु घायल गिरे हुए मिले। श्रीराम ने कहा आपकी यह दशा। जटायु ने कहा रावण ने यह दशा कर दिया है। वह अक्सर ही इघर आता था। जब आज आपलोगों के निवास के निकट जा रहा था तब मैं सचेत हो गया। थोड़ी देर बाद जब वह सीता का हरण करके लौटा तब मैंने उसके रथ को रोका और कहा कि मेरे रहते हुए तुम सीता को लेकर नहीं जा सकते हो। मुझे इतना ही दुख है कि वह मुझसे तलवार का धनी निकला। मुझे घायल करके गिरा दिया औरमेरी आंखों के सामने सीता को लेकर चला गया। ये प्राण निकलना चाहते थे लेकिन मैंने रोककर रखा था इसलिये कि मैं यह खबर आपको कर दूं तब मरूं। श्रीराम दौड़कर जटायु के देह को स्पर्श किये और कहा कि मैं आपके प्राण को रोक दूं। जटायु ने कहा प्रभु मुझे मरने दीजिए, मत रोकिए। क्योंकि एक न एक दिन इस शरीर को मरना ही है और मरने के लिये ऐसा बहाना नहीं मिलेगा कि सीता के लिये लड़कर और कटकर मर जांए। दूसरी बात यह कि मेरी मुक्ति हो रही है। जिस मुक्ति के लिये मुनि लोग जन्म साधन करते हैं और अंत तक नहीं मिलती। वो मुक्ति मुझे हासिल हो रही है। मेरी आंखों के सन्मुख आप है। मेरा ध्यान आपमें लगा हुआ है और आपको देखते-देखते मैं प्राण छोड़ रहा हूं। अतः मुझे मरने दीजिए। गीधराज ने प्राण छोड़ दिया। राम ने कहा लक्ष्मण पिता के मित्र थे इसलिये पिता तुल्य हैं। लकड़ियां इकट्ठा करो।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

**आत्मनिर्भर** होते भारतीय रक्षा क्षेत्र की ताकत का नतीजा यह है कि अन्य देशों से 97 तेजस और 156 प्रचंड हेलीकॉप्टरों के लिए बड़े पैमाने पर ऑर्डर दिए गए।अभियान को सफल बनाने वाले सभी जांबाजों को मेरा सलाम है।

**– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

## आपके ट्वीट

**भारत** का निर्माण करने वाले हमारे मजदूर भाइयों की सुरक्षा सर्वोपरि है। इस मुश्किल अभियान को सफल बनाने वाले सभी जांबाजों को मेरा सलाम है।

**– राहुल गांधी**





**पीएम** ने अपने मन की बात कार्यक्रम में कटनी में आयोजित, रानी दुर्गावती की दास्तानगोई का ज़िक्र किया। यह प्रस्तुति लखनऊ के रहने वाले हिमांशु बाजपेयी और प्रज्ञा शर्मा ने की है। एक दास्तानगोई रानी लक्ष्मीबाई के बारे में भी की है। **– राजनाथ सिंह**

# विगत एक हजार साल से खड़ा है बृहदेश्वर मंदिर

**अभिषेक नारायण**

## पयर्टन

**कैसे** पैसे वाले भारतीय सैलानी तो इटली होकर भी आए होंगे। पीसा की मीनार के बारे में, वहां हमें बताया जाता है कि उस मीनार की ऊँचाई 180 फुट है और इसके निर्माण में 200 वर्ष लगे थे तथा सन 2010 में इस मीनार ने अपनी आयु के 630 वर्ष पूर्ण कर लिए। हमें और आपको बताया गया है कि यह बड़ी ही शानदार और अदभुत किस्म की वास्तुकला का नमूना है। यही हाल मिस्त्र के पिरामिडों के बारे में भी है। आज की पीढ़ी को यह जरूर पता होगा कि मिस्त्र के पिरामिड क्या हैं, कैसे बने, उसके अंदर क्या है आदि-आदि।

लेकिन क्या आपको तंजावूर स्थित बृहदीश्वर मंदिर के बारे में जानकारी है?

बहरहाल बात हो रही थी बृहदीश्वर मंदिर की। दक्षिण भारत के तंजावूर शहर में स्थित बृहदीश्वर मंदिर भारत का सबसे बड़ा मंदिर कहा जा सकता है। यह मंदिर तंजावूर प्रिय कोविल के नाम से भी प्रसिद्ध है। सन 1010 में अर्थात आज से एक हजार वर्ष पूर्व राजराजा चोल ने इस विशाल शिव मंदिर का निर्माण करवाया था। कावेरी नदी के तट पर स्थित यह मंदिर पूरी तरह से ग्रेनाईट की बड़ी-बड़ी चट्टानों से निर्मित है। ये चट्टानें और भारी पत्थर पचास किमी दूर पहाड़ी से लाए गए थे। दसवीं शताब्दी में दक्षिण भारत में चोल वंश के अरुल मोझिवर्मन नाम से एक लोकप्रिय राजा थे जिन्हें राजराजा चोल भी कहा जाता था। इस मंदिर का नाम राजराजेश्वर रखा था और तत्कालीन शासन के सभी प्रमुख उत्सव इसी मंदिर में संचालित होते थे। उन दिनों तंजावूर चोलवंश की राजधानी था तथा समूचे दक्षिण भारत की व्यापारिक गतिविधियों का केन्द्र भी। बाद में जब पश्चिम से मराठाओं और नायकरों ने इस क्षेत्र को जीता तब इसे बृहदीश्वर मंदिर नाम दिया। तंजावुर प्रिय कोविल अपने समय के तत्कालीन सभी मंदिरों के मुकाबले चालीस गुना विशाल था। इसके 216 फुट के विराट और भव्य मुख्य इमारत को इसके आकार के कारण दक्षिण मेरु भी कहा जाता है। 216 फुट ऊँचे इस शिखर के निर्माण में किसी भी जुड़ाई मटेरियल का इस्तेमाल नहीं हुआ है। इतना ऊँचा मंदिर सिर्फ पत्थरों को आपस में इंटर-लॉकिंग पद्धति से जोड़कर किया गया है। इसे सहारा देने के लिए इसमें बीच में कोई भी स्तंभ नहीं है, अर्थात यह पूरा शिखर अंदर से खोखला है। भगवान शिव के समक्ष सदैव स्थापित होने वाली नंदी की मूर्ति 16 फुट लंबी और 13 फुट ऊँची है तथा एक ही विशाल पत्थर से निर्मित है।. गर्भगृह दो मंजिला है तथा शिवलिंग की ऊँचाई तीन मीटर है। आगे आने वाले चोल राजाओं ने सुरक्षा की दृष्टि से 270 मीटर लंबी 130 चौड़ी बाहरी दीवार का भी निर्माण करवाया. सोलहवीं-सत्रहवीं शताब्दी तक यह मंदिर कपड़ा, घी, तेल, सुगन्धित द्रव्यों आदि के क्रय-विक्रय का प्रमुख केन्द्र था. आसपास के  से लोग सामान लेकर आते, मंदिर में श्रद्धा से अर्पण करते तथा बचा हुआ सामान बेचकर घर जाते. सबसे अधिक आश्चर्य की बात यह है कि यह मंदिर अभी तक छः भूकंप झेल चुका है, परन्तु अभी तक इसके शिखर अथवा मंडपम को कुछ भी नहीं हुआ। दुर्भाग्य से ऐसे अदभुत मंदिर की जानकारी भारत में कम ही लोगों को है. इस मंदिर के वास्तुशिल्पी कुंजारा मल्लन माने जाते हैं। सही तीन बटे आठ या 1-3/8 अर्थात, एक अंगुल) फामूर्ले का उपयोग किया. इसके अनुसार इस मात्रा के चौबीस यूनिट का माप 33 इंच होता है, जिसे उस समय हस्त, मुजमह्व अथवा किश्कु कहा जाता था। वास्तुकला की इसी माप यूनिट का उल्लेख चार से छह हजार वर्ष पहले के मंदिरों एवं सिंधु घाटी सभ्यता के निर्माण कार्यों में भी पाया गया है। कितने इंजीनियरों को आज इसके बारे में जानकारी है?(लेखक मेक माई ट्रिप के रांची लोकेशन हेड हैं।)

## कार्टून वर्ल्ड




साभार:कार्टून मूवमेंट

# इतनी उम्मीदें मत पालो कि दिल ही टूट जाये, वर्ल्ड कप में हार पर बोल कपिलदेव

## खेल

भारत ने लगातार दस मैच जीते लेकिन फाइनल में हार गया । पिछले दस साल में भारत आठ आईसीसी टूनामेंटों में से सात में नॉकआउट में हार गया है ।

भारत को पहली बार 1983 में विश्व कप दिलाने वाले पूर्व कप्तान कपिल देव ने इस महीने वनडे विश्व कप फाइनल में आस्ट्रेलिया के हाथों भारत की छह विकेट से हार पर कहा कि अत्यधिक हाइप से दिल टूटते हैं लिहाजा संतुलन बनाये रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रशंसकों को इतना दबाव नहीं बनाना चाहिये और क्रिकेट को दूसरे खेल की तरह ही लेना चाहिये।

उन्होंने यहां कपिल देव ग्रांट थोर्नटन आमंत्रण गोल्फ टूनामेंट के पहले टी आफ कार्यक्रम से इतर कहा ,ह्यह्य इतनी उम्मीदें मत पालिये कि दिल टूट जायें । संतुलन बनाना जरूरी है । दूसरी टीमें भी भारत विश्व कप खेलने आई थी । इतनी हाइप मत बनाइये । हमें खेल को खेल की तरह ही लेना चाहिये । जो मैच के दिन अच्छा खेलता है, उसका सम्मान करिये । हम ज्यादा ही जज्बाती हैं ।

भारत ने लगातार दस मैच जीते लेकिन फाइनल में हार गया । पिछले दस साल में भारत आठ आईसीसी टूनामेंटों में से सात में नॉकआउट में हार गया है ।

कपिल ने कहा ,आज के खिलाड़ी ही बता पायेंगे कि वे कितना दबाव महसूस करते हैं । हम सिर्फ अनुभव कर सकते हैं ।ह्लह्ल उन्होंने कहा ,ह्यह्य भारत जीतता है तो अच्छा लगता है । हमें कुछ कमियों पर ध्यान देना होगा । जीत के बाद भी कमियां रहती हैं और अहम यह है कि उन्हें दूर किया जाये ।

> भारत ने लगातार दस मैच जीते लेकिन फाइनल में हार गया । पिछले दस साल में भारत आठ आईसीसी टूनामेंटों में से सात में नॉकआउट में हार गया है ।
>
> जो मैच के दिन अच्छा खेलता है, उसका सम्मान करिये । हम ज्यादा ही जज्बाती हैं ।

कपिल ने कहा ,ह्यह्य भारत ने लगातार दस मैच जीते । क्या यह काफी नहीं है । हमें दूसरी टीमों को भी देखना चाहिये । तुलना करने की जरूरत नहीं है । यह देखना चाहिये कि हमने अच्छा खेला या नहीं । हमने बहुत अच्छा खेला और बस फाइनल का दिन हमारा नहीं था ।

उन्होंने कहा , दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड को देखिये । इंग्लैंड तो गत चैम्पियन था लेकिन सातवें स्थान पर रहा । उन्होंने फाइनल में हार के बाद भारतीय ड्रेसिंग रूम में जाकर खिलाड़ियों को ढांढस बंधाने के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की ।

कहा , प्रधानमंत्री हौसलाअफजाई नहीं करेंगे तो कौन करेगा । वह देश के नंबर एक व्यक्ति हैं और उनका समर्थन पाना अच्छा लगता है ।

उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में विराट कोहली और रोहित शर्मा के भविष्य पर टिप्पणी से इनकार करते हुए कहा , यह चयनकताओं का काम है और उन्हीं पर छोड़ देना चाहिये । हर बात पर टिप्पणी करना अच्छा नहीं है । वे जिम्मेदार हैं और उन्हें जो ठीक लगता है, वह करना चाहिये ।भारत ने लगातार दस मैच जीते लेकिन फाइनल में हार गया । पिछले दस साल में भारत आठ आईसीसी टूनामेंटों में से सात में नॉकआउट में हार गया है । निश्चित यह फाइनल में पहुंचना भीएक जीत है और इसे भी इन्जॉय करना चाहिए।

## लेटर टू एडिटर

### संकीर्ण सोच

**सेंटर** फॉर केटलाइजिंग चेंज (सी) के सर्वेक्षण के अनुसार समाज की स्त्री वर्ग के प्रति संकीर्ण मानसिकता बरकरार है। सर्वेक्षण में पाया गया कि लड़कों के तुलना में लड़कियों की मोबाइल उपयोगिता बहुत ही कम है जो तकनीक और शिक्षा को लेकर स्त्री वर्ग के प्रति संकीर्ण विचार और नकारात्मक वृत्ति सिर्फ मानसिक पराभव की राह दशार्ते हैं। यह एक गंभीर खतरा है।

**–पुलकित जैन,रांची**

### नस्लवाद से नुकसान

**नस्लवाद** या प्रजातिवाद की अवधारणा को किसी भी हाल में सही नहीं ठहराया जा सकता। अश्वेतों की मात्र इसलिए खिल्ली नहीं उड़ाई जानी चाहिए कि वे अश्वेत हैं, क्योंकि ऐसा करना वसुधैव कुटुंबकम की भावना के विपरीत है। इस संकीर्ण मानसिकता का खात्मा तभी संभव हो सकता है जब हम सभी में वसुधैव कुटुम्बकम की भावना का विकास होगा।

**– सुनील कुमार, हजारीबाग**


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### उज्जवला फाउंडेशन की बैठक



**कुजू।** उज्जवला फाउंडेशन की मासिक बैठक बोंगावार स्थित मोतीराम कॉम्प्लेक्स में मंगलवार को हुआ। बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन के अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति व संचालन फाउंडेशन की वीणा देवी व मनसरी देवी ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान फाउंडेशन के सदस्यों ने अपना लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हुए सदस्यों के स्वावलंबन और संस्था के प्रगति पर चर्चा किया। साथ ही कहा की संस्था का निर्माण जिसके लिए किया गया है, उसके लिए हम सभी प्रयासरत हैं। बाद में संस्था के अध्यक्ष श्री प्रजापति एवं उनके सदस्यों ने छत्तीसगढ़, राजस्थान व मध्यप्रदेश में भाजपा की प्रचंड जीत पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के प्रति आभार जताया। जबकि आगामी 10 दिसंबर को जेपी रेस्टोरेंट के उद्घाटन कार्यक्रम को सफल बनाने पर बल दिया। मौके पर आशा कुमारी, शांति देवी, अनीता देवी, कौशल्या देवी, सुनीता देवी, स्वाती देवी, कुसुम देवी, सुनीता देवी, धनेश्वरी देवी, किरण देवी, सुमन कुमारी, देवंती देवी, रूपा कुमारी, सुलेखा देवी, संगीता देवी, रीता देवी, रेशमी देवी, गीता देवी समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### शिविर में लाखों की संपत्ति वितरित



**रजरप्पा।** कुंदरूकलां पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में बीडीओ पूजा कुमारी, अंचलाधिकारी सत्येंद्र पासवान, नोडल पदाधिकारी सह डीपीआरओ रीना कुजूर, रामगढ़ सदर पार्षद डीएम महतो, कुंदरूकलां मुखिया किसुन राम मुंडा, रामगढ़ जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा, बारलोंग मुखिया रेखा देवी, सीआई राजाराम सिंह मुंडा, प्रखंड कृषि पदाधिकारी विनीता सिंह, बीस सूत्री सदस्य हीरालाल महतो, पंचायत समिति सदस्य प्रियंका देवी ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। इस दौरान बीडीओ, सीओ आदि ने विभिन्न स्टॉल्स का निरीक्षण कर लोगों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया।कार्यक्रम का संचालन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विजय कुमार ने किया। मौके पर पंचायत सेवक संजू करमाली, महेश प्रजापति सहित उप मुखिया मोहराय महतो, प्रदीप नायक, जगदेव महतो, वार्ड सदस्य, रोजगार सेवक, डीलर, आँगनबाड़ी सेविका, सहिया दीदी, एएनएम कर्मी, जेएसएलपीएस कर्मी और भारी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी रही।

### झारखंड वैश्य समाज की बैठक



**रामगढ़।** झारखंड वैश्य समाज की जिमखाना क्लब में मंगलवार को बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता झारखंड वैश्य समाज के केंद्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता एवं संचालन खोगेन्द्र साव ने किया। नंदकिशोर गुप्ता ने कहा कि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद एवं राज्य के पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव की बढ़ती लोकप्रियता के कारण उनका हजारीबाग के एक जमीन मामले में नाम उछालकर उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा की झारखंड वैश्य समाज उनकी छवि को धूमिल करने के प्रयास का विरोध करती है। कहा की यदि विधायक अंबा प्रसाद और पूर्व कृषि मंत्री योगेन्द्र साव की छवि को धूमिल करने का प्रयास जारी रहा तो झारखंड वैश्य समाज इसके विरोध में सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी। मौके पर संजय साव, भीम साव, राजीव जायसवाल, सोनू साव, दिगंबर साव, रविंद्र साव, परमेश्वर साव, पंकज साव, संजय साव, राजेश प्रसाद, नवल किशोर साहू, प्रशांत कुमार आदि मौजूद थे।

### मयूर स्टेडियम में चला स्वच्छता अभियान



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** दोतल्ला पंचायत के मयूर स्टेडियम में मुखिया सत्यवंती देवी के नेतृत्व में मंगलवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। मालूम हो की विगत दिनों मुखिया सत्यवंती देवी व पूर्व मुखिया लव कुमार महतो के बेटी का विवाह समारोह मयूर स्टेडियम में आयोजित हुआ था। अतिव्यस्तता के कारण सफाई अभियान में देरी होने पर मुखिया ने खेद व्यक्त किया है। साथ ही कष्ट के लिए क्षेत्रवासियों से क्षमा मांगते हुए विवाह के सफल आयोजन में सहयोग करने के लिए सभी के प्रति आभार भी जताया है। मौके पर मुखिया सत्यवंती के देवी के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने मयूर स्टेडियम में फैले गंदगी व कचरा की साफ-सफाई कर लोगों को भी स्वच्छता का संदेश दिया है।

मुखिया ने कहा कि अपने घर सहित पूरे पंचायत को साफ-सुथरा रखना हमसबों का दायित्व है। स्वच्छता के बल पर विभिन्न संक्रामक बीमारियों के खतरों से बचा जा सकता है। स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में मुख्य रूप से पूर्व मुखिया सह झामुमो नेता लव कुमार महतो, जल सहिया छुवी देवी, सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब की अध्यक्ष शेरोफिना एक्का, राजु महतो, अनिकेत भुंइया, रोशन कुमार, मोनू झा, संजय कुमार, कुलदीप सिंह, रविकांत सिंह, शशिकांत सिंह, करण कुमार सिंह, राजेश मुंडा उर्फ राजा, सरवन मुंडा, ललकु मुंडा आदि का विशेष योगदान रहा।

# उत्कृष्ट कार्यशैली से मनुष्य होता है महान : मनोज यादव

## स्व. रामनारायण यादव की 39वीं पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि सभा आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** स्वस्थ्य आचार व उच्च विचार के अलावे उत्कृष्ट कार्यशैली से मनुष्य महान लोगों की श्रेणी में आ जाते है।इस बात की जानकारी पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने बरही स्थित आरएनवाईएम कॉलेज में स्व. रामनारायण यादव की 39वीं पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि सभा के आयोजन के दौरान लोगो को संबोधित करते हुए बताया।

पुष्पांजलि सभा में पूर्व विधायक व स्व. रामनारायण यादव के पुत्र मनोज कुमार यादव शामिल हुए। जिसकी अध्यक्षता रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज बरही के प्राचार्य डॉ विमल किशोर ने किया। पुष्पांजलि सभा में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, महाविद्यालय के सचिव परमेश्वर यादव, साशी निकाय शिक्षाविद बिनोद कुमार, विनोबा भावे विश्वविद्यालय साशी निकाय के सदस्य डॉ चंद्रशेखर सिंह, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव समेत सभी अतिथियों ने रामनारायण यादव की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर मनोज कुमार यादव ने बताया कि उनके पिताजी बड़े दिलेर और उदार व्यक्ति थे। स्व. रामनारायण यादव को समाज के लोगों की सेवाभाव और राजनीतिक प्रतिबद्धता उन्हें महान बनाती है। कहा कि महाविद्यालय का शुरूआती दौर काफी चुनौतीपूर्ण रहा है। उच्च शिक्षा को लेकर अभिभावकों की चिंता को देखते हुए महाविद्यालय का निर्माण हुआ था जो आज बड़ा रूप ले चुका है। कहा कि समय के अनुरूप कॉलेज का जितना विकास होना चाहिए, शायद नहीं हो पाया है। लेकिन महाविद्यालय को सजाने और संवारने का काम एक बार फिर से सभी सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता मिलकर शुरू करेंगे। मौके पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 25 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में तब्बसुम प्रवीण ने प्रथम स्थान, ज्योति कुमारी द्वितीय व रेशमा प्रवीण ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीनों सफल छात्राओं को शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया। मौके पर डॉ संजय वर्णवाल, डॉ अरुणा रानी, डॉ ब्रह्मदेव मोदी, डॉ बद्री साव, डॉ अजय रविदास, डॉ अजय रंजन, डॉ संगीता चौधरी, डॉ अरुण रामानुज, डॉ गिरधारी यादव, डॉ अनिरुद्ध चन्द्र बसु, प्रो जागेश्वर यादव, प्रो सजंय बख्सी, डॉ अशोक कुमार, प्रो अब्बास समेत कई लोग मौजूद थे।

# पर्यावरण संरक्षण की दी गयी जानकारी

## जीबीटीटीसी में व्याख्यानमाला का दूसरा दिन

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षण प्रशिक्षण कॉलेज मुकुंदगंज में मंगलवार को छह दिवसीय लेक्चर सीरीज के दूसरे दिन बतौर अतिथि स्वॉयल कंजर्वेशन रिसर्च एंड ट्रेनिंग सेंटर डेमोटांड़ हजारीबाग के प्रशिक्षक सह प्रशिक्षण समन्वयक (सहायक निदेशक) डॉ हिमांशु कुमार ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और संवर्द्धन पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि लोगों को व्यावहारिक जीवन में परिवर्तन लाने की जरूरत है। ग्लोबल वार्मिंग का जिम्मेवार कार्बन डॉईऑक्साइड की मात्रा को वातावरण में कम-से-कम उत्सर्जित करने की आवश्यकता है। इस पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है। इसी वजह से दुनिया के कई देशों में माइनस 30 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया है। विकास के नाम पर संसाधनों के दोहन से पर्यावरण पर पड़ने वाले खतरों से आगाह किया। उन्होंने घटते जलस्तर और मिट्टी के कटाव समेत जलवायु परिवर्तन पर अपने विचार रखे। साथ ही बताया कि भावी पीढ़ी को बचाने के लिए वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड, मिथेन और अन्य जहरीली गैसों के बढ़ते प्रभाव पर हमें काबू पाना होगा। इसके लिए देश-दुनिया के तमाम पर्यावरणविद्, वैज्ञानिक, भू-गर्भशास्त्री और विशेषज्ञ मंथन और चिंतन कर नतीजा निकालने में लगे हुए हैं। बताया कि 18वीं सदी में जहां कार्बन डाईऑक्साइड का स्तर 200 से 250 पीपीएम था, वहीं वर्तमान में इसका लेवल 410 से 430 तक रीड किया गया है। सलाह दी कि संसाधनों का जरूरत भर ही संग्रह करें। कचरे का री-साइक्लिंग कर उसका सदुपयोग करें। मौके पर महाविद्यालय के शिक्षक सहित प्रशिक्षु उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में तीन की मौत, दो गंभीर

**चरही।** ओवरब्रिज के समीप मंगलवार सुबह तेज रफ्तार में आ रही कंटेनर वाहन ने अनियंत्रित हो गई। होटलों के समीप खड़ी दो ट्रकों में पीछे से ठोकर मारते और डिवाइडर को तोड़ते हुए सर्विस रोड में जाकर पलट गई। कंटेनर के परखच्चे उड़ गए। चालक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर उपचालक को कंटेनर से बाहर निकालकर तत्काल इलाज के लिए एम्बुलेंस से सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया गया। बीते सोमवार को मांडू के गोविंद पुर (रंगुबेड़ा )निवासी अनिल हंसदा स्कूटी जेएच 24जी /9173 पर सवार होकर चरही से अपने घर जा रहा था। करमाबेड़ा मोड़ के पास वाहन के चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई।

# हजरत चांद मखदूम शाह बाबा का मना 33वां सालाना उर्स



खबर मन्त्र संवाददाता

**बंगाल, आसाम, बिहार, मध्य प्रदेश, यूपी एवं झारखंड के सैंकड़ों लोगों ने की चादरपोशी**

**चादरपोशी से मन्नतें होती है पूर्ण : अनिल सिंह**

भुरकुंडा (रामगढ़)। भदानीनगर के कुरसे बस्ती स्थित हजरत चांद मखदूम शाह बाबा के मजार पर उनका 33वां सालाना उर्स मनाया गया। इस अवसर पर मंगलवार को खादिम हजरत इसराइल अहमद अंसारी द्वारा मजार पर पहली चारदपोशी की गई। इसके बाद पूर्व पतरातू प्रखंड उपप्रमुख सह मजार कमेटी के संरक्षक अनिल सिंह, अध्यक्ष सुरेंद्र राम, सचिव राजकिशोर पांडेय, मो. अनवर, अशोक गुप्ता, राजगिरी चैधरी, अलीमाम राय, आस मोहम्मद, मो. खलील अंसारी, गुलाम सरवर, शमशेर अंसारी, मो. नसीम, रहमतुल्लाह आदि ने हजरत चांद मखदूम शाह बाबा के मजार पर चादरपोशी कर क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली और अमन चैन की दुवाएं मांगी गई। सुबह 8 बजे से कुरानखानी शुरू हुई। जिसके बाद शाम पांच बजे तक मजार पर चादरपोशी की गई। इसके पूर्व सोमवार को खादिम हजरत इसराइल अहमद अंसारी व उनके अनुवायियों द्वारा गुसुल, कुरानीखानी, मिलाद, फात्याखानी कराया गया। इसके बाद क्षेत्र की सुख-समृद्धि के जिए दुआएं मांगी गई। इस दौरान लंगरखानी के रूप में खिचड़ा का वितरण किया गया। इस दौरान संरक्षक अनिल सिंह ने कहा कि बाबा के मजार लोगों के लिए आस्था का केंद्र है। यहां सच्चे मन से चादरपोशी करने व नमाज पढ़ने वाले व्यक्तियों की हर मन्नतें पूर्ण होती है। मौके पर तैयब अंसारी, अब्दुल हकीम, रयुब, मो.आशीफ रजा, वाजीद अंसारी, मो. हुसैन, मो. नवाज, मो. आफताब आलम, गुलजार अंसारी सहित बंगाल, आसाम, बिहार, मध्य प्रदेश, यूपी एवं झारखड के विभिन्न जिलों के सैंकड़ों लोगों ने मजार पर चादरपोशी कर अपने परिवार व क्षेत्र के अमन-चैन के लिए दुवाएं मांगी।

### अडरा पंचायत में लगा जनता दरबार



**कटकमदाग।** आपकी योजना - आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रखंड के अडरा पंचायत में जनता दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप समहर्ता जयंत कुमार तिवारी,प्रखंड विकास पदाधिकारी एकता वर्मा , अंचल अधिकारी प्रशांत कुमार,जिला परिषद सदस्य जीतन राम,प्रमुख कुमारी विनीता ,मुखिया संगीता देवी ,पंचायत समिति सदस्य गोवर्धन गंझु व उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर जेएसएलपीएस के दीदियों मे से 1सखी मंडल को सीसीएल के तहत 6 लाख का चेक दिया गया। वहीं जेएसएलपीएस के दीदियो के बीच 50 आईडी कार्ड दिया गया। जरूरतमंद विधवा विकलांग एवं वृद्ध के बीच 12 कम्बल वितरण किया गया। वही सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत 5 लाभुकों को साड़ी धोती दिया गया। साईकिल का चेक 58 बच्चे बच्चियों को बीच दिया गया। अबुवा आवास योजना के तहत 300लाभुकों का आवेदन लिया गया। साथ ही अन्य योजनाओं का कृयान्वन किया गया। कार्यक्रम में पंचायत भवन अडरा में सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मनरेगा, खाद्य आपूर्ति विभाग, बिजली विभाग , राजस्व विभाग, जेएसएलपीएस, कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, 15 वे वित्त आयोग आदि संबंधित विभाग की सभी स्टॉल लगी हुई थी। मौके पर कटकमदाग पंचायत मुखिया संगीता देवी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी श्रीकांत कुमार, बीपीओ एकराम हुसैन, बीपीएम राजकुमार,पंचायत सचिव गोकुल महतो, रामप्रसाद महतो, ब्रह्मदेव साव, महेश राम,अकास कुमार, सोनी कुमारी, दीपक रंजन समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री आमंत्रण टूर्नामेंट : हरिहरपुर सेमिफाइनल में पहुंचा

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ग्लास फैक्ट्री आईजी मैदान में मुख्यमंत्री आमंत्रण तीन दिवसीय फुटबॉल कप प्रतियागिता के दूसरे दिन मंगलवार को विभिन्न टीमों के बीच मैच खेला गया। बालिका टीम का पहला मैच हरिहरपुर बनाम देविरया के बीच खेला गया। जिसमें हरिहरपुर की टीम 3-1 गोल से मैच जीतकर सेमीफाइनल के लिए क्वालाई की। वहीं पिछले वर्ष के विजेता व उपविजेता टीम लबगा व चिकोर को बाई के रूप में डायरेक्टर सेमीफाइनल में जगह मिली है। जबकि चोरधरा बनाम पाली के मैच में पाली की टीम 4-3 से जीतकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की है। बुधवार को बालिका ग्रुप में हरिहरपुर बनाम लबगा और चिकोर बनाम पाली के बीच सेमीफाइनल मैच खेला जायेगा। इधर बालक ग्रुप में लपंगा बनाम सौंदा के बीच मैच खेला गया जिसमें लपंगा की टीम 5-3 गोल से मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

कोतो बनाम बलकुदरा में बलकुदरा की टीम वॉक ओवर से, लपंगा व हरिहरपुर में हरिहरपुर 1-0, बारीडीह व देवरिया में देवरिया 3-0, हेसला व हफुआ में हेसला 4-3, सयाल केके व पाली में पाली 2-0, हनुमानगढ़ी व जवाहर में हनुमानगढ़ी 5-4, बीचा व कुरसे में बीचा 2-0, सौंदा बस्ती व सांकी में सांकी 5-4, शाह कॉलोनी व सेंट्रल सौंदा में शाहकॉलोनी 4-3, तालाटांड व कंडेर में केडेर 3-2 और भुरकुंडा बनाम जवाहर नगर के मैच में भुरकुंडा की टीम 3-0 गोल से मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची है। ज्ञात हो की टुर्नामेंट में पतरातू प्रखंड के सभी 42 पंचायतों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया है। टुनामेंट में कुल 42 बालक व 7 बालिकाओं की टीम प्रतियोगिता में भाग ली है। टुनामेंट का फाइनल मैच 6 दिसंबर बुधवार को खेला जायेगा। जिसमें बालक-बालिकाओं के विजेता टीम को विनर ट्रॉफी और उपविजेता टीम को रनर ट्रॉफी और जर्सी देकर अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। विजेता टीम को जिलास्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का अवसर मिलेगा। टुर्नामेंट में रेफरी की भूमिका लक्ष्मण, बालकिशुन, जतरू बेसरा, सुनील मुंडा, बीएन राय, सुरेश दास, जितेंद्र बेदिया, हासीम अंसारी आदि निभा रहे हैं। टुर्नामेंट को सफल बनाने में मो. कमरूद्दीन, चंद्रिका चैधरी, जोहरन करमाली, मो. आजाद अंसारी, हासीम अंसारी, बालदेव बेदिया, हरिश, अमित, सूरज, गौतम, गौरव, गज्जू, प्रितम आदि जुटे थे।

## एक नजर में

### मुखिया के मां के श्राद्ध में शामिल हुए कई लोग



**टाटीझरिया।** झरपो पंचायत के मुखिया सह 20 सूत्री अध्यक्ष शिबुप्रसाद सोनी के वृद्ध माता मो . बासो की श्राद्ध कार्यक्रम में पूर्व विधायक जानकी यादव ,भाजपा सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल अन्य कई दल के नेता मंत्री संग कई पंचायतों के मुखिया समाज सेवी शामिल होकर मृतक आत्मा को शांति सद्गति हेतु श्रद्धा सुमन अर्पित किया। बता दे कि बाद में लौकिक द्वादशा श्राद्ध कार्यक्रम में मुखिया शिबू प्रसाद सोनी ने अपने दोनो भाइयों शंकर सोनी ,मनोज सोनी के संग ब्राह्मण भोजन करवा हृषिकेश पञ्चांग ,कुशआसन ,ग्लास , यथा शक्ति दक्षिणा दान देकर ब्राह्मणों से आशीर्वाद लिया। मौके पर शंकर सोनी ,मनोज सोनी,अमित कुमार सोनी ,पिंटू सोनी,पंकज सोनी, महेश राम, भाजपा कोडरमा लोकसभा सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, ज्योतिष पंडा,सोनू पांडेय, समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन



**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड के +2 उच्च विद्यालय झरपो में शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य शिल्पा सुहासिनी ने कहा कि बच्चों को पढाई लिखाई में आपलोग की सहयोग जरूरी है।बच्चों को बेहतर शिक्षा,अनुशासन देना हमलोगों का पहला काम है। बच्चों को विद्यालय नियमित प्रतिदिन विद्यालय भेजें। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल,अध्यक्ष बसंत राम एवं पूर्व अध्यक्ष निर्मल प्रसाद ने कहा कि बच्चों को विद्यालय में पढाई के साथ घर में पढाई जरूरी जिसके लिए अभिभावक को ध्यान देने की जरूरत है। जिन छात्र- छात्राओं का 18 वर्ष आयु होने वाला है उनका मतदाता सुची में नाम जोडने पर जोर किया गया। मौके पर शिक्षक अरूण कुमार,सविता कुमारी,संजय कुमार,नदीम अख्तर,मनिषा बाला,अनिल कुमार,नीरज कुमार, भुनेश्वर कुमार,चमेली देवी,काजल देवी,बीना देवी सहित कई लोग थे।

### इचाक : शिविर में 12 वृद्धों को पेंशन स्वीकृत



**इचाक।** गोबरबंदा पंचायत में मंगलवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रमुख पार्वती देवी, उप प्रमुख सत्येंद्र मेहता, 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, बीडीओ संतोष कुमार, सीओ मनोज कुमार महथा, मुखिया सह अध्यक्ष जिला मुखिया संघ रंजीत मेहता ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में 12 वृद्ध महिला पुरुषों का पेंशन की ऑन स्पॉट स्वीकृति बीडीओ संतोष कुमार ने दिया। केसीसी के लिए छह किसानों ने आवेदन दिया । सबसे अधिक करीब 400 लोगों ने अबुआ आवास के लिए आवेदन दिया। भूमि संबंधी दाखिल खारिज एवं रसीद निर्गत को लेकर 12 ग्रामीणों ने आवेदन शिविर में दिया। राशन कार्ड में नाम जोड़ने, नाम हटाने एवं नया राशन कार्ड हेतु कुल 38 लोगों ने आवेदन दिया। जिसे ऑनलाइन इंट्री की गई। किशोरी समृद्धि योजना के लिए बालिकाओं का आवेदन ऑनलाइन कर उसकी स्वीकृति दी गई । मौके पर एम ओ राजेश कुमार, अंचल निरीक्षक लवकेश कुमार, बीपीओ राजीव आनंद , डॉ नकुल मोदी, समेत अन्य अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के कर्मी मौजूद थे ।

### हवा महल परिसर में डीलर संघ की बैठक



**पदमा।** हवा महल परिसर में डीलर संघ अध्यक्ष श्याम सुन्दर पाण्डेय की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में उपस्थित डीलरों ने काला बिल्ला लगा कर बैठक में शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि सरकार डीलरों की मांग को 31 दिसंबर तक पूरा नहीं किया तो नया वर्ष 2024 से अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जाएगा। श्री पांडेय ने कहा कि सरकार हमलोगों का कोरोना काल में पीएमजीकेवाई योजना का बकाया कमीशन को अतिशीघ्र दिया जाय, कमीशन एक रुपया के स्थान पर तीन रुपया किया जाय, डीलर को प्रतिमाह 30 हजार मानदेय दिया जाय, अनुकंपा नियम को पुनः लागू किया जाए। केंद्रीय कमिटी के निर्देशन में 4 से 15 दिसंबर तक सभी डीलर काला बिल्ला लगा कर काम करेंगे। 15 दिसंबर के बाद केंद्रीय कमिटी के निर्देश के अनुसार आगे का कार्य किया जाएगा। साथ ही कहा कि 31 दिसंबर तक सरकार डीलरो की मांग पूरी नहीं करती है तो जनवरी 2024 से अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जाएगा। बैठक मेंडीलर वासुदेव प्रसाद, दिनेश्वर सिंह, रामदेव सिंह, मनोज मेहता, रामकुमार जायसवाल, चन्दन कुमार, मो. तारिक अनवर सिद्दीकी एवं सभी महिला समूह सहित अन्य डीलर उपस्थित थे।

### नाबालिग के अपहरण का आरोप, मामला दर्ज

**दारु।** दारु थाना क्षेत्र के मेडकुरी खुर्द निवासी एक युवक पर नाबालिग लड़की के पिता ने शादी का झांसा देकर अपहरण करने का आरोप लगाते हुए दारु थाना मे मामला दर्ज कराया है। आरोपी युवक सन्नी कुमार पिता हीरामन साव मेडकुरी खुर्द का रहने वाला है। लड़की के पिता ने थाना मे दिये आवेदन मे बताया की लड़की इंटर कॉलेज हजारीबाग पढ़ने गयी थी जहाँ से वापस अपने घर नही लौटी।परिजनो ने उसे काफी ढूंढा पर लड़की का पता कहीं भी नाही चल पाया जिसके बाद उन्होंने दारु थाना मे आवेदन देकर आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी बेटी बेटी को ढूंढने की गुहार थाना प्रभारी से लगाया। इस मामले मे पुलिस ने आरोपी युवक सन्नी कुमार के खिलाफ कांड संख्या 74/23 मे मामला दर्ज करते हुए उसे आरोपी बनाया है। पुलिस द्वारा मामला दर्ज किये जाने के बाद वह जांच मे जुट गयी है , उन्हे उम्मीद है की जल्द ही इस मामले मे आरोपी को गिरफ्तार कर लेगी।

### सूर्यकुंड धाम में डोभा निर्माण कार्य बंद

**बरकट्ठा ।** प्रखंड के बेलकपी पंचायत स्थित सूर्यकुंडधाम परिसर से महज दो सौ मीटर की दूरी पर जेसीबी मशीन से डोभा निर्माण कार्य होने पर ग्रामीणों के शिकायत पर बीपीओ ने बंद कराया। बताया जाता है कि डोभा निर्माण गैरमजरूआ जमीन पर मनरेगा से किया जा रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक स्थानीय लोगों को डोभा निर्माण कार्य की जानकारी हुई। तब निर्माण कार्य स्थल पहुंचे। वहां देखा कि जेसीबी मशीन से डोभा की खुदाई हो रही है। निर्माण कार्य कि शिकायत बीपीओ श्याम वर्मा से किया गया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि तत्काल निर्माण कार्य को रोक दिया गया है। इस बाबत में उनसे पूछे जाने पर बताया कि सूर्यकुंड में कोई योजना वित्तीय वर्ष में स्वीकृत नहीं है। हो सकता है कि पुरानी योजना हो। कहा कि उस योजना के राशि भुगतान नहीं होगा। रोजगार सेवक शिवशंकर यादव ने बताया कि सूर्यकुंड में मनरेगा से संबंधित योजना पारित नहीं किया गया है। बहरहाल बीपीओ और रोजगार सेवक के बयान पर जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि योजना स्वीकृत है या फिर लूट योजना है।

### कंडसार : शिविर में कई मामले निष्पादित

**कटकमसांडी ।**कंडसार पंचायत में आपकी योजना आपके द्वार कार्यक्रम का उद्घाटन वरीय पदाधिकारी जेवियर मिंज, बीडीओ वेदवंती कुमारी, बीसीईओ शौकत सरवर, बीस सूत्री अध्यक्ष सरयू यादव, मुखिया वीणा देवी, पूर्व बीससूत्री अध्यक्ष रामकुमार मेहता, उपमुखिया राकेश कुमार सिंह, बीससूत्री उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष नरसिंह प्रजापति व सदस्य रामानुज सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सरयू यादव ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान एक छत के नीचे करने के उदेश्य से आयोजित कार्यक्रम में आम जनता योजना का लाभ उठाएं। कार्यक्रम में सैकड़ो लाभुकों ने अपनी जरुरत हेतु विभिन्न योजनाओं से सम्बन्धित आवेदन दिया। शिविर में मेडिकल कैंप लगाकर मरीजो का चेकअप व दवाएं दी गई।

## स्पीड न्यूज

### पानी मशीन चोरी करने वाला धराया




घाघरा। प्रखंड के बालाखटगा परसा टोली गांव के ग्रामीणों ने सिंचाई मशीन चोरी करने वाले युवक को पकड़कर मंगलवार को पुलिस के हवाले कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ महीनो से गांव में कई लोगों के टुल्लू मशीन, डिलीवरी पाइप, सेक्शन पाइप, बिजली तार, डीजल सिंचाई पानी मशीन, तार की चोरी लगातार हो रही थी। चोरी के सामान की बिक्री की सूचना मिली थी। जिसके बाद कंडरा डुमरटोली गांव पहुंचे तो संजीत उरांव जिनका टुल्लू बीते गुरुवार को चोरी हुई थी जो कंडरा डुमरटोली निवासी नितेश के घर से बरामद हुआ।

### सिसई में खुला सरियत कोर्ट कार्यालय



सिसई। मदरसा रोड दारूल काजा (सरियत कोर्ट) कार्यालय का दारूल काजा के चीप मौलाना अहमद वली फैसल व मुफ्ती मो अंजर आलम कासमी ने संयुक्त रुप से उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि मुस्लिम सरियत कोर्ट का उद्देश्य मुस्लिम समाज मे फैली कुरीतियों को मिटाने और न्याय दिलायेगी। जहां गुमला जिला के मुस्लिम समुदाय के लिए ये कोर्ट खोला गया है। खास कर शादी विवाह में उपजे विवाद को लेकर कोर्ट कचहरी का चक्कर मुस्लिम समुदाय लगाने लगते हैं। जिसे आपसी रिस्ता भी खराब हो जाता है। मौके पर मुस्लिम समुदाय के वल्लामा आदि उपस्थित थे।

### नवडीहा गांव पहुंचा सरकार आपके द्वार



घाघरा। प्रखंड के नवडीहा गांव में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम में कल्याण विभाग, बाल विकास विभाग, मनरेगा, पेंशन, अबुआ आवास, पशुपालन विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित कई अन्य विभागों के स्टाल लगाये गये थे। जहां सैकड़ों ग्रामीणों ने उक्त स्टालों में अपने आवश्यकता अनुसार आवेदन भर कर जमा किया। प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि आप ग्रामीण आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अधिक से अधिक आवेदन भरें। जो भी योग्य होंगे उन्हें योजनाओं का लाभ मिलेगा। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार, उप मुखिया विनीता कुमारी, राजेश्वरी देवी, अशोक कुमार आदि उपस्थित थे।

### कुएं में मिला महिला का शव, दहशत

गुमला। थाना क्षेत्र के फोरी मिडिल स्कूल के बगल स्थित एक कुएं से पुलिस को नंग धड़ंग अवस्था में एक महिला का शव बरामद किया है। शव में सर धड़ से अलग है। जिससे महिला की पहचान कर पाना मुश्किल है। अपराधियों ने बहुत ही नृशंस तरीके से महिला की हत्या की और शव को साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से शव को कुएं में डाल दिया। हालांकि शरीर पर सर व बदन पर कपड़े नहीं रहने के कारण महिला की शिनाख्त करना बहुत ही मुश्किल हो गया है।

### गोविंदपुर की टीम बनी चैंपियन



जारी। प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता 2023-24 मंगलवार को भीखमपुर पारिश मैदान में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में 5 टीमें शामिल हुई। फाइनल मुकाबला गोबिंदपुर और जरदा पंचायत के बीच खेला गया। जिसमें गोविंदपुर पंचायत की टीम गोल से विजयी रही। दोनों टीम को मेडल और शील्ड देकर जारी बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने पुरस्कृत किया। खिलाड़ियों से कहा कि मेहनत करते रहो क्या पता किसकी किस्मत चमक जाये। मौके पर जरदा मुखिया विनय एक्का, गोबिंदपुर मुखिया रजनी मिंज, पंचायत सेवक विनोद उरांव, परशुराम, अर्जुन लकड़ा आदि भी थे।

### जोरी के कार्यक्रम में उपायुक्त शामिल



लोहरदगा। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम सदर प्रखंड के जोरी पंचायत, कैरो प्रखंड के गुड़ी पंचायत और भंडरा प्रखंड के उदरंगी पंचायत में आयोजित किया गया। जोरी पंचायत के कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने लाभुकों के बीच कंबल बांटा। इससे पूर्व उपायुक्त ने कार्यक्रम में ग्रामीण विकास, कल्याण, समाज कल्याण, राजस्व, अंचल कार्यालय, शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग, आपूर्ति, जेएसएलपीएस, मनरेगा, विद्युत आदि विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया और आमजनों को योजनाओं का लाभ उठाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में बीडीओ प्रतिभा कुजूर, सीओ आशुतोष, स्थानीय जनप्रतिनिधि समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण व लाभुकगण उपस्थित थे।

### समिति जल्द करेगी विभागों का बंटवारा



लोहरदगा। जय श्रीराम समिति की बैठक एसपी कोठी स्थित आवासीय परिसर में कोर कमेटी सदस्य सुषमा सिंह की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में कोर कमेटी सदस्य एवं पूर्व पदाधिकारी गण मौजूद थे। बैठक में संचालन समिति को लेकर विशेष चर्चा की गयी। जिसमें कई लोगों को पूरे जिले की जिम्मेवारी सौंपी गयी। संचालन समिति की घोषणा कोर कमेटी सदस्य सुषमा सिंह ने किया। संचालन समिति में अनिल उरांव, प्रदीप साहू, ओम महतो, गुड्डू राय उर्फ रमेश, हेमंत वर्मा, नितेश जायसवाल, रामकुमार साहू, शुभम कुमार, दीपक पासवान, विक्की कसेरा, अनुज कुमार, विनोद प्रसाद, नीरज साहू, चंदन साहू, बजरंग करवा, बजरंग साहू, अवधेश मिश्रा, रामकुमार साहू, अभिषेक शर्मा उर्फ सूर्या आदि थे।

# लोकतंत्र में अपने बहुमूल्य वोट की महत्ता को समझें : चैतु

- ग्रामीणों के साथ बैठक कर समस्या से हुए अवगत, गांव के विकास को लेकर कार्य करने का दिया आश्वासन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

गुमला। घाघरा प्रखंड के जिलिंगसीरा गांव के ग्रामीणों के द्वारा रोड नहीं तो वोट नहीं करने की घोषणा के बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष चैतु उरांव कांग्रेसी नेताओं के साथ गांव पहुंचे और ग्रामीणों की समस्या से रूबरू हुए। ग्रामीणों ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष से कहा कि गांव आने के क्रम में रोड की हालत देख चुके हैं। बरसात में लोगों को आने जाने में कितना कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों के द्वारा रोड को लेकर जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रशासन को आवेदन दिया गया है पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। ग्रामीणों ने गांवों के सभी समस्याओं से कांग्रेस जिलाध्यक्ष को अवगत करवाया। ग्रामीणों ने कहा कि गांव की जलापूर्ति योजना चार पांच महीनों से खराब है। सिंचाई हेतु पानी की व्यवस्था नहीं है। चार महीने से डिलर द्वारा राशन नहीं दिया गया है। आवास, पेंशन योजना, पेयजल,रोड जैसे मुलभुत समस्याओं से अवगत कराया। सभी समस्याओं से अवगत होकर चैतु उरांव ने कहा कि समय-समय पर ग्रामीणों को एक साथ बैठकर अपने एवं गांव के विकास हेतु चर्चा परिचर्चा करना चाहिए। ग्राम सभा के माध्यम से अपने ग्राम के विकास हेतु कार्य योजना तैयार कर संबंधित विभाग को एवं पदाधिकारी को समर्पित किया जाना चाहिए। जिससे कि गांव का सर्वांगीण विकास हो पाए। साथ ही साथ समय-समय पर अपने गांव क्षेत्र में चुने हुए जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारी को भी गांव में बुलाना चाहिए। जिससे कि वह क्षेत्र की समस्याओं से अवगत हो पाए और ग्रामीणों की समस्या का निराकरण हेतु आवश्यक पहल कर सके।

**वोट बहिष्कार की घोषणा की जानकारी मिलने पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष पहुंचे जिलिंगसीरा गांव**



**ग्रामीणों से की अपील :** आप अपने बच्चों को विद्यालय जरूर भेजें। जिससे वह शिक्षित हों। जब शिक्षित होंगे तो अपने अधिकार के प्रति जागरूक होंगे। जिससे उन्हें कोई ठग न सके और वह अपना अधिकारों के प्रति सजग हो पाये। क्षेत्र में विकास की असीम संभावनाएं हैं। आप सभी पहल करें मैं भी संबंधित पदाधिकारी को इस संबंध में अवगत कराऊंगा और आपके गांव में सिंचाई हेतु पानी की व्यवस्था का प्रयास किया जायेगा। जहां तक आपके वोट बहिष्कार की बात है तो मैं कहना चाहूंगा कि आप लोकतंत्र में अपने बहुमूल्य वोट की महता को समझें। अपने विवेक के अनुसार मतदान करें और लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर एक अच्छे नागरिक के रूप में एक जन कल्याणकारी एवं लोक तंत्र की रक्षा करने वाली सरकार का गठन करें। मैं आपके गांव आकर अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करते हुए गांव के विकास के लिए संबंधित पदाधिकारी को अवगत कराउंगा। मौके पर राजीव उरांव, मुखिया फगुआ उरांव, जिला सचिव देवा साहू, तरुण गोप, छात्र नेता राजु उरांव, अमित साहू, भोला महतो, लालू कुल्लू, प्रेम उरांव, पं अध्यक्ष नमुल खां, महावीर उरांव, भोला महतो, सुरेश उरांव, प्रेम उरांव एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

घटगांव पंचायत में आयोजित सरकार आपके द्वार शिविर का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

# आज गुमला जिले की पंचायतों में लगेंगे कार्यक्रम के शिविर

- मंगलवार को जिले की 5 पंचायतों में हुआ कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

गुमला। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को गुमला सदर प्रखंड के घटगांव पंचायत में शिविर का निरीक्षण उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने किया। इस दौरान उपायुक्त ने लाभुकों के बीच परिसंपत्ति बांटी और स्टॉल निरीक्षण एवं शिविर में आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानी। गुमला सदर के घटगांव पंचायत में लगे शिविर में सैंकड़ों लाभुकों के बीच परिसंपत्ति बंटी। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के 02, धोती साड़ी योजना के 31, साइकल वितरण योजना के 07 चेक बांटे गये। सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से 7 छात्राओं के बीच स्वीकृति प्रमाण पत्र एवं एक छात्रा को 20 हजार रुपये का चेक, 57 के बीच कंबल वितरण, 8 के बीच बीज वितरण, 6 के बीच जॉब कार्ड एवं 05 पेंशन कार्ड बांटे गये। इसके अलावा लाभुकों के बीच पौधा वितरण, एवं विभिन्न योजनाओं के तहत सैकड़ों आवेदनों की प्राप्ति की गयी।



छात्राओं को सावित्री बाई फुले योजना का लाभ दिया गया।

**जिले की पांच पंचायतों में लगा शिविर :** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत घाघरा प्रखंड के नावडीह पंचायत, सिसई प्रखंड के शिवनाथपुर पंचायत, गुमला प्रखंड के घटगांव पंचायत, भरनो प्रखंड के करौंदाजोर पंचायत, रायडीह के नवागढ़ पंचायत में शिविर लगाया गया। जहां आसपास के क्षेत्र से आये सैंकड़ों ग्रामीणों ने सरकार की विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टॉल में जाकर जानकारी ली। आवेदन भरा एवं कई आवेदकों को ऑन द स्पॉट योजना का लाभ दिया गया। 6 को गुमला सदर के नवाडीह पंचायत, डुमरी प्रखंड के जुरमू, पालकोट के झिकिरिमा और नप क्षेत्र के वार्ड 10 में शिविर का आयोजन कर विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टॉल्स लगाये जायेंगे।

# लोहरदगा जिले में तेजी से बढ़ रहे बांग्लादेशी घुसपैठिये: मनीर उरांव

## घुसपैठियों का बढ़ना गंभीर मुद्दा, भाजपा करेगी आंदोलन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

लोहरदगा। जिला भाजपा के जिला पदाधिकारी, मोर्चा जिला अध्यक्ष, महामंत्री, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष मनीर उरांव के अध्यक्षता मे बक्सीडीपा जिला कार्यालय मे हुई। बैठक मे उपस्थित जिलाध्यक्ष मनीर उरांव, पूर्व मंत्री सधनु भगत, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रज बिहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो एव उपस्थित सभी पार्टी पदाधिकारियों ने महा पुरूषो के चित्रों में पुष्प अर्पित कर और वंदेमातरम गीत गायन के साथ बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गयी। बैठक के उद्बोधन मे जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि जिले के कुछ स्थानो पर अत्यधिक संख्या मे बांग्लादेशी घुसपैठियो की तादात दिन -प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। ये घुसपैठिये हजार-दो-हजार रुपये खर्च कर अपना राशन कार्ड भी फर्जी तरीके से बनवाकर हमारे 1932 के खतिहानी रैयत, मूलवासियों के हक, हकूक और अधिकार को मारने के लिए तुले हुए हैं। ऐसे लोगो को संरक्षण सत्ताधारी दल के कुछ छुटभैया नेता द्वारा प्राप्त हो रहा है, जो गंभीर मुद्दा है। भारतीय जनता पार्टी ऐसे बाहरी घुसपैठियो के लिए चरण बद्ध रुप से आंदोलन कार्यक्रम की रूपरेखा बैठक के जरिए तय कर रही है।



उपस्थित पदधारियों को संबोधित करते भाजपा नेता।

### उपायुक्त ने एलइडी वैन को दिखायी हरी झंडी

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने मंगलवार को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखंड के एलईडी वैन को समाहरणालय परिसर, लोहरदगा से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस वैन से राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का वीडियो पंचायतों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार में ग्रामीणों को दिखाया जायेगा। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी, नजारत उप समाहर्ता समेत अन्य उपस्थित थे।

## समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना सरकार का लक्ष्य : एसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



भंडरा। प्रखंड के उदरंगी पंचायत स्थित बैमारी खेल मैदान में मंगलवार को आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर समहर्ता सौरव सिन्हा, जिप सदस्य राजमनी उरांव उपस्थित थे। मुख्य अतिथि को बीडीओ व सीओ समरेश प्रसाद ने बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ, अपर समहर्ता सौरव सिन्हा, जिप सदस्य राजमनी उरांव, प्रमुख बरिया देवी, बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता, मुखिया परमेश्वर महली के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अपर समहर्ता ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें यही सरकार की सोच है। ग्रामीण सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें। ग्रामीण सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनें।

सिकछा कर भेंट गतिविधि का जिले में दिख रहा है असर

## 10वीं-12वीं में बढ़ी बच्चों की संख्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- उपायुक्त के द्वारा दसवीं व बारहवीं में बेहतरीन मार्क्स प्राप्ति को लेकर आरंभ किया गया है अभियान
- जिले के विभिन्न विद्यालयों में नोडल पदाधिकारी की हुई है नियुक्ति

गुमला। जिले के सरकारी विद्यालयों के 10वी एवं 12वी बोर्ड की परीक्षा में शत प्रतिशत बच्चे परीक्षा में बेहतरीन मार्क्स से उत्तीर्ण हो सके इस उद्देश्य से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के पहल से जिले में विगत कुछ महीनों से सिकछा कर भेंट गतिविधि प्रारंभ की गयी है। उपायुक्त के निर्देश पर सभी उच्च विद्यालयों से टैग हुए अधिकारी नियमित रूप से अपने निर्धारित कार्यों से कुछ समय निकाल विद्यालय भ्रमण करने का कार्य लगातार कर रहे हैं। परिणाम स्वरूप विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति पूर्व के मुकाबले अब बढ़ती नजर आ रही है, वहीं विद्यार्थियों में शिक्षा को लेकर एक गंभीरता भी देखने को मिल रहीं हैं। विद्यालयों में बोर्ड परीक्षा को देखते हुए नियमित रूप से शिक्षकों के द्वारा प्रैक्टिस / मॉडल क्वेश्चन आंसर डिस्कस किये जा रहे हैं।



### अयोध्या से आया अक्षत, निकाली गयी शोभा यात्रा



लोहरदगा। अयोध्या से आये अक्षत कलश वितरण कार्यक्रम को लेकर विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी मातृ शक्ति गायत्री परिवार के बहनों ने संध्या 7 बजे से शोक विनाशक संकट मोचन हनुमान मंदिर से शोभा यात्रा निकाली, जो गुजरी बाजार से ठाकुरबाड़ी मंदिर, शिव मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, मां काली मंदिर, हनुमान मंदिर, जगन्नाथ मंदिर होते हुए गायत्री मंदिर में पहुंचकर कलश रखा गया। कार्यक्रम में गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी प्रो गोविंद साहू, सतीश ठाकुर, प्रकाश महतो, पिंकी जयसवाल, ममता देवी, आकांक्षा साहू, रीमा अग्रवाल, उषा देवी, उमा देवी, नीतू देवी, लक्ष्मी देवी, चिंता देवी, उमा दास, राजेश अग्रवाल, बजरंग दल संयोजक सचिन साहू, गौ रक्षा प्रमुख चांदन गोप, नगर सहसंयोजक राज साहू, बजरंग दल पूर्व संयोजक प्रमोद प्रजापति, विहिप के पूर्व उपाध्यक्ष अशोक कांस्यकार, हसमुख रंजन, दीपक साहू समेत कई राम भक्त शामिल थे।

## बंगाल की खाड़ी में उठे तूफान मिचांग का प्रभाव, तापमान गिरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

भंडरा। बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवर्ती तूफान मिचांग का असर क्षेत्र में दिखने लगा है। 5 दिसंबर की सुबह से ही बादल छाये रहे, सुबह हल्की बारिश हुई। चक्रवर्ती तूफान के असर के बाद मौसम का मिजाज बदल गया है दिन भर बादल छाये रहने से एवं हल्की बारिश होने के बाद तापमान में गिरावट आयी है मौसम में बदलाव के बाद लोग ठंड महसूस कर रहे हैं। गर्म कपड़ों की मांग बढ़ गई है। क्षेत्र में धान काटने के काम तेजी से चल रहा है ऐसे समय में बारिश की आशंका से किसान चिंतित हैं किसानों का तैयार धान का फसल खेत में पड़ा हुआ है तैयार फसल को पानी बरसने से नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है किसानों का मानना है कि अभी मौसम में आई बदलाव से आलू एवं मटर के फसल को नुकसान होगा किसानों का क्षेत्र में मटर की फसल तैयार हो चुका है मटर की फसल में फल फूल लग रहा है ऐसी स्थिति में तेज हवा या बारिश से फसल को नुकसान हो सकता है।

### दर्जनों स्टॉल से मिला योजनाओं का लाभ

भंडरा। उदरंगी के बैमारी मैदान मे आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार आयोजित कार्यक्रम मे सहायता केंद्र, अबुआ आवास, सामाजिक सुरक्षा, कल्याण विभाग, मनरेगा, स्वास्थ्य भारत मिशन, पशुपालन विभाग, जन्म मृत्यु, 15वें वित्त, निर्वाचन, आंचल विभाग, बाल विकास, कृषि, राशन कार्ड, शिक्षा विभाग, जेएसएलपीएस, आधार कार्ड, श्रम विभाग, बिजली विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल के माध्यम से हजारों लाभुकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया।

## गुणवत्तायुक्त भोजन मृदा स्वास्थ्य पर निर्भर करता है: विजय कुजूर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशनपुर के द्वारा विश्व मृदा दिवस का आयोजन

गुमला। कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशनपुर के द्वारा विश्व मृदा दिवस का आयोजन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुमला जिला के कृषि पदाधिकारी विजय कुजूर ने किया। विजय कुजूर ने किसानों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें मृदा स्वास्थ्य को बचाकर रखना होगा। क्योंकि इससे हमारी पूरी जनसंख्या को भोजन प्राप्त होता है। साथ ही साथ अगर मृदा सुरक्षित होगी तो पर्यावरण भी सुरक्षित होगा। इसलिए आवश्यकता है कि मृदा स्वास्थ्य पर ध्यान दिया जाये। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला बैंक प्रबंधक ने किसानों को संबोधित किया।



### खेल से बच्चों का सर्वांगीण विकास और संपूर्ण राष्ट्र एकता के सूत्र में बंधा रहता है : रमाकांत




गुमला। डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में क्लस्टर लेवल डीएवी स्पोर्ट्स 2023 अंडर 14, 17, 19 बालक एवं बालिका वर्ग का आयोजित फुटबॉल, बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता मंगलवार को संपन्न हो गया। डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के प्राचार्य डॉ रमाकांत साहू ने विजयी प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी। डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के प्राचार्य डॉक्टर रमाकांत साहू ने खिलाड़ियों एवं सभी टीम मैनेजर को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है एवं इससे संपूर्ण राष्ट्र एकता के सूत्र में बंधा रहता है।

# समाज की एकजुटता से ही सरना धर्म समाज की रक्षा संभव है : बंधन तिग्गा

- चैनपुर में देवचरण भगत की आठवीं जयंती धूमधाम से मनायी गयी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

चैनपुर। थाना रोड स्थित पुरखा पंचबल देवचरण भगत की समाधि स्थल पर धर्मबंगस पुरखा पंचबल देवचरण भगत की आठवीं जयंती धूमधाम से मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ देवचरण भगत की समाधि स्थल में पुष्पआर्चन कर एवं सामूहिक सरना प्रार्थना गाकर किया गया। इस कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि सरना धर्मगुरु बंधन तिग्गा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि समाज की एकजुट से ही सरना धर्म समाज की रक्षा की जा सकती है। आज हमारा समाज कई विकट परिस्थितियों से जूझ रहा है। समाज के ही कई अगुवा लोग खंड-खंड में बट कर समाज को तोड़ने का काम कर रहे हैं। जिसे हमें समझने की आवश्यकता है। हम एकजुट रहेंगे तभी हमारा समाज सुरक्षित रह सकता है। वैचारिक मतभेद के कारण कई लोग खंड-खंड में बटे हुए हैं। लेकिन मेरा प्रयास है कि लोग एक मंच पर रहकर समाज की सेवा में लगे। जिससे हमारा समाज को बल मिलेगा। कई लोग सरना समाज को राजनीतिक कार्यों के लिए भी इस्तेमाल करते हैं। हमें अपने समाज की रक्षा के लिए एक मंच पर आकर आगे बढ़ना होगा।



कार्यक्रम को संबोधित करते बंधन तिग्गा।

**खास बातें :** हमारे समाज का बरसों पुरानी मांग सरना धर्मकोड को लेकर हमारा समाज संघर्षरत रहा है। लेकिन आज तक हमें हमारा पूर्ण अधिकार नहीं मिल पाया है। पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव ने कहा कि सरना धर्म समाज को एकता में रहकर कार्य करना होगा। तभी हमारे समाज का सामग्र विकास हो सकता है। वैचारिक मतभेदों को भूल सरना समाज को एक मंच पर आकर सरना धर्म समाज के उत्थान के लिए कार्य करना होगा। साथ ही समाज में फैली कुरीतियों को दूर कर एकता के सूत्र में बंध कर हमें आगे बढ़ना होगा। इससे पूर्व चैनपुर डुमरी जारी व रायडीह के कई खोड़हा दल के लोगों ने सामूहिक नृत्य किया।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बंटी परिसंपत्ति, जमा कराये गये आवेदन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

कैरो। प्रखंड के गुड़ी पंचायत स्थित मैदान में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिप अध्यक्ष रीना कुमारी, भूमि उपसमाहर्ता सुजाता कुजूर, जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव, प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव, प्रखंड सह सीओ पवन कुमार महतो, मुखिया चंद्रमणि उरांव सहित मंचासीन अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने कहा कि सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आपको आपके ही क्षेत्र में मिले व समस्याओं का समाधान आपके क्षेत्र में ही समय पर हो इसी उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, आगे उन्होंने कहा कि शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर जाकर सरकार की योजनाओं की जानकारी लेने एवं आवेदन देने की अपील की। जीप अध्यक्ष ने कहा कि सरकार आपके द्वारा का मुख्य उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक देने के साथ साथ एक ही मंच में आम जनता का विभिन्न योजनाओं का समाधान करना है। बीडीओ पवन कुमार ने सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दी गयी।



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि वउपस्थित अन्य।

## स्पीड न्यूज

### भतीजे ने चाचा को धारदार हथियार से हमला कर उतारा मौत का घाट

**सिमरिया।** थाना क्षेत्र के पगार पंचायत स्थित खपिया गांव में भतीजे ने अपने सगे चाचा को धारदार हथियार से गर्दन काट दिया जिससे चाचा का घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। चाचा भोले शंकर साहू सिमरिया में बीज भंडार का दुकान संचालित करता था। भतीजा प्रमोद कुमार साव जमीन बेचना चाहता था। चाचा ने कहा कि जमीन बहुत मुश्किल से खरीदा जाता है मत बेचो इसी बीच कहा सुनी हुई जिसे लेकर आक्रोशित भतीजा प्रमोद कुमार साव ने धारदार हथियार से भोले शंकर साहू पर हमला कर दिया जिससे भोले शंकर साहू की मौत हो गई। मालूम हो कि प्रमोद कुमार साव के पिता का बहुत दिन पहले हीं निधन हो गया था। बचपन से हत्यारे भतीजा का पालन पोषण भोला संकर साहू हीं किए थे। आज उसी भतीजा ने अपने चाचा को मौत का घाट उतार दिया। मालूम हो की घर के सभी सदस्य शादी समारोह में किसान भवन सिमरिया पहुंचे हुए थे। घर में सिर्फ मृतक के पत्नी और उनके भतीजा के परिवार के सदस्य थे। घटना के दौरान मृतिका के पत्नी बच बचाव करने की भी कोशिश की लेकिन प्रमोद के द्वारा उन्हें भी घायल कर दिया गया और घटना के अंजाम देने के बाद वह परिवार के साथ हथियार लेकर फरार हो गया है।

### चतरा इलेवन ने ढोहरी को 85 रनों से हराया

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम गिद्धौर में चतरा इलेवन बनाम डहुरी के बीच सातवां मैच खेला गया।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए,चतरा इलेवन ने निर्धारित 30 ओवर में 6 विकेट खोकर 230 रन बनाया ।चतरा इलेवन के तरफ से रोनी 70, राहुल वर्धन 39 ,विनायक 39 रन का योगदान दिया। डहुरी के तरफ से गेंदबाजी करते हुए विमल कुमार ने 3 विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी डहुरी टीम ने 26.2 ओवर में सभी विकेट खोकर 145 रन पर ऑल आउट हो गई। और चतरा इलेवन 85 रन से मैच जीत लिया। डहुरी के तरफ से सर्वाधिक रन विवेक कुमार ने 45 रन बनाया। चतरा इलेवन के तरफ से गेंदबाजी करते हुए रोनी कुमार ने 6 विकेट लिया। इस तरह से चतरा इलेवन ने 85 रन से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार रोनी कुमार को दिया गया।अंपायर की जिमेदारी प्रेम राणा और सुमित कुमार ने निभाया ।

### जिप उपाध्यक्ष ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

**चतरा।** सदर प्रखंड चतरा अंतर्गत टिकर में स्थित ₹आरके स्टेडियम,टिकर₹ में आयोजित ₹प्रीमियर लीग -2023₹ क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि ज़िप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने फीता काट कर एवं बैटिंग कर किया। वहीं उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि क्रिकेट एक बहुत ही महत्वपूर्ण और पॉपुलर खेल है जो खिलाड़ियों को अपने फिटनेस, कौशल,और साहस का परिचय करता है। यह खेल खिलाड़ियों को टीम वर्क और दूसरों के साथ सहयोग करने के महत्व को सिखाता है और उन्हें समर्पण और समर्पण के महत्व का अवसर प्रदान करता है। इस मौके पर मुखिया रघुनंदन पासवान ,अनिल कुमार ,अशोक दांगी ,मनोज पासवान जी,मनु सिंह , गौतम कुमार पासवान , दिनेश पासवान , सत्येंद्र दांगी ,जितेंद्र कुमार पासवान समेत सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### सांसद ने पलामू में खाद कारखाना स्थापित करने का उठाया मांग



**गढ़वा।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में शून्य काल के दौरान पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत खाद का कारखाना स्थापित करने संबंधी अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया। सांसद श्री राम ने कहा कि मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दो जिले पलामू एवं गढ़वा आते हैं। उक्त दोनों जिले आकांक्षी जिलों की सूची में आते हैं। यहां की 80 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है। किसी भी कल कारखाना को स्थापित करने के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध है। यथा :- जमीन, श्रम, बिजली, पानी एवं खनिज पदार्थ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह इच्छा है कि देश के अंतर्गत जो भी आकांक्षी जिले हैं उनको उन्नत जिलों की श्रेणी में लाकर खड़ा किया जाय। उपरोक्त उद्देश्यों की प्रतिपूर्ति के लिए यह आवश्यक है कि वहां के निवासियों को रोजगार उपलब्ध कराया जाय। क्योंकि कृषि पर संपूर्ण रूप से निर्भरता के फलस्वरूप अतिवृष्टि/अनावृष्टि की स्थिति में लोग पलायन को मजबूर हो जाते हैं और उनके समक्ष बेरोजगारी एवं भूखमरी की समस्या उत्पन्न हो जाती है। मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू के अंतर्गत मात्र एक छोटी सी कॉस्टिक सोडा की फैक्ट्री है जिसका उत्पादन बहुत कम है और रोजगार देने की क्षमता भी बहुत सीमित है। सांसद ने कहा कि आपके माध्यम से रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के मंत्री से अनुरोध करता हूं कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत खाद का कारखाना स्थापित करने की कृपा की जाय, ताकि उन्हें रोजगार भी मिल सके।

### बीडीओ ने किया पदप्रभार ग्रहण



बीडीओ के साथ कर्मी

**मझिआंव।** बरडीहा बीडीओ सह अंचल अधिकारी प्रभारी विजय राम ने पदप्रभार ग्रहण किया। प्रखंड सह अंचल के सभी कर्मियों ने उन्हें गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। बताते चलें कि झारखंड ग्रामीण विकास विभाग सरकार के उप सचिव के द्वारा 21 नवंबर को कई प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं कार्यपालक पदाधिकारी को स्थानांतरण किया गया था। उसी दौरान बरडीहा प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी निधि रजवार को भी हजारीबाग जिला के चालकुशा प्रखंड में स्थानांतरण किया गया था। उसके बाद बरडीहा प्रखंड में किसी को स्थानांतरण नहीं किया गया था। जिसको लेकर जिला उपायुक्त के द्वारा स्थानीय व्यवस्था के तहत जिला में पदस्थापित परीक्ष्यमान उप समाहर्ता राहुल कुमार सानू को प्रभारी के लिए आदेश पत्र जारी किया गया था। लेकिन किसी अपरिहार कारणों बरडीहा बीडीओ सह सीओ प्रभार नहीं लिए।

### अज्ञात वाहन के धक्के से व्यवसायी की मौत

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर-नगर उंटारी मुख्य पथ पर शिवपूजन पेट्रोल पंप के समीप सोमवार की रात्रि अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार भवनाथपुर खरौंधी मोड़ निवासी सह कपड़ा व्यवसायी 29 वर्षय राजकुमार गुप्ता की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही एसआई कुंदन यादव ने घायल को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को मंगलवार की सुबह पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया। जानकारी के अनुसार राजकुमार बाइक से सोमवार के रात्रि अरसली दक्षिणी के बैगाडीह गांव स्थित अपने मामा के घर से खरौंधी मोड़ लौट रहा था। तभी शिवपूजन पेट्रोल पंप के समीप उसकी बाइक में अज्ञात वाहन धक्का मारकर फरार हो गया। राजकुमार के निधन पर भवनाथपुर व्यवसायी संघ ने शोक व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया।

### मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**मझिआंव।** उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता एवं बीडीओ सतीश भगत के द्वारा मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत स्पेशल कैंप का आयोजन किया गया। स्थानीय कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, मुखदेव प्लस टू उच्च विद्यालय करमडीह एवं षिवेशर चंद्रवंशी इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित स्पेशल कैंप में निरीक्षण के पश्चात सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं बीडीओ ने 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके सभी छात्र-छात्राओं को नए मतदाता के रूप में पंजीकरण के लिए फॉर्म नंबर छह भरकर जमा करने का निर्देश दिया। इस दौरान फार्म नंबर छह का वितरण भी किया गया। इसके साथ ही उन्होंने सबसे पहले अपना नाम मतदाता सूची में अंकित है या नहीं चेक करने और यदि आपका नाम मतदाता सूची में नहीं है तो अपना नाम मतदाता सूची में तत्काल जुड़वाने का निर्देश दिया। प्रखंड राज पदाधिकारी परमानंद प्रसाद ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को जागरुक करते हुए कहा कि 18 वर्ष पूरे होने के बाद अपना मतदाता पहचान पत्र अवश्य बनवाएं और अपना मत का प्रयोग करें।

## सीएम हेमंत कोडरमा में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में हुए शामिल, बोले

# हमारी नीति व नीयत एक है, जो वादा करते हैं पूरा करते हैं

- कोडरमा में लाभुकों के बीच 10.49 करोड़ की बांटी परिसंपत्ति
- जिले के विभिन्न पंचायतों में लगे शिविर में मौजूद लाभुकों से किया सीधा संवाद
- मुख्यमंत्री ने 4 अरब 33 करोड़ 9 लाख 47 हजार 636 रुपए की 194 योजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, महिला, युवा, किसान, मजदूर और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाएं और सेवाएं पहुंच रही हैं। हर व्यक्ति को योजनाओं से जोड़कर राज्य के विकास में भागीदार बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन मंगलवार को कोडरमा में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी नीति और नीयत एक है, हम जो जनता से वादा करते हैं, उससे कहीं ज्यादा बढ़कर उसे निभाते हैं।

**शिविरों में वास्तविकता का चल रहा है पता :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लग रहे शिविरों से दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले गरीबों की समस्याओं और उनकी तकलीफों की वास्तविकता सामने आ रही है। शिविरों में प्राप्त हुए आवेदन के आधार पर सूचीबद्ध तरीके से जनता की समस्याओं की प्राथमिकता तय कर नीति और कार्य योजना तैयार की और उनकी समस्याओं के समाधान का कार्य किया। मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि वे इन शिविरों में आएं और अपनी जरूरत की योजनाओं से जुड़कर अपने को सशक्त और स्वावलंबी बनाएं।

**राज्य के साथ लगे पिछड़ेपन के टैग को खत्म करेंगे :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य गठन के 23 वर्ष हो चुके हैं। यह राज्य युवावस्था में प्रवेश कर चुका है, मगर पिछले दो दशकों के दौरान तमाम संसाधनों से धनी होने के बाद भी इस राज्य को मजबूत करने के प्रति किसी प्रकार की गंभीरता देखने को नहीं मिली। इसी वजह से यह राज्य लगातार पिछड़ता चला गया। हमारी सरकार ने लक्ष्य रखा है कि वर्ष 2025 तक झारखंड के साथ लगे पिछड़ेपन के टैग को समाप्त करेंगे और विकास की एक लंबी लकीर खीचेंगे। इस राज्य को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमारी सरकार पूरी ताकत के साथ काम कर रही है।

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती पर विशेष फोकस :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड तभी सशक्त होगा जब हमारा गांव मजबूत होगा। इसी बात को ध्यान में रखकर हमारी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के ख्याल से योजनाएं बना रही हैं। किसान-मजदूर और हमारे गांव में रहने वाले लोगों का सर्वांगीण विकास हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है। नीलांबर-पीतांबर जल समृद्धि योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना और मुख्यमंत्री पशुधन योजना जैसी कई योजनाओं इसी बात को ध्यान में रखकर चलाई जा रही हैं।

**भावी पीढ़ी का भविष्य सवारने का कर रहे प्रयास :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाली पीढ़ी को मजबूत करने का हमारी सरकार ने संकल्प ले रखा है। बच्चों और नौजवानों का भविष्य संवारने के लिए सरकार समुचित कदम उठा रही है। बच्चियां पढ़ाई से जुड़ी रहे इसके लिए सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना लागू की गई है। प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी से लेकर विभिन्न कोर्सेस को करने के लिए सरकार मदद दे रही है। गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता देने का काम हो रहा है। मरांग गोमके पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के तहत विदेश में उच्च शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत स्कॉलरशिप दी जा रही है। वर्तमान में आदिवासी, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग के 50 बच्चों को यह स्कॉलरशिप मिल रहा है, मगर इस योजना के तहत विद्यार्थियों की संख्या 500 तक करने की दिशा में सरकार जल्द निर्णय लेगी।

**स्वरोजगार के इच्छुकों पूंजी की कमी नहीं होने देंगे :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने पढ़े-लिखे तथा कम पढ़े-लिखे और नहीं पढ़े लिखे लोगों के लिए भी योजनाएं बनाई हैं। आज सरकारी क्षेत्र के साथ निजी क्षेत्र में ही बड़े पैमाने पर नियुक्तियां हो रही हैं। वहीं स्वरोजगार के इच्छुक युवाओं के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना है। सरकार ने इस योजना के लिए अतिरिक्त राशि का भी प्रावधान किया है। ऐसे में अपना व्यवसाय करने के इच्छुक युवाओं को अब पूंजी की कमी नहीं होगी। सरकार उन्हें पूंजी उपलब्ध कराएगी।

**बिजली के लिए डीवीसी पर नहीं होगी अब निर्भरता :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के कुछ जिलों में बिजली आपूर्ति के लिए डीवीसी पर अभी तक जो निर्भरता है, उसे खत्म किया जा रहा है। इसके लिए नए सब स्टेशन, ग्रिड, ट्रांसमिशन और संचरण लाइन बनाने का काम तेजी से चल रहा है।

**जल-जंगल-जमीन हमारी पहचान है :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज विकास के नाम पर प्राकृतिक संसाधनों के साथ छेड़छाड़ का सिलसिला निरंतर जारी है। इस वजह से पर्यावरण पर खतरा बढ़ता ही जा रहा है। आज मौसम में जिस तरह के बदलाव देखने को मिल रहे हैं, वह अच्छा संकेत नहीं है। ऐसे में पर्यावरण को बचाने के लिए हम सभी को आगे आना होगा। उन्होंने बल देकर कहा कि जल-जंगल-जमीन हमारी अस्मिता से जुड़ा है। यह हमारी पहचान है और इसे बनाए रखने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

### हरेक गांव में विकास कार्य किये जा रहे हैं : बादल

कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रहे इस सरकार ने अपने कार्यों से झारखंड के नागरिकों के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया है, राज्य के सभी गांवों में विकास के कार्य किये जा रहे है, सरकार पोटली में योजनाबद्ध भरकर जिला को भेजने का काम कर रही है और सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से आमजनों को योजनाओं का लाभ देने का काम कर रही है, योजनाओं के इस पोटली में सबके लिए कुछ न कुछ है, आपलोग शिविरों में जाकर अपनी जरूरतों को देखते हुए आवेदन दें। उन्होंने कहा कि अब तक 22 लाख लोगों को पेंशन का लाभ दे रही है, 5 लाख किसानों का लोन माफ किया गया, जिन लोगों ने इस राज्य पर 17-18 साल राज किया, वे राज्य में बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध नही करवा सके, अबुआ आवास योजना के तहत तीन चरणों में शतप्रतिशत बेघरों को घर देने का लक्ष्य लेकर काम कर रही है।





### केंद्र ने किया सौतेला व्यवहार, राज्य सरकार ने सवारा : भोक्ता

श्रम एवं नियोजन मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने कहा कि पूर्ववर्त सरकार और केंद्र सरकार यहां की जनता के लिए कुछ नही किया, सिर्फ सब्जबाग दिखाने का काम किया, उनके समय विधवाओं को पेंशन के लिए 40 वर्ष की आयु होने का इंतजार करना पड़ता था, वरिष्ठ नागरिकों के पेंशन लिए भी कई नियम कानून थे, लक्ष्य भी सीमित था, जिसके कारण बहुत से लोग इस योजना से वंचित हो जाते थे, लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार बनते ही सभी जरूरतमंदों (विधवाओं-वरिष्ठ जनों) के लिए पेंशन शुलभ कर दिया गया है, कोई लक्ष्य निर्धारित नही है, शतप्रतिशत योग्य लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया जा रहा है। केंद्र सरकार ने राज्य के साथ सौतेला व्यवहार किया है, मगर हेमंत सोरेन की सरकार ने राज्य को संवारने के काम किया, पीएम आवास योजना का लाभ सभी को नही दिया, सुखाड़ में भी राज्य सरकार को मदद नही किया, ऐसे समय में राज्य सरकार अबुआ आवास से जरूरतमंदों को घर देने का काम कर रही है।

### 4 अरब 33 करोड़ की 194 योजनाओं का दिया तोहफा

मुख्यमंत्री ने 4 अरब 33 करोड़ 9 लाख 47 हजार 636 रुपए की 194 योजनाओं की सौगात कोडरमा वासियों को दी। इसमें 1 अरब 23 करोड़ 81 लाख 36 हजार 330 रुपए की 17 योजनाओं का उद्घाटन और 3 अरब 9 करोड़ 28 लाख 11 हजार 306 रुपए की 19 योजनाओं की नींव रखी गई। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के 19033 लाभुकों को सशक्त और स्वावलंबी बनाने के लिए उनके बीच करीब 10 करोड़ 49 लाख 62 हजार 130 रुपए की परिसंपत्ति बांटी। मौके पर श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, विधायक अमित कुमार यादव, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, बीस सूत्री उपाध्यक्ष लीलावती देवी, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चैबे एवं उपायुक्त मेघा भारद्वाज, एसपी अनुदीप सिंह, डीएफओ सूरज कुमार सिंह समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### डीसी, एसपी समेत कार्यकर्ताओं ने किया सीएम का स्वागत



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कोडरमा आगमन पर जेजे कॉलेज में बनाये गए अस्थायी हैलीपेड के समीप उपायुक्त मेघा भारद्वाज, एसपी अनुदीप सिंह पुष्प देकर सीएम का स्वागत किया। वहीं जेएमएम, राजद, कांग्रेस के पार्ट कार्यकताओं में पुष्प देकर सीएम का स्वागत किया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगीरथ पासवान, जेएमएम जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय के अलावे बीस सूत्री उपाध्यक्ष लीलावती मेहता, सईद नसीम, गोपाल यादव, मनोज सहाय पिंकू, संजय साजन, गंगा यादव, रविन्द्र शांडिल्य समेत भारी संख्या में दलों के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मानव तस्करी व बाल विवाह पर कार्यशाला आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**टंडवा(चतरा)।** मंगलवार को मां सुनैना देवी फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित दयानंद पब्लिक स्कूल गाडीलौंग में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन और फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा विद्यालय में मानव तस्करी व बाल विवाह पर बच्चों के बीच एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को बाल विवाह की परिभाषा बतलाई गई व मानव तस्करी पर विस्तृत जानकारी दी गई बच्चों को बतलाया गया कि 18 वर्ष से कम उम्र में विवाह लड़कियों के लिए तथा 21 वर्ष से कम उम्र में विवाह लड़कों के लिए बाल विवाह माना गया है यदि इससे पहले आपका समाज या आपके अभिभावक विवाह के लिए जबरदस्ती करते हैं तो आप अपने क्षेत्र के थाने में इसकी शिकायत कर सकते हैं इसमें बतलाया गया कि पंचायत के सदस्यों का भी कर्तव्य है कि वह अपने समाज को इसके प्रति जागरूक करें तथा बच्चों को भी शपथ दिलवाया गया कि आप भी आसपास के समाज को जागरूक करेंगे साथ ही साथ बच्चों को मानव तस्करी के बारे में भी बतलाया गया जिसमें बतलाया गया कि अभी के युग में लोग काम का झांसा देकर या फिर नाबालिक बच्चों को प्यार का झांसा देकर फसा रहे हैं तथा महानगरों में उन्हें बेच दिया जाता है तथा उनसे ऐसे कार्य करवाए जाते हैं जिससे मानवता शर्मसार हो जाए यही नहीं मानव तस्करी में मानव अंगों का भी तस्करी हो रही है अतः इसके रोकथाम के लिए समाज को जागरूक होना अति आवश्यक है।

## साइकिल से भारत यात्रा पर निकले युवक का स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



लिटन नामसुद्रा का स्वागत करते लोग

**भवनाथपुर।** साइकिल से भारत यात्रा पर निकले असाम के कछार जिला अंतर्गत सिलचर निवासी लिटन नामसुद्रा चार राज्यों की यात्रा करते हुए 28वें दिन मंगलवार को भवनाथपुर पहुंचे। भवनाथपुर पहुंचने पर लिटन का विधायक प्रतिनिधि सह भवनाथपुर पंचायत समिति सदस्य चन्दन कुमार ठाकुर एवं समाजसेवी पंकज बिहारी ने भवनाथपुर ब्लॉक मोड़ एवं भवनाथपुर बाजार में भवनाथपुर वासियों के साथ स्वागत किया। उन्हें जलपान कराया एवं उन्हें आर्थिक सहयोग किया। लिटन ने बताया का मेरा यात्रा का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ व जल को बचाने के लिए लोगों को जागरूक करना है। लोगों ने उनके सफल यात्रा के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनका हौसला बढ़ाया। मौके पर रवि पाल, कृष्णा ठाकुर, आदि लोग मौजूद थे।

### भंवर के काटने एवं तालाब में डूबने से वृद्ध की मौत

मझिआंव। बरडीहा थाना क्षेत्र के कुन्दरहे गांव निवासी कैलास तिवारी 80 वर्ष की भंवर के काटने एवं पानी में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार श्री तिवारी दोपहर बाद अपने घर से बरडीहा बाजार की तरफ जा रहे थे, इसी बीच गोरेया देवस्थल के समीप पीपल व बर के पुराने वृक्ष में रह रहे भंवरों के समूह ने हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले से श्री तिवारी काफी घबरा गए और बचने के लिए टेढ़ा आहर में जमे पानी में कूद पड़े। बताया जाता है कि वे जब जब पानी से अपना सिर बाहर निकालते तब तब भंवरों का समूह उनके ऊपर छा जाता। इस दौरान पानी में ही डूबे रहने से उनकी मौत हो गई। कुछ देर बाद ही यह घटना आग की तरह चारो तरफ फैल गई और लोग वहां पहुंचने लगे। लेकिन भंवरों का आतंक इतना था कि घंटों तक लोग उनके पास नही पहुंच सके। इधर सूचना मिलते ही बरडीहा बीडीओ बिजय राम एवं थाना प्रभारी पवन कुमार घटना स्थल पर पहुंचे और जानकारी ली। तथा शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। बीडीओ ने मृतक के आश्रितों को सरकारी लाभ दिलाने का आस्वासन दिया। इस दौरान थाना प्रभारी द्वारा शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा भेजने की प्रक्रिया की जा रही थी।

### विधायक ने किया दो योजनाओं का शिलान्यास

**केतार।** विधायक भानु प्रताप शाही ने मंगलवार को बतोकला गांव में गांव के ही बुजुर्ग पुरन सिंह चेरो के हाथों एक करोड़ की लागत से बतोकला मुख्य पथ से नवकाडीह स्कूल तक पथ कालीकरण एवं परती मुख्य पथ से दामर तक का दो करोड़ की लागत से पथ कालीकरण का शिलान्यास बुजुर्ग बेलास चेरो के हाथों विधिवत पूजा अर्चना व नारियल तोड़ कर किया। मौके पर विधायक श्री शाही ने कहा कि परती मुख्य पथ से दामर गांव होते हुए पीपरा गांव तक पथ नहीं होने से गांव के ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कालीकरण पथ हो जाने से लोगों को काफी सहुलियत होगी।

### श्रम अधीक्षक ने की ईंट भट्ठा की छापामारी

डंडई। प्रखंड में ईंट भट्ठा पर बाल श्रमिकों का कार्य करने की खबर छपने के बाद संबंधित पदाधिकारी ने डंडई के ईट भट्ठा पर छापामारी की। ईंट भट्ठा की छापामारी होते ही अन्य ईंट भट्ठा संचालकों में हड़कंप मच गया। श्रम अधीक्षक इतवारी महतो ने टीम गठित कर लवाही के जीएस ईंट भट्ठा पर छापामारी की। छापेमारी में एक बाल श्रमिक मजदूर कार्य करते पाया गया। जिसकी जांच कर पुष्टि होने पर अधिकारियों ने ईंट भट्ठा संचालक गुप्तेश्वर साव पर डंडई थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। हालांकि प्रखंड में संचालित अन्य ईंट भट्ठा की भी जांच की जाती तो कई बाल मजदूर पाया जा सकता था, पर अधिकारियों ने सिर्फ एक ही ईंट भट्ठा पर छापामारी की। श्रम अधीक्षक ने बताया कि लवाही गांव में संचालित जीएस ब्रिक ईंट भट्ठा पर बाल श्रमिकों को लेकर छापामारी की गई। इस दौरान एक बाल मजदूर कार्य करते पाया गया। जांचों उपरांत पुष्टि होने पर जीएस ब्रिक के संचालक गुप्तेश्वर साव पर प्राथमिकी दर्ज कराया है और बाल मजदूर को सीडब्ल्यूसी को संरक्षण में दिया गया है। उन्होंने कहा कि ईंट भट्ठा पर बाल मजदूर को लेकर छापामारी अभियान लगातार जारी रहेगी।

### विजयी प्रतिभागी हुये सम्मानित

**भवनाथपुर।** नेशनल क्लस्टर सेवन स्पोर्ट्स में डीएवी विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा परचम लहराने के बाद मंगलवार को विद्यालय प्रांगण में सम्मान समारोह आयोजित कर विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। मौके पर प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने प्रतियोगिता में अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शन के बदौलत डीएवी विद्यालय का नाम रौशन करने वाले छात्र-छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शिक्षक एवं विद्यालय प्रबंधन की मेहनत का नतीजा है कि हजारीबाग में हुए नेशनल क्लस्टर स्पोर्ट्स के विभिन्न प्रतियोगिता में शानदार जीत हासिल कर अपना तथा अपने विद्यालय का मान सम्मान बढ़ाने का कार्य किया है। उक्त क्लस्टर में क्रिकेट, बॉलीबाल, टेनिस व चेस में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने विजय हासिल की। गिद्दी डीएवी में खेले गए क्रिकेट मैच में हजारीबाग डीएवी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 11 ओवर में 87 बनाकर ऑल आउट हो गई, जवाबी पारी खेलने उतरी डीएवी भवनाथपुर ने मात्र 8 ओवर में ही पांच विकेट खोकर जीत हासिल की। चार विकेट हासिल करने वाले डीएवी भवनाथपुर के प्रवीण कुमार सिंह को मैन ऑफ दी मैच दिया गया।

# 101 जोड़ी कन्याओं की आज सजेगी डोली, तैयारी पूरी

**खबर मन्त्र संवाददात**



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते संस्था के सचिव व अन्य

**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी की ओर से 6 दिसंबर को आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में 101 गरीब कन्याओं की डोली सजेगी। विवाह की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम दानरो नदी छठ घाट पर आयोजित की जाएगी। कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास माली ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर यह जानकारी दी। सचिव श्री माली ने बताया कि इस समारोह में बिना दहेज का 101 जोड़ी वर-वधु की शादी करायी जाएगी। इसके लिए गोविंद हाई स्कूल के मैदान से दोपहर 12:00 बजे बारात निकलेगी। गढ़देवी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेगी। उसके पूर्व ही आशीर्वाद मैरिज हॉल से वधु पक्ष के लोग कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। कार्यक्रम स्थल पर वर पूजा कार्यक्रम किया जाएगा। जयमाला के बाद हिंदू रिति रिवाज के साथ विधिवत शादी करायी जाएगी। उसके साथ ही विवाह में वर वधु को सोसाइटी की ओर से वर एवं कन्या की कपड़ा सहित विदाई सामग्री के रूप में पलंग, ट्रंक, आलमीरा, तोसक, रजाई, बर्तन सेट, मच्छरदानी, गैस व चूल्हा, ड्रम सेट, आयरन, प्रेशर कुकर सहित अन्य सामग्री दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर करेंगे। कार्यक्रम में भोजपुरी एवं सुर संग्राम के कई दिग्गज कलाकार अपना कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से उक्त कार्यक्रम में सहयोग करने की अपील की है।

### 25 हजार लोग कार्यक्रम में होंगे शामिल

कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के कोषाध्यक्ष उषा देवी ने बताया कि इस सामूहिक विवाह समारोह में करीब 25 हजार लोगों की जुटने की उम्मीद है। वर एवं कन्या दोनों पक्षों से आए हुए लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में पार्किंग की व्यवस्था दानरो नदी टी ग्रुप में की गई है। शादी समारोह में आए हुए लोग अपनी-अपनी वाहन को पार्किंग स्थल पर ही लगाएं। ताकि शहर में किसी तरह की यातायात बाधित न हो।

### कार्यक्रम के लिए बनाया गया है भव्य पंडाल

सहायक सचिव हसीबुल्लाह अंसारी ने बताया कि सभी वर वधु को बैठने के लिए अलग-अलग विवाह मंडप बनाया गया है। कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए बड़ा पंडाल तैयार किया गया है।

## स्पीड न्यूज

### डायन बिसाही मामले में हुआ विवाद थाना तक पहुंचा मामला


घायल महिला।

महुआडांड़। थाना क्षेत्र के मेढ़ारी गांव में मंगलवार की शाम लगभग 3 बजे डायन बिसाही का आरोप लगाकर गांव की महिला अनीता देवी (35) पति अशोक खेरवार के साथ उसके ही देवर अजय खेरवार (30) पिता,स्व कृष्ण खेरवार ने बेरहमी से मारपीट किया। घटना में महिला का हाथ बुरी तरह जख्मी हो गया. हमलावर के द्वारा टांगी से हाथ में वार कर काटने की कोशिश कि गई. जिससे महिला का बांया हाथ की स्थिति गंभीर है। पीड़ित महिला को उसके पति के द्वारा शाम लगभग छह बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ लाया गया। अनीता देवी ने बताया कि मैं जलावन के लिए गांव से कुछ दूरी पर सुखी लकड़ी लाने गई की थी। पति साग तोड़ने गये थे। तभी अजय खेरवार दांत और टंकी देकर पहुंचा, डायन कहकर मारपीट शुरू कर दी। नीचे गिराकर उनके हाथ को पैर से कुचलकर काटने के लिए हामला किया। पहला वार हाथ में लगा, लेकिन दूसरे वार पर मैंने हाथ खींच लिया. किसी तरह वहां से दौड़ कर भागी गांव में आई पति को खबर होने के बाद मुझे अस्पताल लाया गया है। इससे पूर्व भी मुझे वह डायन का आरोप लगाकर मरने की धमकी देता था। इस घटना की जानकारी महुआडांड़ थाना को दी गई, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर थाना पुलिस पिडित महिला का बयान ले रही है।

### युवाओं-बेरोजगारों का भविष्य संवारने की पहल है सारथी योजना: सीता देवी


बैठक में उपस्थित लोग।

गारू। मंगलवार को एसजीआरएस एकेडमिक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा गारू प्रखंड के +2 उच्च विद्यालय गारू में मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत बिरसा योजना के तहत चल रहे कौशल प्रशिक्षण केंद्र गारू में पेरेंट्स मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न गांव से कई ग्रामीणों ने भाग लिए जिनका बच्चें कौशल प्रशिक्षण ले रहे है। इस प्रोग्राम में मुख्य रूप से उपस्थित एसजीआरएस एकेडमिक प्राईवेट लिमिटेड के दीपक कुमार राम बताया कि मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत सरकार के द्वारा बेरोजगार युवक युवतियों के लिए कई तरह के लाभ दिया जा रहा है। जिसमें निःशुल्क प्रशिक्षण के साथ-साथ आने जाने के लिए यात्रा भत्ता दिया जा रहा है तथा प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद रोजगार तथा स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है साथ ही अगर किसी कारण रोजगार नहीं लगने पर सरकार के द्वारा बेरोजगारी भत्ता के तौर पर किशोरियों को 1500 तथा युवकों को 1000 रुपए प्रतिमाह पूरे एक वर्ष तक दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में गारू प्रखंड प्रमुख सीता देवी, धांगर टोला पंचायत के मुखिया पति, केंद्र प्रबंधक रायमल यादव, अमित कुमार गोंड, दिगंबर रविदास तथा एसजीआरएस एकैडमिक प्राइवेट लिमिटेड के कई कर्मी उपस्थित रहे।

### श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति की बैठक संपन्न


बैठक करते लोग।

लातेहार। श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर लातेहार की मासिक बैठक अध्यक्ष राजेश प्रसाद गुप्ता उर्फ भोला प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में मंदिर के उपरी तल्ले के सभी छह कमरों का सुंदरीकरण कराने का निर्णय लिया गया। कमरों में आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया ताकि यहां ठहरने वाले लोगों को कोई परेशानी नहीं हो। संरक्षक अभिनंदन प्रसाद व विनोद कुमार साहु ने मंदिर की प्रतिष्ठा को अक्षुण बनाये रखने की बात कही। संरक्षक महेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि इन 30 सालों में मंदिर की प्रतिष्ठा काफी दूर दूर तक फैल गयी है। इसे बनाये रखना आवश्यक है। अध्यक्ष राजेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि मंदिर के विकास के लिए सामुहिक रूप से कार्य करने की दरकार है। सचिव आशीष टैगोर ने मंदिर के विकास के लिए विगत दो वर्षों में की गयी कार्यों की जानकारी दी. बैठक में मासिक दानपात्र खोला गया। कोषाध्क्ष राजू प्रसाद ने बताया कि इस महीने दान पात्र व वाहन पूजन से 20 हजार रुपए संग्रह किये गये हैं। बैठक में उपाध्यक्ष शशिभूषण पांडेय, सह सचिव रविंद्र प्रजापति, रंजीत कुमार, दीपक विश्वकर्मा, धनेश्वर प्रसाद व परितोष ठाकुर आदि शामिल थे।

## अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है चंदवा का वाटर लाइफ लाइन जगराहा डैम

# जहरीला हुआ डैम का पानी, जलीय जीवों के अस्तित्व खतरे में

- दो वर्ष पूर्व लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से होना था डैम का सुंदरीकरण, चढ़ गया राजनीति की भेंट

खबर मन्त्र संवाददाता


जहरीले जलकुम्बी से पटा डैम।

चंदवा। कई दशकों का इतिहास अपने अंदर समा कर रखने वाला जगराहा डैम को चंदवा का वाटर लाइफ लाइन माना जाता है। खास बात यह है कि जगराहा डैम में सालों भर पानी रहता हैं। लेकिन धीरे-धीरे अब डैम के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। जगराहा डैम वर्तमान समय मे प्रदूषण की मार झेल रहा है, विभिन्न अखबारों, सामाजिक संगठनों एवं राजनीतिक दलों के मांग के बाद वर्ष 2021 में तत्कलीन डीसी अबू इमरान के द्वारा डैम के जीर्णोद्वार की दिशा में पहल करते हुए डैम के सुंदरीकरण को लेकर लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से डैम के विकास, सुंदरीकरण एवं साफ सफाई को लेकर योजना स्वीकृत किया गया था एवं का कुछ काम भी शुरू हुआ था। लेकिन काम के शुरू होते ही काम मे गुणवत्ता को लेकर सवाल उठने लगा व राजनीति शुरू हो गयी। जिसके बाद डैम के विकास को लेकर तैयार योजनाओं को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। जिसके बाद अब तक न ही डैम की दशा की ओर प्रशासन और न ही किसी जनप्रतिनिधि का ध्यान गया। जिस कारण आज डैम की स्थित अति दयनीय है। अब स्थित यह हो गयी है डैम में केवल जहरीले जलीय पौधे (जलकिम्बी) ही नजर आते है, जिस कारण डैम के जलीय जीवों का अस्तित्व समाप्ति के कगार पर पहुंच गई है। मत्स्य किसान बताते है कि एक समय डैम में मत्स्य पालन की अच्छी संभावना हुआ करती थी, कई किसान इसके भरोसे अपना जीवकोपार्जन चलाते थे। लेकिन अब डैम में मछलियो का विकास ही नही हो पाता है, जिस कारण नाम मात्र का ही मछली पालन हो पा रही है। लोगो ने जन प्रतिनिधियो पर भी उदासीन होने का आरोप लगाते हुए कहा कि विगत कई दशकों से समय-समय पर डैम को लेकर आंदोलन होता रहा है, लेकिन जन प्रतिनिधि इस पर विशेष ध्यान नही देते। जिस कारण डैम की स्थिति आज ऐसी हो गयी है। चंदवावासियों ने स्थानीय सांसद, विधायक व जिला प्रशासन से डैम के जीर्णोद्धार के प्रति अविलंब पहल करने की मांग की है।

## अपने ही नियमों से मुकर रहें है पीटीआर के अधिकारी

- मूल मुद्दो के बगैर पुनर्वास की सारी प्रक्रिया है बेकार: जेरोम जेराल्ड कुजूर

खबर मन्त्र संवाददाता

लातेहार। केंद्रीय जनसंघर्ष समिति के लातेहार व गुमला जिले के सचिव जेरोम जेराल्ड कुजूर ने लाटु और कुजुरुम गांव के पुनर्वास मामले को लेकर वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए विरोध जताया है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पलामू व्याघ्र परियोजना (पीटीआर) के उप निदेशक ने मुख्य मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह, मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचन्द्र सिंह, जिला परिषद अध्यक्षा पूनम देवी, जिला परिषद सदस्य गारु, बरवाडीह पूर्वी व पश्चिमी महुआडांड़ और मेरे नाम पर जिसमें मेरा पता ही गलत है। पत्रांक-959, दिनांक 28 नवंबर 2023 को जारी पत्र में कुजूरूम और लाटू गाँव के पुनर्वास के लिए ज़िला स्तरीय समिति बनाने की अनुशंसा कर रहे हैं। जबकि इन दोनों गाँव के पुनर्वास की जिम्मेदारी पलामू व्याघ्र परियोजना और जिला पुनर्वास कमिटी की है। वही वन विभाग ने जो शर्तें ग्रामीणों के समक्ष रखी थी उसी शर्त के आधार और गांव के लोग स्वेच्छा से विस्थापित होने के लिए तैयार हुए थे। लेकिन वर्तमान में वन विभाग उन शर्तों के विपरीत कार्य कर रही है। नियम के तहत किसी भी शर्तों को बदला जाता है तो ग्रामीणों द्वारा दी गयी स्वेच्छा स्वयं वापस हो जाती है। परंतु अगर वन विभाग अब इन मूल मुद्दों से भटकती है, तो पुनर्वास की सारी प्रक्रिया निराधार हो जाती हैं। इसी कारण ज़िला स्तरीय समिति बनाने का कोई तर्क नहीं है, जब वन विभाग ना ही अपने कानूनी प्रक्रिया को मान रहा है और ना ही लोगों की स्वेच्छा को। अतःवन विभाग के वर्तमान प्रक्रिया पर मेरा विरोध स्वाभाविक है।

## मौसम ने ली करवट, कड़ाके की ठंड जनजीवन अस्त व्यस्त

चंदवा। चंदवा में मंगलवार अहले सुबह से ही मौसम ने अचानक अपना मिजाज बदल लिया है। मंगलवार सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे व दिन भर रुक-रुक कर बूंदाबांदी होती रही। दिन भर आसमान में बादल छाए रहने व बूंदाबांदी होने से मौसम में कनकनी काफी बढ़ गई है व जनजीवन काफी प्रभावित हुआ है। लोग ठंड से बचने के लिए घरों में दुबक गए हैं। प्रशासन द्वारा चंदवा प्रखंड के विभिन्न चौक चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर अलाव का प्रबंध नहीं किया गया है। विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोगों ने प्रखंड प्रशासन से तत्काल चौक चौराहा व सभी जरूरी स्थानों पर अलाव का प्रबंध करने की मांग की है।

## हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का हुआ आयोजन


कार्यक्रम में शामिल लोग।

बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड में मंगलवार को गनेशपुर और मुरपा पंचायत में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का उद्घाटन बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्या प्रियंका कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव, मुरपा मुखिया अजय भगत, गनेशपुर मुखिया परमेश्वर उराँव ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने कहा कि यह कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजना की जानकारी लोगो को दी जाय।उज्वला योजना के अंतर्गत प्रिंस भारत गैस एजेंसी के द्वारा लाभुको को गैस एवम चूल्हा का वितरण किया गया। वही दोनो पंचायत में आंगनबाड़ी सेविका द्वारा बच्चो को अन्नप्राशन कराया गया। साथ ही जेएसएलपीएस की टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, जेएसपीएल के पदाधिकारी समेत कई लोग मौजूद थे।

## जिप सदस्या के प्रयास से गांव में लगा नया ट्रांसफार्मर

खबर मन्त्र संवाददाता


मौके पर मौजूद लोग।

बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बसिया पंचायत के टेमराबार ग्राम में बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्या प्रियंका कुमारी के अथक प्रयास से बिजली विभाग द्वारा छः माह से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदला गया। जिसका विधिवत उद्धघाटन जिप सदस्या प्रियंका कुमारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा,भाजपा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, बसिया मुखिया विमला देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।मौके पर जानकारी देते हुए जिला परिषद सदस्या ने बताया कि टेमराबार ग्राम में बीते 6 माह से ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से ग्रामीण अंधेरे में रहने को विवश थे। पूर्व में ग्रामीणों के द्वारा जिला परिषद सदस्या प्रियंका कुमारी को एक लिखित आवेदन दे कर खराब पड़े ट्रांसफर्मर को बदलने मांग किया था। जिसके बाद जिप सदस्या के प्रयास से गांव में नया ट्रांसफार्मर लगवाया गया। मौके पर मंडल महामंत्री विजय यादव, बसंत कुशवाहा, प्रवीण साव, शिव शुक्ला, प्रकाश प्रजापति, प्रेम शुक्ला, लाधु गंझु, महेश गंझू, दिनेश गंझु, सरयू गंझू, हत्पाल गंझू, सुका उराँव समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## स्वास्थ्य विभाग के निदेर्शानुसार पीएलए ने की बैठक, निकाली जागरूकता रैली


रैली में शामिल लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

बारियातू। स्वास्थ्य विभाग के निदेर्शानुसार प्रखंड के गोनिया पंचायत भवन परिसर में सहिया साथी गौरी देवी की अध्यक्षता में पीएलए बैठक किया गया। बैठक में मुख्य रूप से स्वास्थ्य संबंधी चर्चा कर सभी उपस्थित सहियाओं को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में पीएलए बैठक करने का दिशा निर्देश दिया गया। चर्चा के दौरान लाल, पीला व हरा तीन रंगों का गोल घेरा बनाकर रंगों के महत्व के बारे में बताया गया कि लाल में खतरा और पिला में खतरा होने वाला है हरा में पूर्ण रूप से स्वास्थ्य का संकेत दिया जाता है। उपस्थित सभी सहियाओं ने अपने-अपने हाथों में तख्तीयां लेकर रंग-बिरंगा सब्जियां खाएंगे स्वस्थ जीवन अपनाएंगे, भोजन में विविधता बने रहे मां बच्चों के चेहरे पर खुशी रहे, मां स्वयं के लिए तीन बार बच्चों के लिए एक बार बच्चे का स्वस्थ भविष्य बनाना है तो धात्री मां को दो बार अतिरिक्त भोजन खिलाना है, हरे पत्तेदार सब्जियां खाएंगे शरीर में खून बढ़ाएंगे, माँ आयरन गोली खाएगी एनीमिया दूर भगाएगी, बीमारी से बचाना है तो गहरे रंग की फल एवं सब्जियां खाना है सहित कई नारा लगाते हुए पंचायत भवन परिसर से उप स्वास्थ्य केंद्र होते हुए गोनिया बस स्टैंड तक जागरूकता रैली निकाली। मौके पर पार्वती देवी, पूनम देवी, हलिमा खातून, किरन्ति देवी, कलामणि देवी, धनिया देवी, राधा देवी, फूलमानी देवी, बसंती देवी, सुनीता देवी सहित गोनिया क्लस्टर के कई सहिया उपस्थित थे।

## पर्यावरणविद ने नाती के जन्मदिन व पोती के विवाह पर बालूमाथ कस्तूरबा विद्यालय में किया पौधरोपण


वैदिक मंत्रोचार के साथ नवरत्न पौधा स्थापना करते पर्यावरणविद व अन्य।

- परिवार की संख्या बढ़े तो उन्हें स्वस्थ रहने के लिए बढाना होगा पेड़ों की संख्या: पर्यावरण धर्म गुरु कौशल

खबर मन्त्र संवाददाता

लातेहार। झारखंड लातेहार जिले के बालूमाथ में पर्यावरण धर्म के तहत विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने अपनी पुत्री शिक्षिका ज्योति कुमारी को पुत्ररत्न प्राप्ति व पोती नैंसी की शादी के अवसर पर बालूमाथ के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय परिसर में नवरत्न का पौधा लगाकर उत्सव को यादगार बनाया। पर्यावरणविद की पुत्री ज्योति कुमारी (शिक्षिका) ने तीन दिसंबर को रांची के एक निजी हॉस्पिटल में पुत्र को जन्म दिया है। जन्मदिन के सुअवसर पर नानी सह डाली बाजार पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल, छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल रोहित जायसवाल, लालमन जायसवाल, शीला देवी, आकश, अरुण जायसवाल, अरविंद जायसवाल, कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल और शादी समारोह में सुदामा देवी, रामा देवी, बालकिशोर प्रसाद, रमाकांत, प्रसाद, विनोद प्रसाद, अमरेश प्रसाद, बरसा देवी, अर्चना देवी, पूनम देवी, नीलम देवी, रेणु देवी, रिंकू देवी, तानिया कुमारी, सुमिता कुमारी, देवंती कुमारीआदि शामिल थी।

## आजसू पार्टी ने की बैठक, ग्राम कमेटी गठन पर की गई चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक में उपस्थित लोग।

बारियातू। आजसू पार्टी की प्रखंड स्तरीय बैठक मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित खेल मैदान में प्रखंड अध्यक्ष बिनोद राम के अध्यक्षता में की गई। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव जितेंद्र कुमार सिंह (जीवन) लातेहार जिला अध्यक्ष अमित कुमार पांडेय, जिला प्रवक्ता नितेश कुमार पांडेय, जिला कोषाध्यक्ष सद्दाम अंसारी, उपाध्यक्ष विजेंद्र दास उपस्थित थे। जबकि मंच का संचालन बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय सचिव कृष्ण कुमार मिश्रा ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष पांडेय ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के विचार धाराओं पर चर्चा करते हुए पार्टी को मजबूत करने का अहवान किया। साथ ही कहा की कार्यकर्ता ही पार्टी का रीढ़ होता है। इसलिए प्रखंड के सभी पच्चासों बुथों पर ग्राम कमेटी विस्तार करने पर सहमति बनी। वहीं केन्द्रीय सचिव सिंह ने कहा कि आजसू पार्टी के मुखिया माननीय सुदेश महतो जी के गरीब, मजदूरों से अटुट संबंध है। उनका सपना है कि पुरे झारखंड में रहने वाले लोग शिक्षित एवं रोजगार से जोड़े जाएं। आगे उन्होंने इनके कार्यों और विचार पर चर्चा करते हुए कहा की पुरे झारखंड राज्य में गरीब को दुःख दर्द में साथ रहने वाला एकलौता नेता सुदेश महतो ही है। इसलिए अगामी होने वाले चुनाव में पार्टी को मजबूत बनाने के लिए संकल्प दिलाया। साथ ही सभी पच्चासों बुथों पर ग्राम कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया। वहीं आये सभी पदाधिकारीयों ने पार्टी के मजबूती पर बारी-बारी से कार्यकताओं के साथ चर्चा किया। इससे पूर्व प्रखंड कमेटी द्वारा आए अतिथियों को पार्टी का पट्टा व माला पहना कर स्वागत किया गया। मौके पर प्रखंड सचिव श्रवण उरांव, मोहन उरांव, मो ईसा, सुकुल लोहरा, रामशंकर राम, देवलाल उरांव, रामाधिन भुईयां, अरविंद प्रजापति, पुनू यादव, योगेष उरांव, भुपेश यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

## एक नजर में

### नए मतदाताओं का नाम जोड़ने के लिए चलाया जा रहा है विशेष अभियान


स्कूल में अभियान चलाते बीएलओ।

बरवाडीह। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर नए मतदाताओं के नाम जोड़ने और मतदान के प्रति जागरूक करने को लेकर बीडीओ राकेश सहाय के निर्देश पर प्रखंड में संचालित सभी कॉलेज और टेन प्लस टू में पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं के नाम जोड़ने के लिए उनके फॉर्म संग्रह करने को लेकर विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है। मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत बालक उच्च विद्यालय परिसर में बीएलो के द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच अभियान चलाया गया। अभियान के तहत आगामी लोकसभा चुनाव में नए मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित हो और मतदाता सूची में नाम जोड़ा जाए इसको लेकर आवेदन भरने का काम भी किया गया। मौके पर प्रभारी प्रधाध्यापक सुनीता खलको, निरा शर्मा, चंद्रकांता देवी, बबीता देवी, उज्जवल सिंह और रमेश कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### प्रकाशित खबर के बाद पांडेयपुरा पंचायत पहुंच संवेदक ने जलमिलार का किया जांच

लातेहार। नल जल योजना में गड़बड़ी को लेकर खबर मन्त्र में मंगलवार को प्रकाशित खबर का असर हुआ। कार्यपालक अभियंता पेजयल एवं स्वच्छता विभाग दीपक कुमार महतो के निर्देश पर संवेदक पांडेयपुरा पहुंच जलमिनार का निरीक्षण किया। वहीं इस दौरान ग्रामीणों ने संवेदक को खरी खोटी भी सुनाई व कहा कि दो दिनों के अंदर नल जल योजना के तहत बने सोलर जलमीनार ठीक नहीं होता है तो आंदोलन किया जाएगा तीन महीना से सोलर जलमिनर खराब पड़ा है। नल जल योजना के संवेदक के साथ पंचायत के एक जनप्रतिनिधि गांव भ्रमण करते दिखाई दिए। वहीं बरवाटांड़ में संवेदक के द्वारा मैनेज करने की बात कही गई। बुद्धदेव उरांव ने बताया कि नल जल योजना के त्रुटियों को बताएं तो संवेदक के द्वारा मैनेज करने के बात कहा गया। बता दें कि जितने भी सोलर जलमिनर लगाए गए हैं उनमें से अधिकांश जलमिनर का कार्य आधा अधूरा कर छोड़ दिया गया है। वहीं जो जलमिनार पूर्ण किया गया है वह भी खराब पड़ा हुआ है। जल मीनार के कार्य में सिर्फ खाना पूर्ति कर दिखाया गया है। पांडेपुर पंचायत में नल जल योजना से लगे सोलर जल मीनार की जांच किया जाए तो बहुत सारे गड़बड़ियां मिलेगी। सर्वे के अनुसार जिस स्थान पर सोलर जलमिनर लगाना था, उस स्थान पर सोलर जलमिनर नहीं लगाया गया है।

### हाल सर्वे में गड़बड़ी के कारण लातेहार जिले में बना हुआ है खून-खराबे का माहौल

लातेहार। लातेहार जिले में हुई हाल सर्वे में गड़बड़ी का खामियाजा मूल रैयतों को भुगतना पड़ रहा है। जिसे लेकर रैयतों में खासा आक्रोश देखा जा रहा है। वहीं रैयत आपस में लड़ भिड़ रहे है, और खून खराबा तक की संभावना उत्पन्न हो गई है। बता दें कि हाल सर्वे में हुई त्रुटियों के मामले को लेकर मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह व लातेहार विधानसभा क्षेत्र के विधायक बैद्यनाथ राम ने कई बार सदन में आवाज उठाई है, और लातेहार जिले में रिसर्वे कराने की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा है कि जब तक सुधार नहीं हो जाता है, तब तक पुराने खातियान और पंजी 2 से मिलान करके रसीद निर्गत की जाए। वहीं सरकार ने भी माना है कि लातेहार जिले में हाल सर्वे में 80 प्रतिशत त्रुटि हुई है, और जिले के अधिकारियों को रिसर्वे का आदेश भी दिया है, लेकिन जिले में संसाधन की कमी का हवाला देकर अब तक रिसर्वे कार्य को शुरू नहीं किया जा सका है। जिससे रैयतों में खून खराबे का माहौल उत्पन्न हो गया है। प्रतिदिन कोर्ट कचहरी एवं सभी प्रखंडों व थाने में गुहार लगाते जिससे लोग परेशान हैं ।सवाल यह है कि जब सरकार ने भी यह स्पष्ट रूप से मान लिया है कि लातेहार जिले में हाल सर्वे में 80% त्रुटि हुई है। बावजूद इसके रैयतों की समस्या का समाधान क्यों नहीं की जा रहा है। क्या सरकार भी यही चाह रही है कि मूल रैयत सरकार की कमियों और उदासीनता के कारण आपसी लड़ाई लड़ते रहें।

### आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम कोटखास पंचायत में आयोजित



नीलांबर पितांबरपुर पलामू। प्रखंड अंतर्गत कोटखास पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर लगाया गया। शिविर का उदघटन बीडीओ सुकेसनी कराकेट्टा , अंचलाधिकारी आशीष कुमार साहू ,मुखिया जुली सिंह बीपीआरओ विनय कुमार शर्मा एवं 20सूत्री अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। बीडीओ ने लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। कहा कि सरकार का हर योजना जनता की भलाई के लिए होता है। योजनाओं का लाभ लेने के लिए उसकी जानकारी होनी चाहिए। हर योजनाओं की जानकारी रखें और उसका लाभ लें। शिविर में कई तरह के समस्याओं का आवेदन प्राप्त हुआ। कई समस्याओं का निष्पादन तो ऑन द स्पॉट किया गया। इसके बाद कोटखास पंचायत के विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल की राशि का वितरण किया गया। कार्यक्रम में 120 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कंबल वितरण के बाद 50 वृद्ध व्यक्तियों को पंचायत के मुखिया जूली सिंह द्वारा निजी खर्चे से कंबल वितरण किया गया ।जेएसपीएल द्वारा 15 लाख का ऋण महिला समूह के बीच वितरण किया गया। प्रखंड आपूर्ति विभाग द्वारा सोना सोबरन योजना के अंतर्गत राशन कार्ड धारी के बीच धोती साड़ी का वितरण किया गया ।इसके अलावा अबुआ आवास ,बिरसा हरितसिंचाई कूप योजना ,दीदी बाड़ी योजना जॉब कार्ड ,आयुषमान कार्ड ,सहित श्रम विभाग के द्वारा प्रवासी मजदूर का निबंधन किया गया। मौके पर प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी आलोक कुमार तिवारी,बीपीआरओ विनय शर्मा प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ,प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, प्रखण्ड शिक्षा बिभाग से सतीश तिवारी ,स्वास्थ्य कर्मी , पंचायत प्रतिनिधि व काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### अज्ञात अपराधियों ने युवक के साथ लूटपाट कर चाकू मारकर किया घायल



मेदिनीनगर। हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के पथरा पथ पर स्थित लंगरकोट गांव के समीप सोमवार की देर रात्रि में बाइक सवार अपराधकर्मियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। इसके बाद अपराधियों ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घायलावस्था में ग्रामीणों ने प्राथमिकी उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने उपचार बेहतर ईलाज के लिए एमएमसीएच रेफर कर दिया। ज्ञात हो कि पथरा गांव निवासी दुखी राम के पुत्र सुनील कुमार जपला से बाजार कर घर लौट रहा था। जैसे ही वह लंगरकोट गांव के पास पहुंचा कि बाइक सवार अपराधियों ने ओवरटेक कर उसे रोका और पांच हजार रूपये, मोबाईल लूट लिया। लूट की घटना के बाद अपराधियों ने जान मारने की नियत से सुनील कुमार के गर्दन पर चाकू से हमला कर दिया। जिस कारण वह अचेतावस्था में गिर पड़ा। इसके बाद अपराधी भागने में सफल रहे। घटना की सूचना पाते ही स्थानीय पुलिस पहुंचकर जायजा लिया।

# बिहार इलेक्ट्रिक वाहन नीति, 2023 की स्वीकृति सहित कुल 23 एजेंडों पर मुहर

**एजेंसी**

**पटना।** सीएम नीतीश की अध्यक्षता में मंगलवार को संपन्न मंत्रिपरिषद् की बैठक में बिहार इलेक्ट्रिक वाहन नीति, 2023 की स्वीकृति सहित कुल 23 एजेंडों पर निर्णय लिया गया। इस सन्दर्भ में मंत्रिपरिषद् की बैठक के बाद मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव, डॉ एस सिद्धार्थ ने सूचना भवन में प्रेस को संबोधित करते हुए बताया कि परिवहन विभाग के अन्तर्गत लोकहित को दृष्टिगत रखते हुए परिवेशीय वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए ध्वनि एवं वाहनजनित प्रदूषण को नियंत्रित किए जाने के लिए बिहार राज्य में इलेक्ट्रिक वाहन एवं इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग स्टेशनों को स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए बिहार इलेक्ट्रिक वाहन नीति, 2023



की स्वीकृति दी गई। परिवहन विभाग के ही तहत बिहार के 6 प्रमुख नगर पटना, मुजफ्फरपुर, गया, भागलपुर, दरभंगा एवं पूर्णियां नगरों के लिये कुल 400 इलेक्ट्रिक बसों की व्यवस्था के लिए पीएम ई-बस सेवा योजना अंतर्गत आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा सार्वजनिक परिवहन योजना की स्वीकृति दी गई। वहीं ई गाड़ी खरीदने पर सरकार डेढ़ लाख तक की छूट देगी। दो पहिया वाहन पर टैक्स में छूट दी गई है। 50 फीसदी टैक्स में राहत दी गई है। पहले दस हजार वाहनों के लिए पांच हजार रुपये की सब्सिडी और एससी वर्ग के लाभुकों को 7500 रुपये की सब्सिडी मिलेगी। पहले दस हजार वाहनों पर टैक्स में 75 प्रतिशत की छूट मिलेगी। तीन पहिया यात्री वाहन और माल वाहन में टैक्स में 50 फीसदी की छूट देगी। चार पहिया वाहन पर अधिकतम 1.50 लाख रुपए तक सब्सिडी सरकार की तरफ से दी जाएगी। परिवहन विभाग के ही तहत राज्य सरकार के सभी विभाग, बोर्ड, निगम तथा अन्य कार्यालयों के स्वामित्व वाले अनिवार्य स्क्रैपिंग के लिए चिन्हित 15 वर्ष पुराने सभी सरकारी वाहनों को निबंधित यान स्क्रैपिंग सुविधा के माध्यम से स्क्रैपिंग प्रक्रिया की स्वीकृति दी गई। आपदा प्रबंधन विभाग के अन्तर्गत बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नियमावली, 2012 के नियम 05(02)-परिशिष्ट-प्ट में वर्णित प्रावधान में आंशिक संशोधन की स्वीकृति दी गई। ऊर्जा विभाग के अन्तर्गत बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कंपनी लिमिटेड के अंतर्गत 132 केवी के खगौल-दीघा संचरण लाईन के अंडरग्राउंड के लिए 129.16 करोड़ की नई योजना की स्वीकृति एवं उक्त राशि का 25.832 करोड़ (पच्चीस करोड़ तेरासी लाख बीस हजार) रुपये पूंजीगत निवेश के रूप में इक्विटी स्वरूप एवं शेष 103.328 करोड़ (एक सौ तीन करोड़ बत्तीस लाख अस्सी हजार) रुपये राज्य सरकार की गारण्टी पर विभिन्न वित्तीय संस्थानों से ऋण प्राप्त करने की स्वीकृति दी गई। कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के अन्तर्गत पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय, बेतिया में 2000 क्षमतायुक्त प्रेक्षागृह के निर्माण के लिए 47,91,45,500 (सैंतालीस करोड़ एकानवे लाख पैंतालीस हजार पाच सौ रुपये) की द्वितीय पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के ही तहत पूर्वी चम्पारण जिला मुख्यालय, मोतिहारी में 2000 क्षमतायुक्त प्रेक्षागृह के निर्माण के लिए 47,77,20,300 (सैंतालीस करोड़ सतहत्तर लाख बीस हजार तीन सौ रुपये) की द्वितीय पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। पंचायती राज विभाग के अन्तर्गत बिहार जिला परिषद् (सेवाशर्त्त) नियमावली, 2023 की स्वीकृति दी गई। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अन्तर्गत राजवर्द्धन गुप्ता, तत्कालीन अंचल अधिकारी, हिलसा, नालन्दा सम्प्रति निलंबित को बिहार सरकारी सेवक सरकारी सेवा से बर्खास्तगी, जो सामान्यतया सरकार के अधीन भविष्य में नियोजन के लिए निरर्हता होगी, का दण्ड अधिरोपित करने की स्वीकृति दी गई। विधि विभाग के अर्न्गत उच्च न्यायालय, पटना की स्थापना में आईटी संवर्ग में विभिन्न कोटि के 81 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई।

## स्पीड न्यूज

### नेपाली शराब के साथ दो महिला गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले में रक्सौल स्थित कस्टम के समीप हरैया ओपी पुलिस ने नेपाली शराब के साथ दो महिला को को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते हरैया ओपी प्रभारी अनुज कुमार ने मंगलवार को बताया कि बीती रात गश्ती के दौरान नेपाल से आ रही दो महिलाओं का बैग जांच किया गया। बैग से 27 बोतल नेपाली कस्तूरी शराब बरामद किया गया। दोनों महिला की पहचान नाजरा खातून पति लड्डू आलम व मुन्नी खातून पति स्वर्गीय इकलाख अंसारी के रूप में हुई है। दोनों महिला रक्सौल के नेपाली स्टेशन के निवासी है। थानाध्यक्ष अनुज कुमार ने बताया कि कागजी करवाई कर दोनों आरोपितों को जेल भेजा जा रहा है।

### वृद्ध की ऑटो दुर्घटना में हुई मौत

**दुमका।** जिला के रामगढ़ प्रखंड के नौखेता गांव में एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में ऑटो सवार गड़मल मुर्मू और लुखी राम हेम्ब्रम गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को इलाज के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया जहां डॉ ने गड़मल मुर्मू को मृत घोषित कर दिया जबकि लुखी राम हेम्ब्रम का इलाज चल रहा है। मृतक गड़मल मुर्मू के परिजन बिजय मुर्मू ने बताया कि मृतक और घायल दोनों बिंधासरे गांव के रहने वाले हैं। ऑटो से नौखेता में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में वृद्धावस्था पेंशन के लिए आवेदन देने आए थे। आवेदन देने के बाद दोनों ऑटो से वापस घर लौट रहे थे। रास्ते मे दुर्घटना के शिकार हो गए।

### नीतीश ने कर्नाटक में बिहार के मजूदरों की मौत पर जताया शोक

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कर्नाटक में बिहार के सात मजदूरों की मौत पर आज गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। श्री कुमार कर्नाटक के विजयपुरा के अलियाबाद औद्योगिक क्षेत्र में एक निजी खाद्य प्रसंस्करण इकाई के गोदाम में लगभग 100 टन मकई के बोरे के नीचे दब जाने से बिहार के सात मजदूरों की हुयी मौत पर मर्माहत हैं। उन्होंने इस घटना को काफी दुखद बताया है। उन्होंने इस घटना में मृत मजदूरों के शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### मानहानि मामले में शिवानंद को एक वर्ष की कैद

**पटना।** बिहार में सांसदों एवं विधायकों के आपराधिक मामलों की सुनवाई के लिए गठित पटना की एक विशेष अदालत ने मानहानि के एक मामले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता शिवानंद तिवारी को आज एक वर्ष की कैद के साथ ही 10 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई। विशेष न्यायाधीश सारिका बहालिया ने मामले में सुनवाई के बाद श्री तिवारी को भारतीय दंड विधान की धारा 500 के तहत दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है।

## मोतिहारी कोर्ट ने ओसामा की जमानत याचिका किया खारिज



**पूर्वी चंपारण।** मोतिहारी कोर्ट ने सीवान के दिवंगत पूर्व सांसद शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब की नियमित जमानत याचिका खारिज कर दिया। चौदहवें अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सूर्यकांत तिवारी ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुनाया है। ओसामा के विरूद्ध नगर थाना में दर्ज कांड में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता नरेंद्र देव ने पक्ष रखा और अभियोजन पक्ष की ओर से दिग्विजय नारायण सिन्हा ने पक्ष रखा। मोतिहारी नगर थाना में ओसामा पर उनके बहनोई के चचेरे भाई ने जमीन विवाद में फायरिंग करने, तोड़फोड़ करने और एक करोड़ रंगदारी मांगने का कांड दर्ज कराया था। जिस मामले में सीवान पुलिस ने मोतिहारी कोर्ट में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच एक नवंबर को पेश किया था। रिमांड के बाद सीवान पुलिस ओसामा को वापस ले गई थी, ओसामा शहाब और घटनास्थल से जब्त जेसीबी के मालिक अशरफ चांद की ओर से कोर्ट में प्रस्तुत नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। जिसकी सुनवाई के उपरांत न्यायालय ने उक्त जमानत याचिका को खारिज कर दिया।

## गया के पूर्व एसएसपी ने पटना सिविल कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

**एजेंसी**

**पटना।** गया के पूर्व वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) आदित्य कुमार ने मंगलवार दोपहर पटना सिविल कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। बिहार सरकार की स्पेशल विजिलेंस यूनिट (एसवीयू) ने आदित्य कुमार के खिलाफ छानबीन कर पांच दिसम्बर, 2022 को 1.37 करोड़ रुपये के आय से अधिक संपत्ति का केस दर्ज किया था। पुलिस का कहना था कि आदित्य कुमार की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है लेकिन वह पकड़ में नहीं आ रहे। पिछले सप्ताह सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने आदित्य कुमार की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा था कि पूर्व एसएसपी पर लगे आरोप बेहद गंभीर हैं, इसलिए उन्हें राहत नहीं दी जा सकती। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस अनिरुद्ध बोस, जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा था कि जो तथ्य सामने दिख रहे हैं, उस पर कोर्ट अपनी आंखें नहीं मूंद सकती। आदित्य कुमार के खिलाफ दर्ज मामला न केवल न्यायिक कार्यवाही में पवित्रता बनाए रखने से संबंधित है, बल्कि पूरी व्यवस्था में



जनता के विश्वास को बनाए रखने के लिहाज से भी काफी मायने रखता है। सुप्रीम कोर्ट ने पटना हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को सीलबंद लिफाफे में यह जानकारी देने को भी कहा था कि हाई कोर्ट ने इस मामले में अब तक क्या कार्रवाई की है। आईपीएस आदित्य कुमार के खिलाफ पिछले साल अक्टूबर में मामला दर्ज किया गया था। निलंबित आईपीएस अधिकारी आदित्य कुमार पर आरोप लगा था कि उन्होंने अपने केस की पैरवी के लिए अपने दोस्त अभिषेक अग्रवाल से पटना हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के नाम पर बिहार के डीजीपी को कॉल करवाया था। आईपीएस अधिकारी आदित्य कुमार गया के एसएसपी पद पर तैनात थे। उनके खिलाफ शराब तस्करों से सांठगांठ का केस दर्ज किया गया था। उन पर आरोप लगा कि अपने खिलाफ चल रही कार्रवाई को रद्द कराने के लिए साजिश रची। आदित्य कुमार के दोस्त अभिषेक अग्रवाल ने एक फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट बनाया, जिसमें पटना हाई कोर्ट के तत्कालीन चीफ जस्टिस की तस्वीर लगाई गई। फिर इसी व्हाट्सएप नंबर से बिहार के तत्कालीन पुलिस महानिदेशक एसके सिंघल को कॉल और मैसेज किए गए। फर्जी चीफ जस्टिस ने डीजीपी को कहा कि आदित्य कुमार के खिलाफ चल रहे मामले को बंद कर दिया जाये। इसके बाद डीजीपी ने आदित्य कुमार के खिलाफ चल रहे केस को बंद कर दिया था। हालांकि, बाद में जब मामला खुला तो आदित्य कुमार और उनके मित्र अभिषेक अग्रवाल के खिलाफ नया केस दर्ज किया गया था। पिछले साल 15 अक्टूबर को बिहार सरकार की आर्थिक अपराध इकाई ने आदित्य कुमार के खिलाफ फजीर्वाड़ा कर शराब कांड को खत्म कराने का केस केस दर्ज किया था। इसके बाद बिहार सरकार ने आईपीएस आदित्य कुमार को निलंबित कर दिया था।

## महगामा विधायक दीपिका पांडे सिंह ने ढोलिया नदी में चेक डैम का किया शिलान्यास

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी (गोड्डा) क्षेत्रीय विधायक दीपिका पांडे सिंह ने मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के फुलबड़ीया पंचायत अंतर्गत ढोलीया नदी में श्रृंखलाबद्ध चेक डैम निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। फुलबड़ीया पंचायत के मक्कूचक और सोनपुर गांव के निकट ढोलीया नदी में तीन श्रृंखलाबद्ध चेकडैम निर्माण कार्य कराया जाएगा। इस जगह पर दोकरोड़ 70 लख रुपए की लागत से लघु सिंचाई विभाग द्वारा चेकडैम का निर्माण कराया जाएगा।इस ढोलीया नदी में इस जगह पर चेकडैम के निर्माण होने से करीब दर्जन भर गांव के हजारों ग्रामीण



किसान,मजदूर सिंचाई सुविधा का लाभ ले सकेंगे।क्योंकि इस जगह के निकट में चेकडेम नहीं था।इस चेकडैम के निर्माण होने से कम वर्षा होने पर भी इलाके के किसान धान, गेहूं,सब्जी सहित कई प्रकार की खेती कर सकेंगे। इस इलाके के संमदा, फुलबड़ीया, मक्कुचक, गहरा, सोनपुर, दियारा, बहादुरचक, कुसमा, नियमाचक आदि दर्जनों गांव के हजारों ग्रामीण, किसान, मजदूर आदि ने विधायक दीपिका पांडे सिंह से श्रृंखलाबद्ध चेकडैम निर्माण करने का मांग किया था। जिस पर की त्वरित सुनवाई करते हुए इस चेकडैम निर्माण कार्य का शिलान्यास कर दिया गया इस अवसर पर फुलबड़ीया पंचायत की मुखिया सालोमी मुर्मू, पंजराडीह पंचायत के मुखिया मनोज कुमार यादव, खरखोदिया पंचायत के मुखिया मनोरंजन कुमार, विकास कुमार मंडल, मिहिर महतो, प्रफुल्ल मंडल, संजय मंडल, जीतराम हसदा , संतोष हंसदा सहित दर्जनों ग्रामीण, किसान, मजदूर, महिला आदि थे।

## पत्नी के ससुराल नहीं आने पर युवक ने दी जान

**दुमका।** नगर थाना क्षेत्र के नयापाड़ा मुहल्ले में सोमवार की रात 28 वर्षीय संजय लायक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या करने के कारण का पता अभी तक नहीं चल पाया है। मंगलवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। परिवार वालों का आरोप है कि वह एक दिन पहले ही ससुराल से आया था। ससुराल से आने के बाद वह बहुत ही तनाव में था। उसकी पत्नी अपने डेढ़ साल के बच्चे के साथ मायके में रुक गई थी। वह पत्नी को लाने के लिए गया था, पर वह अपने पति के साथ आने से इंकार कर गई थी। वह बैरंग ही वापस लौट आया था। ससुराल से आने के बाद से वह तनाव में रहने लगा था। सोमवार की रात घर में पंखे से फांसी का फंदा बना कर जान दे दी। घर पर उसकी बुढ़ी मां एवं एक बहन थी। सुबह में परिवार वालों को घटना की जानकारी हुई और पुलिस को सूचित किया गया। नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और पीजेएमसीएच में पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया। युवक घर में एकलौता कमाऊ सदस्य था। वह दैनिक मजदूरी कर अपनी बुढ़ी मां,बहन एवं पत्नी बच्चे को पाल रहा था। घटना की सूचना मिलने पर उसकी पत्नी मायके से लौटकर घर आयी। उसकी पत्नी का कहना है कि मायके में दोनों के बीच कोई विवाद नहीं हुआ था। वे अपनी मर्जी से घर आए थे। दोनों के बीच रिश्ते में कोई दरारे नहीं आयी थी। बहरहाल पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुट गयी है।

## पेज 1 का शेष

### झारखंड में भी अलर्ट...

सिमडेगा में 9.5 मिमी कोलेबिरा में 14.2 मिमी बारिश दर्ज की गयी है। गुमला, किरीबुरू, रामगढ़, पश्चिमी सिंहभूम, रांची में औसतन 0.5 मिमी बारिश रिकॉर्ड दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक कुमार ने अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि तूफान का असर झारखंड में अगले दो-तीन दिनों तक देखने को मिलेगा। इसका सबसे ज्यादा असर 6 और 7 दिसंबर को देखा जा सकता है। फिलहाल तमिलनाडु और दक्षिण भारत के इलाकों में मिचौंग की वजह से लोगों को खासी परेशानी हो रही है।

### केंद्र की तरह मुर्गीखाना नहीं...

अभी चुनाव आने वाला है। तरह-तरह से झूठ बोले जायेंगे। जब कोई बड़ा आदमी बोलता है तो हम गरीबों को सच लगने लगता है। अपनी आंखों की पट्टी को खोलें और होशियार रहें। **8 लाख लोगों को देंगे आवास :** सीएम ने कहा कि झारखंड सरकार अपने बलबूते 8 लाख लोगों को आवास देगी। इसके लिए शुरू की गई अबुआ आवास योजना के लिए 16 हजार करोड रुपए का प्रावधान किया गया है। वहीं ए सुदूर गांवों से शहरों की कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना शुरू की गयी है। इस योजना के तहत बुजुर्ग, दिव्यांग, महिलाएं और छात्र-छात्राओं को निरूशुल्क बस सेवा की सुविधा मिलेगी। हर वर्ष लगभग एक करोड़ लोग इस योजना का लाभ ले सकेंगे। **चुनाव आने वाला है, होशियार रहें :** सीएम ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी ने राज्य को पिछड़ा बना दिया है। चुनाव आने वाला है इसलिए होशियार रहें। झूठ-सच बोलकर आपकी आंखों में धूल डालने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि आज जितना बड़ा आदमी, उतना बड़ा झूठ, ये प्रचलन हो गया है। कुछ समय बाद झारखंड 25 साल का हो जायेगा। वड़ी पार्टी वालों ने अब तक इस राज्य का सिर्फ खून चूसा है। ताकतवर बनाने की कोई कोशिश नहीं की। इसलिए हर दिन हमारी नजर हमारी जड़ों पर है। **हमें मजबूत नहीं होने दिया :** सीएम ने कहा कि पहली की सरकारों का फंडा था कि अगर आप मजबूत हो जायेंगे, तो हक और अधिकार की मांग करेंगे। हमारी सरकार बेटियों की पढ़ाई का पूरा खर्च रही है। उन्होंने कहा कि डीवीसी का बकाया निकलता है तो कई जिलों की बिजली काट देते हैं, लेकिन हमारा बकाया नहीं देते। अजीब मामला है। कुछ शैतानी लोग कोडरमा जिला के अभ्रक खदान का निदान नहीं चाहते हैं। दो नंबर के जरिये अपनी जेब भरना चाहते हैं। हम इसका भी रास्ता निकाल लेंगे। यहां के अभ्रक व्यवसाय को पैरों पर खड़ा करेंगे। 1932 के आधार पर नियोजन नीति बनाते हैं तो कोर्ट कचहरी में भेज देता है। हमारे कानून को लागू नहीं होने देते। इसकी वजह से नौकरियों में बाहर से लोग आ जाते हैं। हमारे राज्य के कोयले से देश जगमगाता है, लेकिन हमारे गांव अंधेरे में डूबे रहते हैं। केंद्र पर हमारा 1.36 लाख करोड़ बकाया है, लेकिन वे नहीं देते। कार्यक्रम में सीएम जिला को दी 309 करोड़ की 19 योजनाओं की सौगात। मुख्यमंत्री के साथ कृषि मंत्री बादल पत्र लेख, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता भी कार्यक्रम में शामिल थे।

### रांची के बर्लिन अस्पताल में...

साथ ही जमीन की खरीद भी बाजार मूल्य से काफी कम पायी गयी थी। इस मामले में शिकायत मिलने के बाद इडी ने बड़गाईं अंचल को पत्र लिखकर बड़गाईं अंचल के खाता संख्या 54, प्लाट 2711 की 12 कटटा जमीन का ब्यौरा भी मांगा था। जानकारी के मुताबिक, आइएएस की पत्नी प्रीति कुमार के द्वारा खरीदी गयी जमीन के परचेजर डॉ नलिनी रंजन सिन्हा, उषा सिन्हा थीं। बाद में प्रीति कुमार और टीएम ठाकुर ने जमीन की खरीद की। इसके बाद टीएम ठाकुर ने जमीन का सरेंडर रजिस्टर डीड के जरिए कर दिया। इस जमीन की खरीद 1 करोड़ में की गयी, जबकि जमीन कीमत कई करोड़ आंकी गयी है। उसी जमीन पर अस्पताल का निर्माण भी कराया गया है। इडी को शिकायत मिली थी कि जमीन की प्रकृति बदल कर खरीदी गयी और बाद में उस जमीन पर बर्लिन अस्पताल का निर्माण कराया गया। **भानू प्रताप प्रसाद के मोबाइल से मिले थे दस्तावेज :** गौरतलब हो कि 13 अप्रैल को इडी ने बड़गाईं अंचल के तत्कालीन उप राजस्व निरीक्षक भानू प्रताप प्रसाद के यहां छापेमारी की थी, तब उसके घर में अंचल के कई दस्तावेज बरामद किए गए थे। वहीं मोबाइल से भी कई जमीनों की जानकारी मिली थी। इस मामले में रांची डीसी के आदेश पर बड़गाई अंचल के सीओ मनोज कुमार ने सदर थाना में एफआईआर दर्ज करवाई थी। इस मामले में इडी ने ईसीआईआर दर्ज कर कार्रवाई कर रही है। यह मामला भी उसी केस से संबंधित है।

### एक देश दो प्रधान...

उन्होंने कहा कि एक निशान, एक प्रधान, एक संविधान कोई चुनावी नारा नहीं था। 1950 से कहते आ रहे हैं कि एक देश में एक प्रधानमंत्री, एक (राष्ट्रीय) ध्वज और एक संविधान होना चाहिए और हमने ऐसा किया है।

### तीन राज्यों में सीएम...

अगर इन्हें सत्ता की चाबी सौंपी तो ये छत्तीसगढ़ की पहली महिला मुख्यमंत्री होंगी। हालांकि सीएम पद की रेस में रमन सिंह टॉप पर हैं। वे 15 साल तक छत्तीसगढ़ के सीएम रहे। सरकार चलाने का उनका ये अनुभव सभी रेसर पर भारी है। **राजस्थान में चौंका सकता है नाम :** इन तीन राज्यों में से ज्यादा अगर किसी राज्य में सीएम पद को लेकर सबसे ज्यादा गहमा गहमी है तो वो है राजस्थान। दरअसल, पार्टी ने यहां कांग्रेस को हराकर सत्ता पार्यी है। राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा की वरिष्ठ नेता वसुंधरा राजे लगाता अपने समर्थित विधायकों के साथ बैठक कर केंद्रीय नेतृत्व पर दबाव डाल रही है। सूत्रों के मुताबिक भाजपा ने राजस्थान में किसी भी दबाव में न आकर दिल्ली से किसी नेता को राज्य की कमान सौंपाने का मन बना लिया है। ऐसे में ओम माथुर, ओम बिरला और केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल का भी नाम चर्चा में है। यहां दो पावर सेंटर बन गये हैं। भाजपा ने अभी तक न तो विधायक दल की बैठक बुलाई है और न ही मुख्यमंत्री के नाम को लेकर कोई स्थिति स्पष्ट की है।

### जमायडीह पंचायत में लगे आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में शिविर का डीसी व एसपी ने निरीक्षण किया

## सरकार की जनकल्याणकारी व जनोपयोगी योजनाओं की जानकारी दी गई

- उक्त कार्यक्रम में लाभुकों के बीच कम्बल व परिसंपत्तियों का किया गया वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा।** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नंबर- 6 सहित 08 पंचायतों में आयोजित किए गए। जिसमें गोड्डा प्रखंड के अंतर्गत मारखन घाट पहाड़पुर पंचायत में पोड़ैयाहाट प्रखंड के अंतर्गत पसई, महागामा प्रखंड के अंतर्गत जमायडीह पंचायत में, मेहरमा प्रखंड के अंतर्गत अमजोरा फिरोजपुर पंचायत में, ठाकुरगंगटी प्रखंड के अंतर्गत चांदा पंचायत में, बोआरीजोर प्रखंड के अंतर्गत कुशबिल्ला, सुंदर पहाड़ी प्रखंड के अंतर्गत कैरासोल पंचायत में आमजनों की समस्याओं के समाधान के लिए शिविर आयोजित किए गए।

आज उपायुक्त गोड्डा एवं पुलिस अधीक्षक, गोड्डा नाथू सिंह मीना के द्वारा संयुक्त रूप से महागामा प्रखंड के अंतर्गत जमायडीह पंचायत में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के शिविर में उपस्थित होकर कार्यक्रम के सफल संचालन का जायजा लिया।

इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक, गोड्डा नाथू सिंह मीना के द्वारा बताया गया कि उक्त शिविर में वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन का लाभ, आधार कार्ड सुधार, राशन कार्ड का लाभ, श्रम निबंधन का लाभ, हेल्थ चेकअप, जमीन से संबंधित ऑनलाइन त्रुटियों का निराकरण, मनरेगा के तहत जॉब कार्ड का लाभ, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ, किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ जैसे सभी सरकारी योजनाओं सहित आपके पंचायत की वैसी समस्याएं जिससे आप जूझ रहे हैं, उन सभी समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। आप इनका लाभ अवश्य लें, उक्त कार्यक्रम में लाभुकों के बीच कम्बल व परिसंपत्तियों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने कहा कि उक्त कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच की भी व्यवस्था की गई है। साथ ही श्रम विभाग के द्वारा असंगठित मजूदरों का निबंधन किया जा रहा है, साथ हीं ई-श्रम पोर्टल पर निबंधन की भी कार्रवाई शिविर में की जा रही है। अबुआ आवास योजना , गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, सोना-सोबरन घोती-साड़ी वितरण योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना, फूलो झानो आशीर्वाद अभियान योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, केसीसी, सहित सरकार के द्वारा नये-नये योजनाओं से लाभ पहुँचाने का कार्य किया जा रहा है। आप सभी उक्त शिविरों में जाकर अपना आवेदन दे सकते हैं। उक्त आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन संभव हो तो उसका निष्पादन ऑन-द-स्पॉट किया जाएगा। साथ ही आवेदनों पर जितनी जल्द हो सके उसके निष्पादन संबंधी कार्य किए जाएंगे। मौके पर उपायुक्त के द्वारा शिविर में उपस्थित जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, गोड्डा, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी महागामा सहित उपस्थित कर्मियों को शिविर के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निराकरण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। आज आयोजित पंचायतस्तरीय शिविरों में संबंधित पंचायतवासियों के साथ-साथ सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आए ग्रामीणों की ऑन-द-स्पॉट स्वास्थ्य जांच की गई। सोना-सोबरन धोती/लुंगी-साड़ी योजना के तहत लाभुकों के बीच वस्त्र वितरण किया गया। सामाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा कंबल वितरण के साथ-साथ पेंशन योजनांतर्गत लाभुकों के बीच पेंशन स्वीकृति पत्रों का वितरण तथा नए आवेदकों से पेंशन का लाभ स्वीकृत करने हेतु आवेदन प्राप्त करने के साथ-साथ पेंशन हेतु प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर जाँचोपरांत स्वीकृति एवं लाभुकों को पेंशन प्राप्त करने में होने वाली समस्याओं का निराकरण किया गया। शिविर में लंबित दाखिल-खारिज वादों के निष्पादन संबंधी कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया। इसके साथ ही फूलो-झानो आशीर्वाद योजना के तहत हड़िया बिक्री के रोजगार में संलग्न महिलाओं की पहचान कर उन्हें वैकल्पिक रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत मनरेगा के जॉब कार्ड हेतु आवेदन प्राप्त करने तथा प्रवासी श्रमिकों के लिए प्राथमिकता के आधार पर जॉब कार्ड बनाने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही शिविरों में केसीसी ऋण, जाति आवासीय, राशन कार्ड, विधवा/वृद्धावस्था/दिव्यांग पेंशन, ग्रीन कार्ड आदि का लाभ दिलाने हेतु संबंधित विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त करते हुए कार्यों का निष्पादन किया गया। इसके अलावा शिविर में श्रम विभाग द्वारा असंगठित क्षेत्र के कामगारों का ई-श्रम पोर्टल पर निबंधन भी सुनिश्चित कराया गया। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का उपायुक्त, एवं पुलिस अधीक्षक, के द्वारा किया गया निरीक्षण।

आज आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से संबंधित स्टॉल विभिन्न विभागों के द्वारा लगाया गया। विभिन्न विभागों के द्वारा स्टाल लगाकर आम जनों की समस्याओं का निराकरण किया गया। साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी भी दी गई। उपायुक्त महोदय, गोड्डा एवं पुलिस अधीक्षक, गोड्डा के द्वारा विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया गया। साथ ही योग्य लाभुकों को योजनाओं का लाभ देने का निर्देश दिया गया।

# 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत

## 2026-27 में जीडीपी सात प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमानः एसएंडपी

**▸▸ वित्त वर्ष 2022-23 के अंत तक भारत का जीडीपी 3,730 अरब अमेरिकी डॉलर**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा और वित्त वर्ष 2026-27 में देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि सात प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है।

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने मंगलवार को यह बात कही। एसएंडपी का मानना है कि देश के लिए एक बड़ी परीक्षा विशाल अवसर का लाभ उठाकर खुद को अगला बड़ा वैश्विक



विनिर्माण केंद्र बनाने की है। एसएंडपी की रिपोर्ट ग्लोबल क्रेडिट आउटलुक 2024ः न्यू रिस्क, न्यू प्लेबुक में कहा गया है कि मार्च 2024 यानी चालू वित्त वर्ष में जीडीपी की वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। 2026 में इसके सात प्रतिशत पहुंचने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2022-23 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। भारत की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि जून और सितंबर तिमाही में क्रमशः 7.8 प्रतिशत और 7.6 प्रतिशत रही थी। एजेंसी के अनुसार, भारत 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है और हमें उम्मीद है कि यह अगले तीन वर्षों में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होगा। सबसे बड़ी परीक्षा यह है कि क्या भारत अगला बड़ा वैश्विक विनिर्माण केंद्र बन सकता है, जो एक बहुत बड़ा अवसर है। एसएंडपी के अनुसार, एक मजबूत लॉजिस्टिक्स ढांचा विकसित करना भारत को सेवा-प्रधान अर्थव्यवस्था से विनिर्माण-प्रमुख अर्थव्यवस्था में बदलने में महत्वपूर्ण होगा। वित्त वर्ष 2022-23 के अंत तक भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 3,730 अरब अमेरिकी डॉलर रहा है। भारत वर्तमान में अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान के बाद दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। आईएमएफ का अनुमान है कि भारत 2027-28 तक 5,000 अरब डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा।

# तूफान माइचौंग से 12 की मौत

## चेन्नई और आसपास के जिलों में बारिश से भारी तबाही, बिजली आपूर्ति ठप

**विजयवाड़ा में फंसे बंगाल के टेबल टेनिस के 200 खिलाड़ी**

एजेंसी

**चेन्नई।** उत्तरी तटीय तमिलनाडु में चक्रवाती तूफान माईचौंग के कारण चेन्नई और आसपास के जिलों में सोमवार से हो रही भारी बारिश के कारण मृतकों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। इसके साथ ही मंगलवार को शहर और उसके आसपास के जलभराव वाले इलाकों में फंसे लोगों को बचाने के लिए नौकाओं और ट्रैक्टर का इस्तेमाल किया गया।

अधिकारियों ने बताया कि बारिश से संबंधित घटनाओं में घायल हुए 11 अन्य लोगों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। शहर भर के बारिश प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों को अंजाम देने के लिए अनेक जिला आपदा मोचन दलों (डीडीआरटी) का गठन किया गया है। शहर के बाहरी क्षेत्र में मुथियालपेट इलाके में 54 परिवारों को बचाया गया और एक महिला को उसके नवजात के साथ शहर के सालिग्रामम से एक सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया



गया। निचले इलाकों से 250 से अधिक लोगों को कोट्टूरपुरम के एक स्कूल में बनाए गये शिविर में रखा गया है। इसके अलावा, एक बस के बारिश के पानी में फंसे 22 यात्रियों को पल्लावरम के माध्यमिक स्कूल में स्थापित राहत शिविर में स्थानांतरित किया गया।

चेन्नई के अधिकांश इलाकों में मंगलवार को सुबह से बारिश का असर कम रहा, जिससे अधिकारियों को बचाव और राहत कार्य तेज करने के लिए समय मिल गया है। चेन्नई के निगम मुख्यालय में मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि राहत कार्य युद्ध स्तर पर किये जा रहे हैं। स्टालिन ने बताया कि मूसलाधार बारिश से प्रभावित चेन्नई सहित नौ जिलों में कुल 61,666 राहत शिविर स्थापित किए गए हैं, जिनमें अब तक भोजन के लगभग 11 लाख पैकेट और दूध के एक लाख पैकेट वितरित किये जा चुके हैं। चेन्नई नगर निगम ने राहत कार्यों के लिए अन्य जिलों से पांच हजार श्रमिकों को बुलाया है।

ये श्रमिक बचाव कार्य और राहत सामग्री वितरित करने के लिए उत्तरी चेन्नई के पेरियामेट और जलभराव वाले इलाकों में ट्रैक्टर और नौकाओं का उपयोग कर रहे हैं। चेन्नई में चरणबद्ध तरीकों से बिजली आपूर्ति को बहाल किया जा रहा है, उपनगरीय शहर तांबरम, अशोक नगर, कट्टुपक्कम और पेरूंगुडी सहित कई इलाकों के लोगों ने बारिश रुकने के बावजूद बिजली आपूर्ति बहाल नहीं होने की शिकायत की है। अशोक नगर निवासी मुकेश ने कहा कि इलाके की मुख्य सड़कों से पानी उतर गया है, लेकिन बिजली आपूर्ति अभी तक बहाल नहीं हुई है।

विजयवाड़ा में अपना पहला अंडर-11 राष्ट्रीय रैंकिंग खिताब हासिल करना बंगाल की युवा टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीओश्री चक्रवर्ती के लिए खुशी के साथ दर्द भी लेकर आया क्योंकि वह इस खेल से जुड़े उन 300 लोगों में शामिल हैं जो तूफान मिगजॉम के कारण आंध्र प्रदेश के इस शहर में फंसे हुए हैं। आंध्र प्रदेश के तटीय जिले बापतला में दस्तक दी जिसके कारण वहां से 80 किलोमीटर दूर विजयवाड़ा में भारी बारिश हो रही है। विजयवाड़ा में सोमवार को राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट समाप्त हुआ था।

### आंध्र प्रदेश के बापटला में तूफान ने दी दस्तक

तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में तबाई मचाने के बाद भीषण चक्रवाती तूफान माईचौंग मंगलवार दोपहर को आंध्र प्रदेश के बापटला में तट से टकरा गया। चक्रवात मिचौंग की लैंडफॉल प्रक्रिया अब से लगभग दो घंटे तक चलेगी। आंध्र प्रदेश के समुद्र तट को अब खाली करा लिया गया है।

### एनडीआरएफ की 29 टीम हुयी तैनात

चक्रवाती तूफान माईचौंग के मद्देनजर बचाव और राहत अभियान चलाने के लिए आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना और पुडुचेरी में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की कुल 29 टीम तैनात की गई हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। तमिलनाडु में एनडीआरएफ की 14 टीम (चेन्नई में पांच), आंध्र प्रदेश में 11, तेलंगाना में एक और पुडुचेरी में तीन टीम तैनात की गई हैं। एनडीआरएफ के अधिकारी ने बताया कि हमारा ध्यान आंध्र प्रदेश पर है क्योंकि चक्रवात वहां समुद्र तट से टकराएगा और हवा की तेज रफ्तार के कारण कई पेड़ एवं खंभे उखड़ सकते हैं तथा अन्य बुनियादी ढांचों को नुकसान पहुंचेगा, जिससे संचार और बिजली आपूर्ति अवरूद्ध हो जाएगी।

### डीपफेक पर सोशल मीडिया मंचों के लिए सरकार जारी करेगी परामर्श : चंद्रशेखर

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने डीपफेक और भ्रामक सूचना के मुद्दे से निपटने के लिए उठाए गए कदमों की मंगलवार को सोशल मीडिया मंचों के साथ समीक्षा करते हुए कहा कि अगले दो दिन में शत-प्रतिशत अनुपालन को लेकर परामर्श जारी कर दिया जाएगा।

सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स राज्यमंत्री चंद्रशेखर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि सोशल मीडिया मंचों को नए नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना और ऑनलाइन उपयोगकर्ताओं के विश्वास एवं सुरक्षा पर सरकार का विशेष ध्यान है। उन्होंने कहा कि भ्रामक सूचनाओं और डीपफेक पर सोशल मीडिया कंपनियों के साथ दूसरी बैठक हुई जिसमें पिछली बैठक के बाद हुई प्रगति की समीक्षा की गई। कई मंच पहली बैठक में लिए गए फैसलों का पालन कर रहे हैं और दो दिन में 100 प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए परामर्श जारी कर दिया जाएगा। इसमें किसी भी व्यक्ति को गलत ढंग से पेश करने या दिखाने के लिए कृत्रिम मेधा की मदद से डिजिटल हेराफेरी की जाती है और उसे बदल दिया जाता है। हाल ही में कुछ फिल्म कलाकारों को निशाना बनाने वाले कई डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे।

# रेवंत रेड्डी बनेंगे तेलंगाना के नये सीएम, कल लेंगे शपथ

एजेंसी

**हैदराबाद।** तेलंगाना में कांग्रेस को जीत दिलाने वाले रेवंत रेड्डी राज्य के नए मुख्यमंत्री होंगे। वे 7 दिसंबर को सीएम पद की शपथ लेंगे। कांग्रेस महासचिव वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष ने तेलंगाना विधायक दल के नए सीएलपी के रूप में रेवंत रेड्डी के नाम पर मुहर लगाई है। वे ही राज्य के नए मुख्यमंत्री होंगे। तेलंगाना के नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह 7 दिसंबर को सुबह 11 बजे होगा। कांग्रेस के दिग्गज नेता जयपाल रेड्डी के दामाद रेवंत रेड्डी ने लोकसभा चुनाव 2019 में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में मलकाजगिरी संसदीय सीट से चुनाव लड़ा था। उन्होंने टीआरएस प्रत्याशी मर्री राजशेखर रेड्डी को हराया था। अब विधानसभा चुनाव 2023 में कोडांगल और



कामारेड्डी विधानसभा सीटों से उन्होंने चुनाव लड़ा। रेवंत रेड्डी कोडांगल से तो जीत गए, लेकिन कामारेड्डी सीट से हार गए। कांग्रेस ने 64 सीटों पर जीत हासिल की थी, वहीं बीआरएस 39 सीटों पर जीत हासिल कर सकी थी। आठ सीटों पर भाजपा और छह सीटों पर एआईएमआईएम ने जीत दर्ज की थी। एक सीट पर भाकपा ने जीत हासिल की थी।

### शीतकालीन सत्र : विपक्ष ने आर्थिक विकास को नकारा सत्तापक्ष ने किया गुनगान

**नयी दिल्ली।** भारत के दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ने के आंकड़ों को विपक्ष ने खारिज करते हुये मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि संपदा का निर्माण हो रहा है लेकिन इसका समान वितरण नहीं हो रहा है और महंगाई एवं बेरोजगारी से लोग बुरी तरह प्रभावित हैं जबकि सत्तापक्ष ने संपदा के समान वितरण होने का दावा किया। टीएमसी के डेरेक ओ ब्राइयन ने कहा कि अर्थव्यवस्था को देखने का हर किसी का अपना नजरिया है लेकिन संपदा के समान वितरण से सर्वांगिण विकास संभव होगा। । भाजपा के सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि अक्टूबर में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत की चालू वित्त वर्ष में वृद्धि 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है जो विश्व में बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि 1991 में विदेशी मुद्रा भंडार एक अरब डॉलर के निचले स्तर पर पहुंचा।

# विपक्ष के विभाजनकारी एजेंडे से रहें सतर्क : मोदी

**कहा- 70 साल की पुरानी आदत इतनी आसानी से नहीं जा सकती**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को आलोचकों पर निशाना साधते हुए कहा कि वे अपने अहंकार, झूठ, निराशावाद और अज्ञानता की खुशफहमी में रह सकते हैं लेकिन लोगों को उनके विभाजनकारी एजेंडे से सावधान रहना चाहिए क्योंकि 70 साल की पुरानी आदत इतनी आसानी से नहीं जा सकती।

प्रधानमंत्री सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे। उस पोस्ट का शीर्षक था मेल्टडाउन-ए-आजम और इसमें राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा के सत्ता में आने के बाद हिंदी भाषी राज्यों में क्षेत्रीय विभाजन को भड़काने और मतदाताओं का अपमान करने



के लिए बहाने और पारिस्थितिकी तंत्र के कथित प्रयासों का हवाला दिया गया है। पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को सिर्फ तेलंगाना में जीत मिली है और इसे उसके लिए सांत्वना जैसा बताया जा रहा है। मोदी ने पोस्ट में कहा कि वे अपने अहंकार, झूठ, निराशावाद और अज्ञानता में खुश रहें। लेकिन, उनके विभाजनकारी एजेंडे से सावधान रहें। 70 साल की पुरानी आदत इतनी आसानी से नहीं छूट सकती। साथ ही, लोगों की बुद्धिमत्ता ऐसी है कि उन्हें आने वाले कई और मेल्टडाउन (तगड़े झटकों) के लिए तैयार रहना होगा। किसी पोस्ट पर प्रतिक्रिया देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की ओर से की गई यह अभिव्यक्ति लीक से हटकर थी क्योंकि उन्होंने इस जवाब में सोशल मीडिया आक्रामकता की अभिव्यक्ति वाले इमोजी भी पोस्ट किए हैं जो कि आमतौर पर ऐसा नहीं करते हैं। भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री का पोस्ट दर्शाता है कि पार्टी ने हाल के महीनों में सोशल मीडिया पर अपनी पहुंच बढ़ा दी है।

## एक नजर में

### हमास ने इजराइली महिलाओं से किया था पहले बलात्कार, फिर कर दी थी हत्या



**शिकागो।** फिलिस्तीन के दुर्दांत आतंकवादी संगठन हमास की सात अक्टूबर को इजराइल पर किए गए हमले के दौरान चौंकाने वाली बर्बरता सामने आई है। इसकी गूंज कल (सोमवार) संयुक्त राष्ट्र में सुनाई पड़ी। अमेरिका के प्रमुख अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार हमास के यौन उत्पीड़न के शिकार जीवित बचे लोगों की पीड़ा से मानवाधिकार कार्यकर्ता नाराज हैं। इसकी वजह यह है कि हमास ने कथित तौर पर इजराइल से संघर्ष के दौरान बंधक बनाई गई इजराइली महिलाओं का युद्ध के हथियार के रूप में बलात्कार के रूप में इस्तेमाल किया। संयुक्त राष्ट्र और शिकागो में अधिवक्ताओं ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका और दुनिया भर में प्रमुख महिला अधिकार संगठनों की सात अक्टूबर को हुई यौन हमलों की संख्या पर चुप्पी खतरनाक है। शिकागो में यौन उत्पीड़न से बचे लोगों की पैरोकार वकील जूली स्मोलेन्स्की कहती हैं- 'मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि दुनिया बचे लोगों से मुंह मोड़ लेगी, जब अपराधियों ने अपनी हिंसा को इतनी खुशी से रिकॉर्ड किया और इसे दुनिया के साथ साझा किया।

### पाकिस्तानी युवती शादी करने भारत पहुंची



**चंडीगढ़।** कोलकाता निवासी व्यक्ति से शादी करने के लिए एक पाकिस्तानी युवती ने मंगलवार को वाघा-अटारी अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर भारत में प्रवेश किया। दोनों की शादी अगले साल जनवरी में होने वाली है। कराची की रहने वाली जावेरिया खानुम ने अमृतसर जिले में अटारी से भारतीय सीमा में प्रवेश किया, जहां उनके मंगेतर समीर खान और उनके परिवार के कुछ सदस्यों ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया। पूर्व में, खानुम की दो वीजा अर्जियां रद्द होने और कोविड महामारी के कारण शादी करीब पांच साल टलने के बाद उन्हें 45 दिनों का वीजा प्रदान किया गया है। अटारी में जोड़े ने कहा कि शादी अगले साल जनवरी में होगी। खानुम ने कहा कि मुझे 45 दिनों का वीजा दिया गया है। यहां आकर मैं बहुत खुश हूं। यहां पहुंचते ही, मुझे काफी प्यार मिला। जनवरी के पहले सप्ताह में शादी होगी।

### रूसी सेना के डिप्टी कमांडर की यूक्रेन में मौत

**मॉस्को।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग के बीच, रूस के 14वीं आर्मी कोर के डिप्टी कमांडर मेजर जनरल व्लादिमीर जावादस्की के यूक्रेन में मारे गए। रूस ने सोमवार को इसकी पुष्टि की है। रूस के वोरोनेज रीजन के गवर्नर अलेक्जेंद्र गुसेव ने बताया कि मेजर जनरल व्लादिमीर जावादस्की की मौत हो गई है। गवर्नर ने इसे भारी क्षति बताते हुए कहा, वह एक अनुशासित अधिकारी थे, जो टैंक कमांडर भी रहे हैं। यूक्रेन युद्ध दूसरे वर्ष के अंत में पहुंच गया है, जिसे रूस विशेष सैन्य अभियान नाम देता है। खोजी न्यूज आउटलेट आइस्टोरीज के अनुसार, युद्ध शुरू होने के बाद से जावादस्की सातवें मेजर जनरल हैं, जिसकी रूस ने मरने की पुष्टि की है। कुल मिलाकर युद्ध शुरू होने के बाद से 12 वरिष्ठ अधिकारियों की मौत हुई है। सैन्य विश्लेषक इसे यूक्रेन की सफलता के रूप में देखते हैं। यूक्रेनी एयर फोर्स ने सोमवार को कहा कि रात में रूस की ओर से 23 ड्रोन व एक क्रूज मिसाइल दागी गई। दावा किया कि इसमें से 18 ड्रोन व मिसाइल को लक्ष्य तक पहुंचने से पहले यूक्रेनी एयर डिफेंस सिस्टम ने मार गिराया। टेलीग्राम एप पर कहा कि नौ रीजन में एंटी-एयरक्राफ्ट डिफेंस तैनात है।

### पाक : स्कूल के बाहर विस्फोट, सात घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मंगलवार को एक स्कूल के बाहर हुए विस्फोट में चार बच्चों सहित सात लोग घायल हो गए। बचाव दल ने यह जानकारी दी। जिला आपातकालीन अधिकारी नवीद अख्तर ने बताया कि यह घटना प्रांतीय राजधानी पेशावर में हुई, जहां आज एक स्कूल के पास सड़क के किनारे विस्फोट हो गया। इसमें सात लोग घायल हो गए।

### कोलकाता भारत का सबसे सुरक्षित शहर

**कोलकाता।** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि कोलकाता लगातार तीसरे साल भारत में सबसे सुरक्षित शहर बनकर उभरा है। महानगरों में प्रति लाख आबादी पर दर्ज संज्ञेय अपराध के सबसे कम मामले कोलकाता में आए। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, कोलकाता में 2022 में प्रति लाख लोगों पर संज्ञेय अपराध के 86 .5 मामले दर्ज किए गए। इसके बाद पुणे (280 .7) और हैदराबाद (299 .2) का स्थान रहा। संज्ञेय अपराध वे होते हैं जिनके लिए भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और एसएलएल (विशेष और स्थानीय कानून) की धाराओं के तहत मामले दर्ज किए जाते हैं। एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक, कोलकाता में 2021 में प्रति लाख लोगों पर संज्ञेय अपराध के 103 .4 मामले दर्ज किए गए थे, जो इस साल घटकर 86 .5 हो गए। 2020 में यह आंकड़ा 129 .5 था। वर्ष 2021 में, पुणे और हैदराबाद में प्रति लाख जनसंख्या पर क्रमशः 256 .8 और 259 .9 संज्ञेय अपराध दर्ज किए गए थे। बीस लाख से अधिक आबादी वाले 19 शहरों के बीच तुलना के बाद रैंकिंग जारी की गई।

### अब कैब सेवा देगी रैपिडो

**नयी दिल्ली।** ऑनलाइन वाहन बुक करने की सुविधा देने वाली रैपिडो ने अब कैब सेवा क्षेत्र में कदम रखा है। इस तरह, कंपनी अब ओला और उबर जैसी कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करेगी। अबतक बाइक टैक्सी सेवा दे रही रैपिडो के सह-संस्थापक पवन गुंटुपल्ली ने मंगलवार को कहा कि कंपनी ने दिल्ली और आसपास के शहरों, हैदराबाद और बेंगलुरु में लगभग 1.2 लाख कैब के साथ सेवा शुरू की है।

सितंबर, 2024 तक इसका विस्तार लगभग 35 शहरों तक करने की योजना है। गुंटुपल्ली ने कहा कि हम शून्य कमीशन मॉडल के साथ, उनके राजस्व को इस तरह से अधिकतम करेंगे कि यह उपयोग करने वालों पर बोझ न बने। वाहन चालकों को ग्राहकों से सीधे राशि मिलेगी और रैपिडो कोई कमीशन नहीं लेगी। हालांकि, कमाई का एक निश्चित स्तर पार करने के बाद उन्हें सदस्यता शुल्क देना होगा।

# सेंसेक्स 69,000 अंक के पार

## शेयर बाजार में तेजी जारी, निफ्टी ने बनाया नया रिकॉर्ड

**सूचीबद्ध कंपनियों का मार्केट कैप 350 लाख करोड़ पहुंचा**

**मुंबई।** शेयर मार्केट में लगातार मंगलवार को तेजी जारी रही। बीएसई सेंसेक्स 431 अंक उछलकर नये रिकार्ड स्तर पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। बिजली समेत अन्य कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 431.02 अंक यानी 0.63 प्रतिशत की बढ़त के साथ नये रिकॉर्ड स्तर 69,296.14 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 168.50 अंक यानी 0.81 प्रतिशत की तेजी के साथ अबतक के उच्चतम स्तर 20,855.30 अंक पर बंद हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का



बाजार पूंजीकरण मंगलवार को 2.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक बढ़कर 350 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। विश्लेषकों ने कहा कि पिछले सप्ताह जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) और अन्य महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़ों के बेहतर रहने से जो सकारात्मक धारणा बनी थी, उसे विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह तथा विधानसभा चुनावों के नतीजों से और मजबूती मिली। तीन राज्योंङ्मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के नतीजों से देश में राजनीतिक स्थिरता की उम्मीद बढ़ी है। सेंसेक्स की कंपनियों में पावर ग्रिड 4.46 प्रतिशत, एनटीपीसी 3.89 प्रतिशत, एसबीआई 2.31 प्रतिशत और आईसीआईसीआई बैंक 2.28 प्रतिशत मजबूत हुए। लाभ में रहने वाली अन्य कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन और मारुति शामिल हैं। दूसरी तरफ हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस 1.49 प्रतिशत तक नुकसान में रहे।

# फिल्म डंकी का ट्रेलर रिलीज

एजेंसी

**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' और 'पठान' दोनों ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। यह साल शाहरुख के लिए बेहद खास है क्योंकि इन दो ब्लॉकबस्टर फिल्मों के बाद किंग खान की अब एक और फिल्म आने वाली है। शाहरुख खान और राजकुमार हिरानी की फिल्म 'डंकी' पिछले कुछ दिनों से चर्चा में है। फिल्म के दो गाने और एक छोटा सा टीजर रिलीज होने के बाद से ही दर्शक इसके ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं लेकिन अब इंतजार खत्म हो गया और फिल्म 'डंकी' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। शाहरुख के फैंस और फिल्म प्रेमी इस ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। तीन मिनट का यह ट्रेलर कॉमेडी और इमोशन से भरपूर है। फिल्म में पंजाब प्रांत के लालतू गांव के हार्डी और उसके चार दोस्तों की



कहानी है, जो पंजाब छोड़कर लंदन जाना चाहते हैं। ट्रेलर से साफ है कि बल्ली, बग्गू, सुखी, मन्नू और हार्डी की दोस्ती की यह कहानी राजकुमार हिरानी की 'डंकी' के जरिए पेश की गई है। इस ट्रेलर में राजकुमार हिरानी ने इन पांचों दोस्तों के लंदन जाने के सपने, इसके लिए अपनाए गए गैरकानूनी रास्ते और उनके सामने आने वाले संकट की झलक भी दिखाई है। ट्रेलर के डायलॉग से साफ है कि यह फिल्म राजकुमार हिरानी के खास हाथों में होगी।

VERMA PRESS ® वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar II | ₹ 120 | English Grammar- II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

# लम्बे घने और चमकदार बाल पाने का नेचुरल तरीका



`लेकिन अच्छे बाल रखने का सपना अवश्य साकार हो सकता है और इसके लिए आपको सही जानकारी चाहिए साथ ही उसे अपनाने का जज्बा होना चाहिए` यहां पर कुछ ऐसी टिप्स और तरीके बताए जा रहे हैं जो आपके बालों को नेचुरल तरीके से बढाएगा और साथ ही खूबसूरत भी बनाएगा`

अपने बालों को हमेशा और रेगुलर इंटरवेल पर ट्रिम कराते रहना चाहिए` बालों के डेड किनार उनके सबसे बड़े दुश्मन होते हैं`

यदि आप चाहें तो लंबे, चमकदार और हेल्दी बाल बड़ी आसानी से पाए जा सकते हैं` लेकिन इसके लिए आपको अपने बालों की थोड़ी केयर करनी होगी और नीचे दिए गए नेचुरल हेयर केयर टिप्स को अपनाना होगा। हर महिला की यह चाहत होती है, कि उसके बाल लंबे, घने, मजबूत, चमकदार और सुंदर हो` बालों को मेंटेन रखना और इन्हें अच्छी तरह से रखना एक चैलेंज होता है और तब और अधिक जब हमारी लाइफ स्टाइल अव्यवस्थित हो, प्रदूषण हो और खाने-पीने की आदतें अच्छी ना हो रेगुलर बालों की ट्रिमिंग होते रहने से दो मुंहे बालों की समस्या नहीं होती और बालों का गिरना भी कम हो जाता है` दो मुंहे बाल आपके बालों की लंबाई को ही नहीं प्रभावित करते, बल्कि यह उनकी चमक यानी रेङ्कङ्मइँल्ली२२, और घने पन को भी कम कर देते हैं` इसलिए यह हमेशा याद रखें कि एक माह में बालों को ट्रिम कराने से इनकी नेचुरल ग्रोथ बढयिा होती है

आपके बाल जो कंधे से नीचे हैं, वह कई साल पुराने होते हैं` इसलिए इन्हें अधिक पोषण और केयर की जरूरत होती है।



# फलों के छिलकों और टमाटर से सौंदर्य कैसे निखारें

आप यह जानकर आश्चर्य करेंगे कि फलों के छिलकों और टमाटर सुन्दरता के लिए कितने फायदेमंद होते है यहाँ इस आर्टिकल में आज हम आपको इनके बारे में बतायंगे इनमे से कुछ सरल और सफल प्रयोगों का विवरण यहां प्रस्तुत किया जा रहा है।

फल-सब्जियों के छिलकों को हम बेकार समझकर फैंक देते है, जबकि ये छिलके भी स्वास्थ्य और सौंदर्य संबंधी अनेक समस्याओं को दूर कर सकते है आयुर्वेद में सौंदर्यवर्द्धन हेतु छिलकों के प्रयोग की पुरानी परंपरा रही है।

**झाइयों को खत्म करें संतरे और नींबू के छिलकों से :** संतरे और नींबू के छिलकों को सुखाकर महीन पीस लें इस चूर्ण में गाय का कच्चा दूध और थोड़ा गुलाबजल मिलाकर चेहरे पर उबटन की भांति लगाऐं सूख जाने पर ताजे पानी से चेहरे पर धो लें इस प्रयोग से चेहरे पर पड़ी झाइयां मिट जाती है

**अनार और संतरे के छिलकों से मुहांसे का खात्मा :** अनार और संतरे के छिलकों को हल्दी के साथ पीस लें इसमें थोड़ा-सा नींबू का रस मिलाकर चेहरे पर नियमित लगाने से मुहांसों में काफी लाभ मिलता है

**काली त्वचा को गोरा बनायें नीबू से :** रस निकालने के बाद नींबू के छिलकों को फेंके नहीं कोहनी, घुटनों, उंगलियों के पोर और तलवों पर इन्हे रगड़ें इससे इन स्थानों पर जमी मैल आसानी से साफ हो जाती है और यहां की त्वचा भी कोमल हो जाती है

**जलने के निशान मिटायें पपीते से :** अक्सर महिलाएं किचेन में खाना बनाते समय जल जाती हैं और उसके निशान पड़ जाते हैं` इन निशानों पर पपीते के छिलकों को रगड़ने से ये धीरे-धीरे मिट जाएंगे

**संतरे एवं नींबू के छिलकों से पायें स्वस्थ बाल :** संतरे एवं नींबू के छिलकों का चूर्ण आंवले डाले हुए पानी में मिलाकर बालों को धोने से, बालों की रूसी खत्म हो जाती है और लंबे व घने बनते हैं। इसका लगातार प्रयोग लाभकारी होता है।

**नाखूनों को बनायें दागरहित :** कई महिलाओं के नाखून गंदे और चमकरहित होते हैं, जो देखने में काफी बदसूरत लगते हैं। इन पर नींबू के छिलकों को नाखूनों पर रगड़ने से ये दागरहित, स्वच्छ और चमकीले हो जाते है इसलिए आप जब भी नीबू का प्रयोग करे तो छिल्के इस काम में लायें।



**दांतों की चमक बढ़ाएं नींबू के छिलकों से :** इसी तरह दांतों को चमकाने के लिए नींबू के छिलकों को सप्ताह में एक-दो बार दांतों पर रगड़ें साथ ही इसके छिलके को सुखा एवं पीसकर इसमें थोड़ा-सा पिसा हुआ नमक मिलाकर इसे मंजन की भांति भी इस्तेमाल कर सकती है इससे दांत के कीड़े भी दूर होते हैं। ध्यान रहे कि नींबू यों भी दांतों और मसूड़ो के स्वास्थ्य के लिए उत्तम माना गया है।

## जाने आपकी त्वचा कैसी है?

- टमाटर में त्वचा संबंधी कई प्रकार के विटामिन, साइट्रिक एसिड, खनिज, क्षार आदि मौजूद होने के कारण टमाटर एक प्रकार का सौंदर्यवर्धक है, जिसे नीचे दिए गए तरीकों से प्रयोग करके सौंदर्य में निखार लाया जा सकता है
- टमाटर के सूप में काली मिर्च डालकर नियमित पीने से कब्जियत दूर होती है, जिससे चेहरे पर चमक और शरीर मे चुस्ती बरकरार रहती है।
- टमाटर दूषित रक्त का शोधन करते है तथा चेहरे की त्वचा को गुलाबी आभा प्रदान करते है।
- टमाटर का जूस पीने से बाल चमकदार होते है बड़े टमाटर की मोटी-मोटी फांके काट कर गालों और आंखों के नीचे रखने से झाइयां और आंखों के काले घेरे हमेशा के लिए मिट जाते है।
- सावधानी झ टमाटर गुणकारी होने के बावजूद अत्यधिक मात्रा में सेवन करने से शरीर को हानि पहुंचाते है टमाटर ही क्या प्रत्येक चीज की अति खराब होती है जैसे झ पथरी के रोगियों को टमाटर का सेवन नहीं करना चाहिऐ अगर आप टमाटर के लाभ उठाना ही चाहते है तो आपको



# सर्दियों में शरीर को कैसे रखें गर्म

सर्दियों का मौसम भला किसे सुहाना नहीं लगता इस मौसम की खूबसूरती मन को मोह लेती है` लेकिन बदलते मौसम का सीधा असर हमारे शरीर पर पड़ता है इस मौसम में सर्द हवाओं से खुद को बचाने के लिए हम गरम कपड़ो का सहारा लेते है` गरम कपड़े हमें गरम तो रखते है लेकिन ये सिर्फ बाहर से गर्मी प्रदान करते हैं` जबकि सिर्दयों में खुद को अंदर से भी गरम रखना जरूरी है। शरीर को अंदर से गर्म रखने के लियें हमें उचित खाद्यपदार्थ लेने चाहिए सिर्दयों में नियमित आहार के आलावा कुछ अन्य खाद्यपदार्थो का सेवन भी जरूरी है, जो शरीर को गर्म रखने में मदद करते हैं इससे सर्दी को सहन करने कि छमता मिलती है डाइटीशियन के मुताबिक, हम अपने खानपान में ध्यान देकर सिर्दयों में शरीर को गर्म रख सकते हैं अपने खाने में ऐसें खाद्यपदार्थो को शामिल करे, जिनमे भरपूर मात्रा में पोषक तत्व हों और जो शरीर को गर्मी प्रदान करे। सिर्दयों में हम अपने भोजन में इन चीजों को शामिल कर सकते हैं

## सूखे मेवे का सेवन करें

सूखे मेवे में भरपूर मात्रा में पौष्टिक तत्व होते हैं ये शरीर को उर्जा प्रदान करते हैं सिर्दयों में सुबह नाश्ते के साथ थोड़े से सूखे मेवे लेने से शरीर में गर्मी का संचार होता है बादाम, काजू, अखरोट, मुनक्का ये सारे मेवे सिर्दयों में आपके शरीर को अंदर से गरम रखने का काम करते हैं बच्चों को भी आप मेवे का सेवन करा सकते हैं लेकिन छोटे बच्चों को बादाम खिलाने से पहले उसे पानी में भिगो दें` इससे बादाम में मौजूद गर्मी, पानी के माध्यम से निकल जाती है` मेवे को आप हर मौसम में खा सकते हैं` आप चाहें तो मेवे को बारीक-बारीक काट कर भुनी हुयी सूजी के साथ सेवन कर सकते हैं।

## नौनवेज का सेवन करने वाले इसका सेवन करें

अगर आप नौनवेज भोजन का सेवन करतें हैं, तो सिर्दयों में अपने आहार में चिकन, मटन, अंडा व फिश आदि शामिल कर सकते हैं` इनमे भरपूर मात्रा में प्रोटीन होता है` यह खाद्यपदार्थ, शरीर को भरपूर गरमी प्रदान करते हैं। अंडे को आप उबाल करके व आमलेट बना कर खा सकते हैं बच्चो को आप अंडा उबाल कर दें तो अच्छा रहता है। देशी मुरगी का अंडा शरीर को अधिक गर्मी प्रदान करता है ये हल्के गुलाबी रंग का होता है ।

## सूप का सेवन करें

अगर आप दोपहर या रात के खाने में सूप का इस्तेमाल करें तो यह भी आपको गर्मी प्रदान करता है। आप फिश ,चिकन मटन का सूप दोपहर या रात के खाने के समय ले सकते हैंअगर आप शाकाहारी है, तो सूप का सेवन कर सकते हैं पालक के सूप में टमाटर, लहसन, अदरक आदि मिक्स करके सूप को और ज्यादा टेस्टी बना सकते हैं। इसी तरह से आप अन्य सब्जियों का सूप भी ले सकते हैं ।

## आंवला का सेवन

आंवला शरीर को गर्म रखता है आंवले को आप मुरब्बे के रूप में भी सेवन कर सकते हैं` इसके अलावा आंवले का अचार, जूस व आंवले की कैंडी बना कर सेवन कर सकते हैं ।

## पंजीरी के लड्डू

पंजीरी के लड्डू शरीर को ताकत और गर्मी देते हैं खाना खाने के बाद आप पंजीरी के लड्डू को स्वीट डिश के रूप में ले सकते हैं। सर्दियों में मेथी के लड्डू व हलवा शरीर को गर्मी व ताकत प्रदान करते है आप एक दिन में एक लड्डू का सेवन कर सकते है। यह सर्दी से बचाव का अच्छा उपाय है। अगर आप अधिक शारीरिक काम करते हैं, तो 2 लड्डू भी खा सकते हैं। अगर आप दिन भर ऑफिस में बैठ कर काम करते हैं तो 1 लड्डू ही आपके लिए पर्याप्त होगा।

## तिल की पंजीरी

तिल काफी गरम होता है तिल का सेवन आप पंजीरी के रूप में कर सकते हैं आटा, तिल व बूरा को मिला कर पंजीरी बना कर इसे एक मर्तबान में रख लें` रोजाना इसका सेवन आपके स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है।

# गर्म चाय से आपके सेहत को हो सकता है नुकसान



चाय, एक ऐसा पेय, जो हम हिंदुस्तानियों की दिनचर्या का अहम हिस्सा बन गया है। अधिकतर लोगों के लिए हर दिन की शुरुआत सुबह की चाय के साथ होती है। अगर आप भी चाय पीने के शौकीन हैं तो हाल ही में हुए शोध पर आधारित यह खबर आपके लिए है। नियमित रूप से चाय पीने वाले लोगों का दिमाग चाय नहीं पीने वाले लोगों की अपेक्षा ज्यादा तंदुरुस्त रहता है। ये तो हो गई फायदे की बात, लेकिन अक्सर गर्म चाय पीना हमारी सेहत को भारी नुकसान भी पहुंचा सकता है।सिंगापुर में हुए एक शोध में ऐसा दावा किया गया है कि नियमित रूप से चाय पीने वाले लोगों का दिमाग, चाय नहीं पीने वाले लोगों की तुलना में ज्यादा तेज काम करता है। पूर्व में भी हुए कई शोधों में ये बात प्रमाणित हो चुकी है। दरअसल, दिमाग के प्रत्येक हिस्से का व्यवस्थित रहना स्वस्थ संज्ञानात्मक क्रिया यानी कि दिमाग की प्रतिक्रिया से जुड़ा हुआ है।नेशनल यूनिर्वसिटी ऑफ सिंगापुर के असिस्टेंट प्रोफेसर फेंग लेई की अगुवाई में शोधार्थियों ने इन परिणामों तक पहुंचने के लिए 36 उम्रदराज लोगों के न्यूरोइमेजिंग डाटा को खंगाला। यह अध्ययन 2015 से लेकर 2018 के बीच 60 साल और उससे अधिक उम्र वाले 36 बुजुर्गों पर किया गया जिसमें उनकी सेहत संबंधी डाटा जुटाया गया।फेंग लेई ने कहा कि हमारे परिणाम मस्तिष्क के ढांचे पर चाय पीने से पड़ने वाले सकारात्मक योगदान की पुष्टि करते हैं। इससे साबित होता है कि नियमित रूप से चाय पीना दिमागी तंत्र में उम्र के कारण आने वाली गिरावट से भी बचाता है।चाय को लेकर पहले भी कई शोध हो चुके हैं। पूर्व के शोधों में यह बात साबित हो चुकी है कि चाय पीना कई दृष्टिकोण से सेहत के लिए फायदेमंद है। यह न केवल हमारे मूड/मिजाज में सुधार करता है, बल्कि हृदय और नसों संबंधी बीमारी से भी बचाता है।आम तौर पर लोगों को चाय-कॉफी वगैरह गर्म पीने का शौक होता है, लेकिन यह आपकी सेहत पर भारी पड़ सकता है। जानकर हैरानी होगी, लेकिन शोध के जो परिणाम आए हैं, उनके अनुसार गर्म चाय पीने वाले लोगों के साथ कैंसर की समस्या पैदा हो सकती है। ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में प्रकाशित शोध में बताया गया है कि गर्म चाय या कॉफी पीने से इसोफेगल यानी खाने की नली का कैंसर होने का खतरा रहता है।दरअसल, गर्म पेय हमारे गले के ऊतकों को काफी नुकसान पहुंचाती है। हर दिन नियमित रूप से 75 डिग्री सेल्सियस या इससे अधिक गर्म चाय पीने वालों में इसोफेगल कैंसर का खतरा दोगुना हो जाता है। इसलिए चाय को बहुत गर्म पीने की बजाय थोड़ा ठंडा कर के पीना ज्यादा अच्छा होता है।

# त्वचा का कालापन से पा सकते हैं छुटकारा



अकसर गरदन, टखने, घुटने और कोहनियों का कालापन आसानी से नहीं जाता है । कुछ क्लींजर, ब्लीच, स्क्रब और पैक का नियमित इस्तेमाल करके इस समस्या को दूर किया जा सकता है ।

## त्वचा की सफाई

- दूध व नीबू का रस मिलाएं और साफ त्वचा पर लगा कर 2 मिनट तक रखें` फिर रुई के फाहे को गीला करके निचोड़ें और उससे हल्के हाथ से मलते हुए त्वचा को साफ करें`
- नीबू के रस को दही में मिला कर त्वचा पर लगाएं और हल्का सूखने पर रुई के फाहे को गीला करके निचोड़े । त्वचा पर हल्के हाथ से मलते हुए पोंछ लें ।

## दोरंगी त्वचा

खीरे का रस हर तरह की त्वचा के लिए फायदेमंद है । खीरे के स्लाइस को गुलाबजल में डुबो कर फ्रिज में रख कर ठंडा कर लें फिर साफ चेहरे पर रखें । आंखों पर भी रख सकती हैं, इनके नीचे के काले घेरे भी दूर होंगे । त्वचा ऑइली है, तो खीरे के स्लाइस पर 2 बूंदें नीबू के रस की भी डाल सकती हैं ।

## गोरी रंगत के लिए स्क्रब

- 1 छोटा चम्मच बादाम का पेस्ट, 1 छोटा चम्मच मलाई, 1 छोटा चम्मच सूरजमुखी का तेल, 1 छोटा चम्मच गुलाबजल, 1/4 कप मसूर की दाल का पेस्ट, सभी को मिला कर पेस्ट बनाएं । इसे चेहरे पर लगाएं और 5 मिनट के बाद हल्के हाथ से धो लें । सूरजमुखी के तेल की जगह आप असेंशियल ऑइल की कुछ बूंदें भी मिला सकती हैं ।
- 5-6 बादाम का पेस्ट, 1/2 कप क्रीम, 2 बड़े चम्मच तिल का तेल और 1 छोटा चम्मच सूखे संतरे के छिलके का पाउडर लें । इसका पेस्ट बनाएं और चेहरे पर लगाने के बाद 15 मिनट बाद धो लें ।
- 1 कप जौ का आटा, 1 कप दही और खीरे का रस सभी सामग्री को मिला कर पेस्ट बना कर 10 मिनट तक लगाएं । स्क्रब करके धो लें ।

## गरदन, कोहनी और टखने की त्वचा

- तुलसी त्वचा को स्वस्थ और चमकीला रखने में कारगर है । तुलसी का पेस्ट बेसन और दही में मिला कर साफ त्वचा पर लगाएं और 20 मिनट के बाद धो लें । ऐसा हफ्ते में 2 बार भी करें, तो कोहनियां साफ हो जाएंगी ।
- संतरे के छिलकों के बारीक पाउडर में थोड़ा शहद व मलाई मिला कर हफ्ते में 2 बार इसका प्रयोग करें । कुछ ही दिनों में त्वचा पर इसके नतीजे नजर आएंगे ।
- मलाई में 1 चम्मच सेब या मूली का रस मिला कर लगाएं । त्वचा की झांइयां व सांवलापन ठीक हो जाता है ।
- मुलतानी मिट्टी, जौ का आटा, संतरे का पाउडर व मलाई का मिश्रण गरदन और घुटनों की त्वचा के रंग को निखारता है ।
- संतरे के रस में भिगोयी हुई चने की दाल को दूध में पीस कर उबटन लगाने से रंग में निखार आता है ।
- 1 बड़ा चम्मच बेसन व 3 बड़े दूध को मिला कर पेस्ट बना लें । इस पेस्ट को रोज लगाने से कालापन दूर होता है ।
- 1/2 कप सूजी, 2 बड़े चम्मच दही, 1 छोटा चम्मच शहद, 1 बड़ा चम्मच पपीते के पल्प मिलाएं । इसमें मौजूद विटामिन बी कोशिकाओं को पुनर्जीवित करता है । त्वचा की रंगत निखरती है।